व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं। गलत तरीकों से सफल होने से कई गुना बेहतर है, सही तरीके अपनाकर असफल हो जाना।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष : 09 | पृष्ठ : 12 | अंक : 300 | रांची, बुधवार, 01 मई 2024 | मूल्यः 2 रु. | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




# कांग्रेस ने सालों तक पिछड़ों और दलितों के साथ धोखा किया : पीएम मोदी



सोलापुर। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में एक चुनावी सभा को संबांधित करते हुए कहा कि दलित और पिछड़ों के साथ कांग्रेस ने सालों से धोखा किया है। उनसे झूठ बोलकर उन्हे गुमराह किया गया है। अब सच्चाई सामने आ गई है तो बौखला गए हैं। आपने देखा होगा कि ये लोग सिर्फ मोदी को गाली दे रहे हैं, इनके पास चुनाव में कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। कांग्रेस ने दशकों तक एससी, एसटी और ओबीसी से जिस तरह विश्वासघात किया है, उसके चलते ये लोग उससे नाराज हैं।

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के 60 सालों के राज में सबसे ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी के परिवारों की ही सबसे ज्यादा हालत खराब रही। गांवों के बाहर झुग्गियों में रहने वाले लोग आखिर कौन हैं? हमारे दलित समुदाय के लोग ही हैं। आज उन लोगों को पहले लाभ मिल रहा है, जो दशकों से पिछड़े हुए थे। हम मानते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार उन लोगों का है, जो आखिरी पंक्ति में हैं। महात्मा गांधी भी ऐसा ही कहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि मुफ्त राशन, बिजली, गैस सिलेंडर और आवास जैसी जरूरतें इन्हीं वर्गों की सबसे ज्यादा थीं।

उन्होंने कहा कि अब ये लोग झूठ फैला रहे हैं कि संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। मैं पहले ही कह चुका हूं कि खुद बाबासाहेब आंबेडकर चाहें तो संविधान को बदल नहीं सकते। सैकड़ों सालों तक जिनके साथ अन्याय हुआ, हमारे पूर्वजों ने पाप किए होंगे। मेरे लिए यह प्रायश्चित का अवसर है। इसलिए आरक्षण को जितनी ताकत मैं दे सकता हूं, उसके लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं आज ज्यादा से ज्यादा सीटें इसलिए मांग रहा हूं कि एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में खेल न हो सके। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने आरक्षण का बड़ा हिस्सा माइनॉरिटी को देने का खेल खेला है। इसलिए आपसे मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं कि मोदी की मजबूत करो।

इसलिए हम उन योजनाओं को लाए और बिना किसी भेदभाव के लागू किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि इन स्कीमों से जोड़ने के लिए हमारी समाज घर-घर पहुंची है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कमजोर आर्थिक वर्ग को मिलने वाले ईडब्ल्यू आरक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों का हक मारे बिना ही सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण दिया। इसके खिलाफ कहीं कोई हिंसा नहीं हुई बल्कि दलित नेताओं ने भी स्वागत किया।

## अमित शाह ने विपक्ष के एक-एक दावे को किया खारिज बोले- आरक्षण खत्म करने के दावे निराधार

गुवाहाटी(ईएमएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा है कि आरक्षण खत्म करने के दावे पूरी तरह निराधार है। शाह ने असम में पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि विपक्ष का आरक्षण खत्म करने वाली बात निराधार है। उन्होंने आगे कहा आप सभी जानते हैं कि 7 चरणों में होने वाले चुनाव के 2 चरण समाप्त हो चुके हैं। इन दो चरणों के बाद हमारी पार्टी के आंतरिक मूल्यांकन के हिसाब से भाजपा और साथी दल मिलकर 100 के आगे निकल चुके हैं। और हम बड़े विश्वास के साथ जनता के आशीर्वाद और समर्थन से 400 पार के हमारे लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं।अमित शाह ने आगे कहा कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता के बीच में भ्रांति पैदा करना चाहती है। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भाजपा एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण की समर्थक है और हमेशा इसके संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर किसी राजनीतिक दल में अगर डाका डाला है, तो वो कांग्रेस पार्टी ने डाला है। सबसे पहले उन्होंने संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया, जिसके कारण ओबीसी का रिजर्वेशन कटा. उसके बाद कर्नाटक में उन्होंने रातों-रात बिना किसी सर्वे, पिछड़ापन तय किए बगैर सारे मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी में डालकर उनके लिए 4 प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी पिछड़ा वर्ग का रिजर्वेशन कटा है। आगे कहा कि असम, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि सभी राज्यों में हमे बहुत बड़ी चुनावी सफलता मिल रही है। इसके साथ-साथ दक्षिण भारत में भी भाजपा को बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। कुछ दिन से कांग्रेस ने हमारे 400 पार के लक्ष्य को ट्वीस्ट करना शुरू किया है।

# केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के मामले में गुजरात से दो लोग गिरफ्तार



अहमदाबाद ।एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री और गांधीनगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अमित शाह के फेक वीडियो मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने अमित शाह के वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। साइबर क्राइम ब्रांच ने इस मामले में सतीश वणसोल और आरबी बारैया नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वीडियो कहां एडिट किया गया, इसकी जांच शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने फेक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया था। यह वीडियो तेलंगाना की सार्वजनिक सभा का एडिटिंग वर्जन है। आरोपी सतीश वणसोल बनासकांठा जिले के पालनपुर का मूल निवासी है। जबकि राकेश बारैया दाहोद का रहनेवाला है। फिलहाल दोनों के मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए एफएसएल भेजा जाएगा।

गिरफ्तार दो आरोपियों में सतीश वसाणी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का निजी सचिव है, जबकि आरबी बारैया आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ता है। हांलाकि किसके कहने पर वीडियो को एडिट किया गया और बाद में उसे फेसबुक और वॉट्सएप पर वायरल किया गया, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिली। बता दें कि फेक वीडियो के मामले में तीन अलग अलग राज्यों में एफआईआर दर्ज की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने मप्र बार काउंसिल अवमानना कार्रवाई मामले में दिया स्टे

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इस मामले में स्टे दे दिया है। इससे पहले मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और बार काउंसिल के अन्य सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा था, जिस पर पीठ ने संज्ञान लिया है।

मामले की सुनवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डबल बैंच ने याचिकाकताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अन्य की बात सुनने के बाद स्थगन आदेश दे दिया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर स्टे देने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 15 जुलाई 2024 को नियत करने को कहा है। इससे पहले याचिकाकताओं की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि मप्र बार काउंसिल अध्यक्ष और सदस्यों को आपराधिक अवमानना नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि व्यक्तिगत सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही हटा दी गई, हाईकोर्ट उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रही है। उन्होंने शीर्ष अदालत को बताया कि उपरोक्त व्यक्ति और प्रत्येक याचिकाकर्ता पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं और इस न्यायालय के समक्ष भी बिना शर्त माफी मांगने को राजी हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता तन्खा की दलील पर सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने अगले आदेश तक आपराधिक अवमानना पर रोक लगाए जाने का आदेश पारित कर दिया।

### दिल्ली में लगे यासीन मलिक और मनमोहन सिंह के पोस्टर, कांग्रेस निशाने पर

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह के पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली में बीजेपी आईटी सेल ने इस पोस्टर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर दिया, जिसके बाद कांग्रेस एक बार फिर निशाने पर आ गई है। दिल्ली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर इस पोस्टर को हटा दिया है।

# नौसेना के नए चीफ बने दिनेश त्रिपाठी

नई दिल्ली। एजेंसी

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नेवी के 26वें चीफ के तौर पर पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एडमिरल आर हरि कुमार की जगह ली है। पदभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत में योगदान के लिए भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के स्पेशलिस्ट माने जाने वाले एडमिरल दिनेश त्रिपाठी अब तक नेवी के वाइस चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

एडमिरल त्रिपाठी को दिल्ली में नेवी चीफ का पदभार सौंपा गया। 60 साल के एडमिरल त्रिपाठी त्रिपाठी 39 साल से नौसेना में हैं। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना एकजुट और विश्वसनीय फोर्स के रूप में डेवलप हुई है। इसके लिए मैं नौसेना के सभी पूर्व प्रमुखों का धन्यवाद करता हूं। मेरी प्राथमिकता हमारे ह्यूमन रिसोर्सेस को पहले से और भी ज्यादा कुशल बनाना है।

# राजस्थान के सीएम बीजेपी उम्मीदवार ढूल्लू महतो के प्रचार के लिए धनबाद पहुंचे कहा:झारखंड के सभी चौदह सीटों पर होगा बीजेपी का कब्जा

धनबाद। एजेंसी

धनबाद । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज धनबाद पहुंचे। वह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होने वाले थे, लेकिन विलंब होने के कारण वह सीधे धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। जहां उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित किय।





उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए पूर्व की कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए। इसके साथ ही उन्होंने मनमोहन सिंह सरकार को कंट्रोल करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 हमने संगठन को दिया और इस बार 2024 मे भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है उससे यह साफ हो गया है कि झारखंड के भी सभी 14 सीट एनडीए गठबंधन को मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाला समय आपका है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा देश की संस्कृति और देश की विचार को लेकर के चलती है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कहते थे, कश्मीर से धारा 370 हटा तो खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन वहां तो एक कंकड़ भी नही चला। उन्होंने कहा कि वे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तारीख पूछते थे, हमने रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तारीख भी बताई और उन्हें निमंत्रण भी भेजा।

उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान में इंडी गठबंधन वालों ने जिसे भी टिकट दिया उसने चुनाव लड़ने से ही मना कर दिया, कई ने तो कहा मैने तो टिकट मांगी ही नहीं, ऐसे में कई सीट पर प्रत्याशी बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब आप राम के ही नहीं है तो राम आपमें कैसे रहेंगे।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज राम मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी

अयोध्या ।एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल 1 मई को राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए अयोध्या आने वाली हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आज मंगलवार को कहा कि इस दौरान आम श्रद्धालु भी रोज की भांति दर्शन-पूजन कर सकेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू के विशेष विमान से एक मई शाम करीब 4 बजे अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। उन्हें वीआईपी गेट से होते हुए मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रपति करीब 3 घंटे तक रहेंगी। इस दौरान उनके स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मौजूद रहने की उम्मीद है।

इसके लिये लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अयोध्या हवाई अड्डे को राम पथ से जोड़ने वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा। शाम को सरयू के तट पर होने वाली आरती के दौरान राष्ट्रपति के आने की उम्मीद में तैयारी की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के अनिल मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपति का विस्तृत कार्यक्रम अभी नहीं आया है लेकिन हम एक मई को राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान आम भक्त भी मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहेंगे। प्रयास है कि राष्ट्रपति के आने से आम लोगों को कोई असुविधा न हो। वहीं अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि राष्ट्रपति के काफिले की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात परिवर्तन और अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी।

# चुनाव जीतना मुश्किल देख भाजपा अब लोगों में डर पैदा कर रही है : पवन खेडा

अहमदाबाद , एजेंसी

कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी डिपार्टमेंट के चेयरमैन पवन खेडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत मुश्किल देख अब भाजपा लोगों में डर पैदा करने का प्रयास कर रही है 10 साल के अपने शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष पेश करने के बजाए भाजपा केवल हर दिन विवाद पैदा कर रही है गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवन खेडा ने कहा कि गुजरात हमेशा न्याय की लड़ाई में सबसे आगे रहा है। गुजरात अहंकार को तोड़ना जानता है कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने भारत दौरे की प्रेरणा गुजरात से ली युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासी समाज को समझना ही एक नेता का गुण है। लोगों से बातचीत के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपना न्याय पत्र जारी किया है उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देने के बजाय विवाद पैदा कर रही है भाजपा ने काम नहीं किया, इसलिए रिपोर्ट कार्ड के नाम पर उसके पास कुछ भी नहीं है परसोत्तम रूपाला भाजपा के लिए एक समाज से बड़े हो गए हैं साहब को पता चल गया है कि अब चुनाव जीतना मुश्किल है लोगों में काफी आक्रोश है, इसलिए अब भाजपा लोगों में डर पैदा कर रही है उन्होंने कहा कि देश में हर घंटे 2 युवा आत्महत्या कर रहे हैं एक दिन में 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं हर घंटे 4 महिलाओं का बलात्कार होता है महिला सम्मान और महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली भाजपा की सहयोगी पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लग रहे हैं दिसंबर 2023 में, भाजपा नेताओं ने अमित शाह को पत्र लिखकर पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करने के लिए कहा थो लेकिन मोदी-अमित शाह ने ना सिर्फ गठबंधन बल्कि बलात्कार के आरोपियों के लिए प्रचार भी किया। क्या मोदीजी को हजारों महिलाओं के साथ हुए बलात्कार के बारे में पता था? अगर हां तो जानते हुए भी मंच पर क्यों बैठे? और अगर नहीं जानते तो दुनिया का सबसे बड़ा दुष्कर्म रैकेट कैसे बना? पवन खेडा ने कहा कि आज पूरा देश कांग्रेस के न्याय पत्र की चर्चा कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने पांच न्याय के साथ लोगों को 25 गारंटी दी है। युवा न्याय, महिला न्याय, किसान न्याय, श्रम न्याय और भागीदारी न्याय के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक असमानता को दूर किया जाएगा और लोगों को न्याय दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में स्वीकृत लगभग 30 लाख रिक्तियों को भरेगी। देश के 40 साल से कम उम्र के युवाओं को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए 5000 करोड़ का स्टार्टअप फंड रखा जाएगो उन्होंने कहा कि साल 2014 में 282 सीटें मिली थीं तो पेट्रोल के दाम आसमान पर पहुंच गऐ अब 400 पार की बात हो रही है, तो सोचिए कहां पहुंचेगी कीमत? अब 400 सीटें दो तो संविधान बदलने की बात करते हैं संविधान पर संकट आया तो सब जेल में होंगे अमित शाह डीप-फेक वीडियो पर बयान देते हैं लेकिन कानूनी कार्रवाई नहीं करते आखिर कानूनी कार्यवाही करने से उन्हें कौन रोक रहा है? सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के झूठे वीडियो पोस्ट करने वाले कैबिनेट मंत्रियों पर कब कार्रवाई होगी? आप राहुल गांधी के उन वीडियो के बारे में क्या सोचते हैं ।

# रामा सिंह ने आरजेडी से दिया इस्तीफा

- थाम सकते हैं चिराग पासवान का हाथ

पटना। आरजेडी के पूर्व सांसद रामा सिंह ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को भेजा है। इसके बाद उम्मीद है कि रामा सिंह बहुत जल्द चिराग पासवान का हाथ थाम सकते हैं।

जानकारी अनुसार बिहार के कद्दावर नेता व पूर्व सांसद रामा सिंह ने आरजेडी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों की मानें तो उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद को प्रेषित किया है। गौरतलब है कि रामा सिंह ने हाल ही में आरजेडी की सदस्यता ग्रहण की थी।

अब जबकि उन्होंने त्यागपत्र दे दिया है तो समझा यही जा रहा है कि रामा सिंह एलजेपी रामविलास में शामिल होने जा रहे हैं। रामा सिंह वैशाली या शिवहर से लोकसभा टिकट चाह रहे थे, लेकिन टिकट नहीं मिलता देख उनका आरजेडी से मोह भंग हो गया। संभवतः इसी कारण रामा सिंह ने आरजेडी से इस्तीफा देकर चिराग पासवान का हाथ थामने का मन बनाया है।

# स्कूलों में छुट्टियां लगते ही ट्रेनों में बड़ी यात्रियों की भीड़

- रेल प्रशासन ने दिल्ली, मुंबई, पटना के लिए चलाई स्पेशल ट्रेन

लातूर ।एजेंसी



प्रयागराज। कई स्कूलों में छुट्टियां हो गई हैं तो कई स्कूलों में होने होने वाली यानी समर विकेशन के आने से पहले ही लोग अपने बच्चों को छुट्टियों में घुमाने का प्लान करते हैं कोई नाना-नाना तो कोई हिल्स स्टेशन पर जाना पसंद करता है। इसके चलते लोग पहले से ही टिकट बुक करा लेते हैं ताकि आने जाने में कोई परेशान का सामना ना करना पड़े। स्कूल की छुट्टियां पड़ते ही ट्रेनों में भीड़ नजर आने लगी है। ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने आनंद विहार, मुम्बई, पटना, भागलपुर के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। फिलहाल ट्रेनों का एक-एक फेरा लगाया जा रहा है। ट्रेन नंबर 03639 गया से आनंद विहार जाएगी जो एक मई की रात 12:40 बजे प्रयागराज जंक्शन पर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 03640 आनंद विहार-गया स्पेशल एक मई की रात 8:30 बजे, ट्रेन नंबर 03653 गया-आनंद विहार स्पेशल 2 मई की रात 12:40 बजे, ट्रेन नंबर आनंद विहार-गया स्पेशल दो मई की रात 8:30 बजे, ट्रेन नंबर 09040 जयनगर से उज्जैन समर स्पेशल मंगलवार सुबह 7 बजे, ट्रेन नंबर 09093 मुंबई सेंट्रल से पटना समर स्पेशल एक मई की रात 3:45 बजे, ट्रेन नंबर 09094 पटना से मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल दो मई की रात 8:55 बजे प्रयागराज जंक्शन पर मिलेगी। ट्रेन नंबर 09002 जयनगर से उधना एक्सप्रेस मंगलवार रात 9:05, ट्रेन नंबर 09067 उधना से भागलपुर मंगलवार रात 8:25 जंक्शन आएगी।

पंजाब के शंभू स्टेशन पर 13 दिनों से किसान आंदोलन ट्रेनों की रफ्तार में अवरोध बना हुआ है। डायवर्ट रुट से ट्रेनों को चलाया जा रहा है। किसान आंदोलन के चलते सोमवार को कई ट्रेनों को रेल प्रशासन उनके तय मार्ग बदलकर नए मार्ग से चला रहा है। ट्रेनें डायवर्ट होने से देरी से पहुंचीं। (12332) हिमगिरी एक्सप्रेस 11:20 घंटा, (12356) अर्चना एक्सप्रेस 4:08 घंटा, (13006) पंजाब मेल 2.:15 घंटा, (13152) सियालदह एक्सप्रेस 6:47 घंटा, (22423) अमृतसर-गोरखपुर सुपरफास्ट 5:29 घंटा, (13308) गंगा सतलुज एक्सप्रेस 17:14 घंटा, (14674) शहीद एक्सप्रेस 3:15 घंटा, (14649) सरयू यमुना एक्सप्रेस 2:06 घंटा देरी से पहुंची। किसान आंदोलन के चलते 20 ट्रेनें प्रभावित रहीं।

बरेली के किशनगंज यार्ड में री-मॉडलिंग, प्री-नॉन इंटरलॉक होगा। 7 व 8 मई को यार्ड री-मॉडलिंग कार्य, 6 मई को प्री-नॉन इंटरलॉकिंग व अलुआबारी स्टेशन पर लूप लाइन के प्रावधान



# बडे स्तर पर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## एक दिन में 70 हजार से ज्यादा बच्चों/अभिवावकों ने ली मतदाता जागरूकता शपथ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा



रहा है। इसी क्रम में अब जिला प्रशासन रामगढ द्वारा सोमवार को बडे स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया वहीं सभी मतदाताओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।.

## झारखण्ड रत्न से सम्मानित खोरठा साहित्यकार सुकुमार को दी गई बधाई

**रजरप्पा।** खोरठा के सुप्रसिद्ध साहित्यकार सुरेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ सुकुमार को रियल इवेंट द्वारा झारखण्ड रत्न से सम्मानित किए जाने पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खोरठा विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम अजनबी ने बधाई दी।उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि सुकुमार जी का यह सम्मान पूरे खोरठांचल का सम्मान है। सुकुमार निरंतर खोरठा भाषा साहित्य के विकास में लगे हुए हैं। वो दिन दूर नहीं जब सुकुमार को खोरठा भाषा के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाएगा। उल्लेखनिय है कि खोरठा कोकिल सुकुमार को खोरठा भाषा में विशेष योगदान के लिए पिछले 28 अप्रैल को राँची क्लब में पंजाबी टीवी कलाकार सौम्या पंजाबी और आईपीएल क्रिकेटर सौरव तिवारी के हाथों झारखण्ड रत्न से सम्मानित किया गया।

## पानी की समस्या को ले भुरकुंडा पानी टंकी के समीप ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**भुरकुंडा (रामगढ)।** बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा में पानी की समस्या को लेकर समाजसेवी मुकेश राउत के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने मंगलवार को भुरकुंडा ओल्ड वर्क शॉप स्थित पानी टंकी के समीप विरोध प्रदर्शन किया। बताते चलें विगत 15 दिनों से पानी की लचर व्यवस्था के कारण जवाहर नगर, भुरकुंडा व पटेलनगर पंचायत के लोग काफी परेशान हैं। कभी क्वायरी का पंप तो कभी पानी टंकी का पंप ख़राब हो जाता है। सिविल विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण भुरकुंडा के लोग परेशान हैं। इस भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी की समस्या दूर करने की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीण भुरकुंडा ओल्ड वर्क शॉप स्थित पानी टंकी पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। सभी का कहना था कि पूरे भुरकुंडा में 36



वॉल्ब हैं और पानी टंकी का मैनपावर 28 लोगों का है। इसके बाद भी पानी की इतनी विकट समस्या उत्पन्न होना मैनेजमेंट के कार्यशैली पर सवालिया निशान ख?ा करता है। मामले को देखते हुए इएंडएम के भुरकुंडा प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रोजेक्ट इंजीनियर ने कहा कि हम जल्द ही नई मोटर पंप की व्यवस्था कर सुचारू रूप से तमाम भुरकुंडावासियों तक पानी पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 मई से पहले नई मोटर पंप की व्यवस्था कर ली जाएगी। मौके पर समाजसेवी मुकेश राउत ने कहा कि यहां जो समरसेबुल पंप लगाया गया है वो लगभग 2 वर्षों से ख़राब है। उसपर मैनेजमेंट का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि समरसेबुल पंप ठीक रहने से इमरजेंसी में भी लोगों तक पानी पहुंचाया जा सकता है। लेकिन यह मैनेजमेंट की लचर व्यवस्था का नतीजा है कि लगभग 2 वर्षों से यह खराब प?ा हुआ है और किसी ने इसकी सुध तक नहीं ली।

## कानूनी जागरूकता शिविर एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गोला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ के तत्वावधान मे प्रखंड-सह अचलं कार्यालय गोला, रामगढ़ मे कानूनी जागरूक्ता शिविर एवं लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, मौके पर रामगढ के श्री राम जी, अभिनव कुमार उपस्थित थे। जिसमे अनेक उपस्थित लोगो को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी गई, एवं लिगल ऐड डिफेंस कॉसिल के कार्यो का विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम मे ख्र्ड्ढ्ड के संबंध में बताया गया कि लिगल सर्विसेज ऑथोरिटी एक्ट की धारा 12 के अनुसार इस योजना का लाभ किसी भी महिला, बुजुर्ग, बच्चो को, किसी भी अनुसूचित जाति- अनुसूचित जनजाति के लोगो को, काराधीन व्यक्तियों को एवं ऐसे व्यक्तियों को




दी जाती है, जिनका वार्षिक आय 3 लाख रुपए या उससे कम हो। उपरोक्त योजना के तहत लोगो के आपराधिक मामले में डालसा के द्वारा वाद मे अपना पक्ष रखने के लिए ख्र्ड्ढ्ड को नियुक्त किया जाता है। नियुक्त वाद से संबधित कार्य जैसे बेल करवाना, गवाही करवाना, बहस करने का कार्य एवं वाद से संबंधित सम्पूर्ण कार्य माननीय न्यायालय के समक्ष करते है। उपरोक्त योजना के तहत वाद संबधित सम्पूर्ण कार्य लोगों के लिए निःशुल्क होता है।लम्बे समय से चल रहे अपराधिक मामलों को देखते हुए सरकार के द्वारा चलाए गए योजना का मुख्य उद्देश्य अपराधिक मामलो को यथाशीघ्र निपटारा कराने का है। मौके पर क्क्ररुङ्क शीला कुमारी, अमर नायक एवं अर्जुन नायक भी उपस्थित थे एवं लोगों को डालसा से मिलने वाली योजनाओं के बारे मे भी जानकारी दी गई।

## उपायुक्त ने स्वयं घर घर जाकर बांटा वोटर स्लिप, मतदाताओं से की वोट करने की अपील

**गुमला-** आज मतदाताओं के घर घर जाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी ने मतदाताओं के बीच वोटर स्लिप का वितरण किया इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों में जाकर वोट करने की भी अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश के आलोक में स्वीप गतिवधि के तहत वैसे मतदान केंद्र जहां वोटिंग प्रतिशत कम है एवं वहां के वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से वैसे स्थानों पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लगातार दौरा करते हुए वहां के मतदाताओं से मिलते हुए उन्हें मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज गुमला के दुनदुरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 208 में 51 प्रतिशत की वोटिंग के प्रतिशत को देखते हुए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने वहां के मतदाताओं के घर घर जाकर उनके हाथों में वोटर स्लिप दी साथ ही उन्हें मतदान करने के प्रति प्रेरित भी किए। घर घर जाकर मतदाताओं से मिलने के क्रम में उपायुक्त ने मतदाताओं से वोट नहीं करने के पीछे का कारण भी पूछा, जिसपर कुछ मतदाताओं ने कहा कि वे वहां रेंट पर रहते हैं एवं वे दूसरे शहर वोट देने जाते हैं, वहीं कुछ महिला मतदाताओं ने कहा कि उनके पास जाने आने का साधन नहीं है जिसपर उपायुक्त ने गाड़ी की व्यवस्था करते हुए मतदाताओं को बूथ तक ले जाने की बात कही। इसी प्रकार कुछ मतदाताओं ने मतदान के प्रति अपनी रुचि नहीं दिखाई जिसे देखते हुए उपायुक्त ने उनके नकारात्मक मानसिकता ।

## पांच अभियुक्तों को, विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास की सजा सुनाई

**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत डुमरी थाना स्थित बेलटोली ग्राम में छह (6) वर्षीय मासूम बच्चे के बहुचर्चित इमरान खान की निर्मम हत्याकांड के पांच अभियुक्तों को अदालत ने विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास और जुर्माना की सजा सुनाई गई हैं। दिनांक 19 जुलाई सन् 2017 हत्या को अंजाम दिया गया और अप्रैल माह के अन्त में 2024 को फैसला आई हैं । ज्ञातव्य हैं की इमरान खान के परिजनों द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2017 को डुमरी थाने में इमरान खान की गुमशुदगी का प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, और उक्त सभी अभियुक्तों के घर के पीछे से 20 जुलाई 2017 को डुमरी थाना पुलिस ने उक्त 6 वर्षीय मासूम इमरान खान का शव बरामद किया था और पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल स्थिति पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया था और




पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया था।

गुमला व्यवहार न्यायालय के एडीजे फोर (चार) संजीव भाटिया की अदालत ने , डुमरी थाना पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों , दोनों पक्षों के वकीलों के दलीलों और गवाहों के बयानातों और न्यायालय में प्रस्तुत विभिन्न आकार प्रकार के साक्ष्यों के आधार पर, एक ही परिवार के पांच अभियुक्तों जमील आलम और छोटा भाई चुन्नू को आईपीसीसी की धारा 201 के तहत दोनों भाइयों को तीन - तीन वर्षों का सश्रम करावास और दस दस हजार रूपया का जुर्माना , और जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोनों अभियुक्तों को छह छह ( 6 - 6 ) माह का अतिरिक्त कठोर सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, वहीं तीनों बहनों सबीहा परवीन , शहजादी परवीन और सबा परवीन को आईपीसीसी 302 के तहत प्रत्येक अभियुक्त को 10-10 वर्षों का कठोर , आश्रम करावास और 10 -10 हजार रूपया का जुर्माना की सजा सुनाई गई हैं, और उक्त हत्याकांड का दोषी करार देते हुए भादवि की धारा 201के तहत उक्त तीनों बहनों , प्रत्येक अभियुक्त को पांच पांच वर्षों का कठोर सश्रम कारावास और प्रत्येक अभिक्तों को सात सात हजार रूपया जुर्माना की सजा सुनाई है, जुर्माना की राशि नहीं देने पर प्रत्येक अभियुक्तों को एक एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी, डुमरी थाना पुलिस के अनुसार दो पुरुष और तीन महिला को , एक 6 (छह ) वर्षीय मासूम बच्चे इमरान खान को उक्त अभियुक्तों ने अपने ही घर के अंदर निर्मम हत्या कर अपने ही घर के पीछे फेंक दिया था और उक्त सभी अभियुक्तों द्वारा उक्त हत्याकांड को , नरबलि हत्याकांड के रूप में प्रस्तुत ।

# 4 मई 2024 को प्रधानमंत्री मोदी जी, चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**लोहरदगा** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने के लिए जहां आगामी 4 तारीख को प्रधानमंत्री मोदी जी का सिसई में कुलकेरी मो?, सिसई कॉलेज के आगे चुनावी सभा सुनिश्चित हुआ है। जहां लाखों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता- भाजपा समर्थक शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जी के रैली को लेकर आज दिनांक 30-04-24 को पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई व संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का आगमन हुआ। जहां झारखंड प्रभारी लष्मीकांत वाजपेई ने चुनावी कार्यालय गुमला में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सर्वप्रथम भाजपा के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्री बाजपेयी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आरम्भ किया।

बैठक में श्री वाजपेई ने शक्ति केंद्र में योजना बनाकर बूथ में भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए पन्ना प्रमुख की महती भूमिका बताया,कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा का स्वर्णिम काल साझा किया, मात्र 2 सीट जीतने वाली भाजपा राष्ट सेवा के दम पर 303 सीट हासिल किया। ये कार्यकर्ताओं के दम पर ही संभव हो सका है। प्रधानमंत्री जी के रैली को लेकर आज दिनांक 30-04-24 को पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई व संगठन महामंत्री कर्मवीर




सिंह का आगमन हुआ। जहां झारखंड प्रभारी लष्मीकांत वाजपेई ने चुनावी कार्यालय गुमला में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा

लोहरदगा लोकसभा में मोदी जी का रैली मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यकर्ताओं के दम पर जनता के प्यार विश्वास के दम पर चुनाव में जीत होगी वहीं संगठन महामंत्री ने लोहरदगा लोकसभा के कोर कमिटी के साथ पांचों विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक कर संगठन को बूथ स्तर तक विकसित भारत बनाने के लिय कार्यकर्ताओं को घर-घर मोदी जी का प्रणाम प्रेषित करने को कहा।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मोदी जी का झारखंड में जनसभा सर कार्यकेताओं में ऊर्जा का संचार होगा 14 लोकसभा सीट भाजपा गठबंधन जीतेगी।

बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव,जन जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव,पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर,प्रदेश मंत्री सह लोहरदगा लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहु,सह संयोजक सन्नी टोप्पो,जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा,जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहु,लोहरदगा विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव गुमला विधानसभा प्रभारी श्रीचंद प्रजापति, मांडर विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, बिशनपुर विधानसभा प्रभारी भूपन साहू, सिसई विधानसभा प्रभारी अनूपचंद्र अधिकारी, विनोद कुमार ,गजाधर सिंह,सत्यनारायण पटेल,मिसिर कुजूर संदीप वर्मा,संजय सिंह,राधेश्याम कुशवाहा किरण बा?ा, संयुक्ता देवी,देवेंद्र लाल उराव,गायत्री देवी,सागर उरांव,शैल मिश्रा,चितरंजन मिश्रा शकुंतला उरांव,विपिन सिंह,अरविन्द मिश्रा,किशोर मिश्रा,समेत प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक-नजर

### जिले में स्वीप गतिविधि के तहत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**गुमला-** जिला अंतर्गत आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आज मंगलवार को स्वीप कोषांग के अंतर्गत सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी ने वहां रक्त दान करने आए मतदाताओं को जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है।

जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा मतदाताओं से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।

जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर उसी कार्यक्रम का हिस्सा है। बताया कि वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, उन्हें फॉर्म 6 भरकर बीएलओ के पास जमा करने या फिर ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरने की अपील की। आज के रक्तदान शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में ऐसे भी लोग पहुंचे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया, तो कुछ ऐसे थे जो सालों से रक्तदान करते आ रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात वहां उपस्थित मतदाताओं, नर्सेज एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने भी मतदान शपथ ग्रहण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। स्वीप गतिवधि के तहत रक्ददान शिविर का आज से शुभारंभ हुआ इसके पश्चात 11 मई तक विभिन्न प्रखंडों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 02 मई को सिसई प्रखंड कार्यालय, 03 मई पालकोट प्रखंड कार्यालय, 04 मई को विशुनपुर प्रखंड कार्यालय, 06 मई को बसिया प्रखंड कार्यालय, 07 मई को चैनपुर प्रखंड कार्यालय, 08 मई को डुमरी प्रखंड कार्यालय, 09 मई को जारी एवं भरनो प्रखंड कार्यालय, 10 मई को कामडारा प्रखंड कार्यालय एवं 11 मई को घाघरा प्रखंड कार्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

### माले नेता लालकुमार बेदिया की पत्नी स्व.लीला देवी की मनाई गई 4थी स्मृति दिवस

**गिद्दी।** कॉ.लालकुमार बेदिया की पत्नी स्व. लीला देवी की 4थी स्मृति दिवस के मौके पर हेसला आदिवासी क्लब में माले कार्यकर्ताओं,सदस्यों, पार्टी समर्थकों ने एकत्रित होकर पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सर्व प्रथम स्व. लीला देवी के चित्र पर माल्यार्पण कॉ. लालकुमार बेदिया ने किया।इसके तत्पश्चात बड़े पुत्र प्रेमदीप बेदिया, पुत्रवधू रुपा देवी, फूलचंद करमाली, महादेव राम,अनवर अंसारी,विजय प्रजापति,सावन बेदिया,सूरज बेदिया,सनी बेदिया, संतोष बेदिया,रोहित बेदिया,टिपू कुमारी, सारो कुमारी,प्रतिज्ञा कुमारी सहित अन्य दर्जनों लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित करने के बाद 1 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।उक्त कार्यक्रम में भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य सह रामगढ़ प्रखंड सचिव सरयू बेदिया उपस्थित थे। उन्होने स्मृति दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा कि स्व.लीला देवी ने अपने पति लालकुमार बेदिया को जो इन्हें मजदूरों-किसानों,शोषित,पीड़ित मेहनतकशों के हक-अधिकार के संघर्ष में जीवित रहते हमेशा सहयोग की थी। और हमेशा सक्रिय व अग्रणी

भूमिका अदा करती थी। इसीलिए इनकी स्मृति को भुलाया नहीं जा सकता है।आगे कहा गया कि आगामी 20 मई 2024 को लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जे.पी.भाई पटेल के पक्ष में एक-एक कीमती वोट देकर भारी मतों से जीत हासिल करने के लिए अभी से लगातार प्रचार-प्रसार तेज करने में लग जाएं।

### समाज सेवी अमित साहू के पिताजी को दी गई श्रद्धांजलि, किया गया रक्तदान

**रामगढ।** ज्ञान महिला समिति के सदस्यों ने डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल के प्रांगण में रामगढ़ जिले के समाजसेवी अमित साहू के पिता स्वर्गीय अजय साहू की तृतीय पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही रामगढ़ के सदर अस्पताल में रक्त दान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने किया। इस मौके पर विनोद जायसवाल ने बताया कि स्वर्गीय अजय साहू की तृतीय पुण्यतिथि के मौके पर ज्ञान महिला समिति के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई. साथ ही रामगढ़ सदर अस्पताल में झंडा चौक निवासी विक्रम कुमार द्वारा रक्तदान किया गया।साथ ही विनोद जायसवाल ने कहा कि स्वर्गीय अजय साहू हमेशा गरीब जरूरतमंद की मदद करने का कार्य करते थे। भटके हुए लोगों को रोजगार के लिए प्रेरणा देना, अच्छी शिक्षा देना, और वे अपनी मीठी जुबान से लोगों के दिलों में राज करते थे। महिलाओं ने बताया कि स्वर्गीय अजय साहू महिलाओं का सम्मान करते थे। गरीब बेटियों की शादी में हर संभव मदद करते थे। हमेशा हंसते मुस्कुराते महिलाओं को समझाते, अच्छी शिक्षा देने का कार्य करते थे। समाजसेवी विक्रम कुमार ने बताया कि स्वर्गीय अजय साहू हमेशा अच्छे कामों के लिए प्रेरणा दिया करते थे।आज स्वर्गीय अजय साहू की तृतीय पुण्यतिथि के मौके पर रामगढ़ सदर अस्पताल में रक्तदान किया। महिलाओं ने बताया कि स्वर्गीय अजय साहू महिलाओं का सम्मान करते थे। गरीब बेटियों की शादी में हर संभव मदद करते थे। हमेशा हंसते मुस्कुराते महिलाओं को समझाते, अच्छी शिक्षा देने का कार्य करते थे। इस मौके पर फुलवा देवी, उमा देवी, मुनिया देवी, मंजू देवी, गुड़िया देवी, सरिता देवी, शोभा देवी, मधु देवी, डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नेगी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विद्यालय में पठन-पाठन,नई शिक्षा नीति,सुंदरीकरण,शारीरिक मानसिक विकास पर अभिभावक के साथ हुई बैठक

**रजरप्पा।** बरियातू स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में शिक्षक अभिभावकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अभिभावक और शिक्षकों के बीच विद्यालय में पठन-पाठन और विद्यालय की साफ -सफाई सुंदरीकरण कई अन्य विषयों पर शिक्षक और अभिभावकों के बीच विचार विमर्श किया गया।साथ ही शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई पर विशेषरूप से ध्यान देने एवं शारीरिक, मानसिक जैसी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करके आज के दौर में बच्चों को नई शिक्षा नीति व अत्याधुनिकरण शिक्षा पर जोर देने, तथा अपग्रेड शिक्षा की जरूरत पर विचार किया गया। शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से कहा गया कि आप घरों पर भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय पर भेजें, ताकि आपके बच्चे समय पर विद्यालय पहुंचकर यहां बेहतर अध्ययन और पठन-पाठन कर सके। साथ ही वार्षिक परीक्षा परिणाम 2023-2024 का प्रकाशित किया गया एवं आगामी महापर्व पर शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा मतदान करने की अपील के साथ शपथ लिया गया कि सभी लोग अपने-अपने घरों में जाकर आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे एवं जात-पात लोभ लालच को छोड़कर चुनाव में मतदान करने की अपील किया गया।इस बैठक में अभिभावक और शिक्षकों के बीच विद्यालय में पठन-पाठन और विद्यालय की साफ -सफाई सुंदरीकरण कई अन्य विषयों पर शिक्षक और अभिभावकों के बीच विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र महतो एवं शिक्षक अरविंद मिश्रा,विनोद बिहारी महतो,अरविंद चौधरी, विनोद सोनी, सुधीर चौधरी, गंधोरी राम, वरुण लाल,भागवत तिवारी सहित सभी शिक्षकगण, अभिभावक सुनील राज चक्रवर्ती,बंटी कुमार सोनी, उमेश नायक,रशीद अंसारी,अनूप कुमार, गंगाधर महतो, दीपक श्रीवास्तव ,शहजाद खातून,चंदा देवी ,शकीला खातून, मंजू देवी, दिनेश सिंह,सहित विद्यालय के प्रबंधक समिति अध्यक्ष सेविका एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिट्टी में दबने से मजदूर की मौत

रातू। थाना क्षेत्र के रिंग रोड जागृति नगर तिलता के समीप पेयजल आपूर्ति पाईप लाइन में रिपेयरिंग का काम कर रहे मजदूर की मिट्टी धसने से दब कर मौत हो गयी। मजदूर की पहचान बरहे बिजूपाड़ा निवासी बबलू उरांव उम्र 28 वर्ष पिता हेम्बा उरांव के रुप में की गई। जानकारी के अनुसार रांची में पेयजल आपूर्ति करने हेतु पाइप लाइन बिछाने का काम पीएचडी विभाग द्वारा जिंदल कंपनी को दिया है। जागृति नगर तिलता के समीप पाइप लाइन का मरम्मती का काम कंपनी के सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह द्वारा कराया जा रहा था। मंगलवार को आठ मजदूरों द्वारा साइड पर काम कराया जा रहा था। पाइप के नीचे जमा पानी को मोटर लगाकर पानी निकाल कर पाइप के नीचे ढलाई का काम किया जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे काम कर रहे मजदूर के उपर मिट्टी धंसकर गिर गया. जिससे वह मिट्टी के नीचे दब गया। जिससे काम कर रहे मजदूरो के बिच अफरा तफरी मच गया. काफी मशक्कत के बाद उसे मिट्टी हटाकर बाहर निकाला तथा ईलाज के रिंची अस्पताल कटहल मोड़ ले जाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भेज दिया। घटना के बाद परिजनो ने कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर परिजन को नौकरी और पचिस लाख नगद मुआवजा की मांग किया है।घटना के बाद से सुपरवाइजर का फोन बंद आ रहा है। जिससे परिजनो में काफी आक्रोश है।

### गांव समाज की सुख शांति को लेकर सोसमें 24 घंटे का अखंड कीर्तन

चान्हो। प्रखंड के सोंस पंचायत अंतर्गत ग्राम सोस स्थित महाबीर मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन मंगलवार को शुभारम्भ किया गया। आरती के पश्चात उपस्थित भक्तों एवं ग्रामीणों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि सोस महिला कीर्तन मंडली प्रत्येक वर्ष सोंस पंचायत के ग्रामीण सहित प्रखंड राज्य एवं देशवासियों की सुख समृद्धि तथा कल्याण के लिए हरि कीर्तन का आयोजन किया जाता है। उसी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी मंदिर में अखंड संकीर्तन का आयोजन किया गया था। कीर्तन सोंस, ओपा , बेतलंगी सहित आसपास के कई गांव के सनातनी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेशसाहु , सुनिल साहु, तारा देवी,अनिता देवी ,रमेश गोस्वामी व अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

### दिव्यांग जागृति महासंघ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रातू । आसन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के जागरूकता एवं वोट प्रतिशत में वृद्धि को लेकर रातू प्रखंड मुख्यालय से मंगलवार की सुबह झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ के दिव्यांग भाई-बहनों एवं जेएसएलपीएस की बहनों व कर्मियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । मौके पर उपस्थित रातू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने झंडा दिखा कर दोनों टिम को रैली के लिए रवाना किया । जागरूकता अभियान में उपस्थित लोगों एवं कर्मियों का हौशला बढ़ाते हुए अंचलाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि मतदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, इसलिए सभी मतदान करें फिर कोई काम करें । उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में सभी से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की । मौके पर जेएसएलपीएस बीपीओ कुणाल कुमार समेत प्रखंड व अंचलकर्मी उपस्थित थे ।

# लोकसभा चुनाव में थर्ड फ्रंट उतारेगा उम्मीदवार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



रांची। राज्य में पहले और दूसरे चरण के चुनाव में थर्ड फ्रंट सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। इसके अलावा गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में भी उम्मीदवार देगा। थर्ड फ्रंट के घटक दलों के नेताओं ने मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। फ्रंट के समन्वयक एवं झारखंड नवनिर्माण दल के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि लोहरदगा में निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा और कोडरमा में प्रो. जयप्रकाश वर्मा को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में मुख्तार अंसारी को समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही पलामू लोकसभा सीट पर बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम, खूंटी से झारखंड नवनिर्माण दल के संजय तिर्की, सिंहभूम में आशा कुमारी रुण्डा, चतरा में बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बाण्डो को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। सिंह ने कहा कि भाजपा संविधान पर चोट कर रही है। संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की उसकी मंशा है। इसलिए पहला काम भाजपा को सत्ता से दूर करना है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही और 2047 का सपना बेच रही है जबकि नोटबंदी और जीएसटी से जनता त्रस्त हो चुकी है। थर्ड फ्रंट के प्रमुख मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा ने एनडीए और आईएनडीआईए दोनों को एक नजर से देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले विधायक और सांसदों को खरीद कर भाजपा दूसरों की सरकार गिरा कर सरकार बनाती थी। अब नया खेल शुरू कर दिया है। जनता के वोट देने के अधिकार को छीन लिया गया है। वोटों को सीधा खरीद लिया जा रहा है। पंकज ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सबसे पहले खेल शुरू हुआ। अभी सूरत और इंदौर में जनता को वोट देने से वंचित कर दिया गया। भ्रष्टाचार पर बड़ी बात करना भाजपा को शोभा नहीं देती। इलेक्टोरल बॉन्ड इतना ही पारदर्शी होता तो सुप्रीम कोर्ट को इसे असंवैधानिक नहीं कहना पड़ता। उन्होंने कहा कि थर्ड फ्रंट पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा और बाद के चरणों में भी प्रत्याशी उतारेगा। संवाददाता सम्मेलन में बहुजन सदान मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, बहुजन मुक्ति पार्टी के अध्यक्ष मुरलीधर राम, कुसुम देवी, ज्योति भेंगरा, अधिवक्ता रंजीत महतो, वासुदेव भगत, डॉ. सतीश कुमार और किशोर कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सभी प्रत्याशी जल्द अपने इलेक्शन एजेंट की प्रतिनियुक्ति करेंः जिला निवार्ची पदाधिकारी




खूंटी। खूंटी (अज जा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी, (भाप्रसे), पुलिस प्रेक्षक, डॉ मनोज कुमार, (भापुसे) और व्यय प्रेक्षक एसआर नेदुमारन, (भारासे) की अध्यक्षता में लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 को लेकर मंगलवार कों समाहरणालय सभागार में प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि सभी प्रत्याशियों को मतदान केंद्रों की सूची उपलब्ध कराई जा चुकी है। सभी प्रत्याशी अपने इलेक्शन एजेंट प्रतिनियुक्त करें, जिनके द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है। बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वैसे संबंधित रेट चार्ट उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके आधार पर प्रत्याशियों के व्यय की गणना होगी।इसके अतिरिक्त व्यय से संबंधित दो मई, छह मई और दस मई को रजिस्टर का मिलान डीआरडीए सभागार में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशियों को आवश्यक प्रपत्रों के संबंध में जानकारी दी गई।

## भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ दो मई को करेंगे नामांकन



रांची। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और रांची सांसद संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। नामांकन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित सांसद, विधायक, एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नामांकन के पूर्व एक जनसभा आयोजित की गई है, जिसमें छह विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके बाद मोरहाबादी मैदान से गाजे-बाजे के साथ उपायुक्त कार्यालय नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी संजय पोद्दार ने मंगलवार को दी।

## 4 मई को धर्मेंन्द्र तिवारी करेंगे नामांकन दाखिल



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### भ्रम फैलाना छोड़ वास्तविक उपलब्धि एवं योगदान बताये वर्तमान सांसदः तिवारी

रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राँची लोकसभा प्रत्याशी श्री धर्मेन्द्र तिवारी ने आज राँची लोक सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के मतदाताओं को अपने प्रति वोट करने का अपील किया एवं जन समर्थन मांगा। जनसम्पर्क अभियान के चौथे दिन आज सर्वप्रथम श्री तिवारी ने न्यू अमरावती कॉलोनी में भ्रमण किया, उसके बाद उन्होंने अपर बाजार, कोकर क्षेत्र के स्थानीय लोगों, व्यापारियों तथा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मुलाकात किया और उनसे अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। तिवारी ने लोगों से कहा की राँची के वर्तमान सांसद पिछले 5 सालों में सिर्फ. और सिर्फ भ्रम फैलाया है कि उन्होंने बहुत विकास किया है परन्तु वास्तव में आज के दिन वो अपना एक भी महत्वपूर्ण योगदान जनता को बताने अपने उपलब्धि गिनाने की स्थिति में नहीं है। राँची क्षेत्र की जनता को भोला-भाला समझकर ठगने वाले वर्तमान सांसद राँची की जनता को स्वीकार नहीं है. श्री तिवारी ने कहा कि वो जहां भी जा रहे है वही वर्तमान सांसद के खिलाफ जनता का रोष और गुस्सा देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही श्री तिवारी ने कहा की वो 4 मई (शनिवार) को समर्थकों के साथ लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्य रूप से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय सहित सैकड़ों की संख्या में भाजमो के कार्यकर्त्ता एवं स्थानीय जनता उपस्थित रहेगी।

## रांची संसदीय क्षेत्र से दो दिनों में 20 उम्मीदवारों ने खरीदे नामांकन पत्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### एक उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार रामहरि गोप ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक रांची संसदीय क्षेत्र से दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इससे पहले एसयूसीआई के उम्मीदवार मिंटू पासवान ने नामांकन किया था।**



रांची। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक कुल 20 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदे हैं। अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन मंगलवार को 12 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें निर्दलीय से कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय से अरशद अयूब, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से प्रवीण चन्द्र महतो, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, अबुआ झारखण्ड पार्टी से बीरेन्द्र नाथ मांझी, निर्दलीय से देवेन्द्र नाथ महतो, निर्दलीय से कोलेश्वर महतो और बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव ने नामांकन पत्र खरीदे। पहले दिन सोमवार को आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे थे।

## ईडी के अधिकारी ने आवाज बंद रखने की दी थी नसीहत : सुप्रियो भट्टाचार्य



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में एक साल से अधिक समय से ईडी की कार्रवाई चल रही है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप है। इसके बाद 31 जनवरी से जेल में बंद हैं, तो वहीं झामुमो के नेता अंतु तिर्की को भी पूर्व मुख्यमंत्री से जुड़े जमीन मामले में ईडी ने गिरफ़्तार किया और रिमांड पर लेकर हुई पूछताछ में कई चौंकनेवाले नाम सामने आये हैं। इसमें सबसे पहला नाम पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का आ रहा है। इस पर सुप्रियो ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ही इशारा किया था कि अब मैं टारगेट में हूं। मुझे कुछ दिन पहले ही ईडी के एक अधिकारी ने अपनी आवाज बंद रखने का निर्देश दिया था। मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं और कई विषयों को लेकर कॉल आते हैं। बहुत होगा तो क्या होगा अपने नेता का साथ निभाने के लिए होटवार जेल में जाना होगा। अच्छा रहेगा, बिना होटवार गये आवाज शांत नहीं होगी। जेल जाने के बाद भी हमारी आवाज बंद नहीं होगी। जेल में रह कर प्रेस विज्ञप्ति लिखूंगा और जेल अधीक्षक की मुहर लगवा कर भेजता रहूंगा। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले ही हमें ईडी बुलायेगी और मैं पूरी तैयारी से जाऊंगा, अपना लगेज तक लेकर जाऊंगा।

## मैं हूं वर्षा



मैं हूं वर्षा, मैं हूं वर्षा।
वर्षा के लिए मन सबका तरसा।
झुलसती गर्मी से मन उकताया।
तनमन शीतल होना चाहा।
मैं हू बिल्कुल सीधी साधी।
बनावटी बातें हमको न भाया।
सबको भीगों कर पूरी प्रकृति को
नहलाया।
कोई संग मेरे साजिश कर न पाया।
फिर भी
बड़ी विडंबना मेरे संग होती।
दिल से मैं सभी को चाहती।
मगर सही रुतबा हासिल नहीं कर
पाती।
परिपक्व नहीं हुई अभी मेरी अनुभूति।
फिर भी अपने पास जो है, सबको
समर्पित करती।
पूरे नभ-धरा पर हमने सबको
अपनाया।
काश! वृक्ष न काटें जाते,
हम भी धरा पर सालोंभर बसंत लाते।
वर्षा के रिमझिम फुहारों से सबको
हर्षातें।
पूरी कायनात को देते तृप्ति।
आडंबरों और बवंडरों से बस थोड़ा
डरते।
इसलिए हम हमेशा सकते में रहते।
इन्होंने हमको कम क्षति नहीं पहुंचाई।
फिर भी सूखा और आकाल हमको
कतई न भाई।
करने को हम सबको निढाल हमेशा
रहते तैयार।
पर समझ सका न कोई अभी तलक
हमारी मनसा।
मैं हूं वर्षा, मैं हूं वर्षा।
वर्षा के लिए मन सबका तरसा।
मौसम चाहू मैं हमेशा एक सा।
संवेदनशील हू और सहनशीलता मेरी
परिभाषा।
मैं हूं वर्षा, मैं हूं वर्षा।
वर्षा के लिए मन सबका तरसा।
लगातार बरस रही कहीं पर
और कहीं बूंद बूंद को जनमानस
तरसा।
मानव के हस्तक्षेप से ही मिट रही
मेरी लालसा।
मैं हूं वर्षा, मैं हूं वर्षा।
वर्षा के लिए मन सबका तरसा।
आपदाएं आती रहेगी हमपर हमेशा।
फिर भी नहीं बदलेंगे हम
अपनी शाश्वत प्रकृति सहसा।
मैं हूं वर्षा, मैं हूं वर्षा।
वर्षा के लिए मन सबका तरसा।

" ऋतुराज वर्षा "

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit no 1004, dated : 15/04/2024
I Pairia devi wife of Khagoo, resident of at Baradih, P.O.- Bhendra, P. S.-Nawadih, district-Bokaro, do hereby solemnly affirm and declare on oath as under-
1.that my actual and correct name as per my adhar card is Pairia devi bearing adhar card no. 8721 8370 6964 but my name has been mentioned in my Bank account as Bank of India Bhendra branch as Periya devi.
2.that I want to mentioned my name Pairia devi in place of periya devi in my Bank account.
3.that I am swearing this affidavit to submit it before the competent authority for needful.

Verification

The statements made above are true and correct.I signed this at Bokaro.

## भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा सहित कई नेता कांग्रेस में शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से चलाये जा रहे ''आ अब लौट चले'' के तहत भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा सहित कई नेताओं ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा जिला परिषद के पूर्व सदस्य संजय सिंह और भाजपा के मंडल महामंत्री सहित कई नेता कांग्रेस में शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला और कांग्रेस का पट्टा पहनाकर सभी का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के प्रति जिस प्रकार युवाओं का रूक्षान बढ़ा है यह उसी का परिणाम है कि युवाओं को कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री के झूठ और प्रपंच से लोग अब उब चुके है और कांग्रेस की ओर अपना रूख कर रहे है हम तमाम लोगों का हम कांग्रेस परिवार में स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। ऐसे समय में पुराने साथियों के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी और राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित होगी।




# राज्य में अब तक 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




रांची। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लेकर अब तक झारखंड में 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गई है। इसमें अवैध शराब और ड्रग्स आदि समेत 05 करोड़ 18 लाख से अधिक नकदी है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहीं थीं। नेहा ने बताया कि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्य के 18577 आर्म्स लाइसेंस में से 817 को रद्द करने की कार्रवाई की गई है। लाइसेंस रद्द हथियारों के मालिकों ने उसका सत्यापन नहीं कराया था। उन्होंने बताया कि पांचवे चरण के निर्वाचन को लेकर 14 नामांकन हुए हैं। इनमें चतरा में नौ, कोडरमा में चार और हजारीबाग में एक नामांकन हुआ है। छठे चरण के लिए अब तक आठ नामांकन हुए हैं। इनमें गिरीडीह में एक, धनबाद में दो, रांची में दो और जमशेदपुर में तीन नामांकन हुए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरुकता का अभियान विभिन्न माध्यमों से लगातार जारी है।

## सीआईडी ने एनआरआई महिला से 43 लाख ठगने वाले साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) की साईबर क्राइम थाना पुलिस ने एनआरआई महिला से 43 लाख रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, एक पेन कार्ड, दो एटीएम बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने मंगलवार को बताया कि सीआईडी की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए गिरिडीह जिला के रहने वाला राहुल को बोकारो से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एनआरआई महिला के जरिये अपने डीमेट अकाउंट से संबंधित सहायता के लिए आईसीआईसीआई कॉल सेंटर के नंबर पर कॉल किया। जब कॉल नहीं लगा, तो उनके द्वारा टोल में 91 जोड़कर 8601231122 नंबर पर कॉल किया गया।

श्रम ,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
श्रम अधीक्षक का कार्यालय, रामगढ
Email- ls.ramgrah2016@gmail.com/ls-ramgarh@jharkhandmail.gov.in
प्रेस विज्ञप्ति

Heat wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिशठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिको को कार्य स्थलो पर नियोजको द्वारा निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराया जाना है:–

1. कार्य स्थलो पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिको के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय मर महैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य शिविर लगवाना।

ह0/–
श्रम अधीक्षक,रामगढ़

PR 324230 District(24-25)D

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो ने दो कार्यकर्ता को छह वर्ष के लिए किया निस्कासित

**विष्णुगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पार्टी के दो कार्यकर्ताओं की सदस्यता से छह वर्ष के लिए निस्कासित करने की सूचना जारी की है। विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया की झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी के आदेशानुसार झामुमो पार्टी के विरुद्ध गतिविधियों को देखते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील अकेला एवम 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव को पार्टी की सदस्यता से छह वर्ष के लिए निस्कासित कर दिया गया। ज्ञात हो की उक्त दोनों कार्यकर्ताओं ने 28 अप्रैल को झामुमो को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मेंहदी व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शबा परवीन, कुमारी सीमा व स्वाति भार्गव बतौर निर्णायक मंडली मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बताते चलें कि मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में नेहा कुमारी, तन्नू श्री, पल्लवी, निशि, निधि, रिया, पलक, नूरी, रेणू व अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में आनंद, अर्पित, पूनम, रवि, अन्नु, लक्ष्मी सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश गुप्ता, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### सूर्या मोबाइल एंड इलेक्ट्रोनिक में हजारों का सामान व नकदी चोरी




**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना रोड स्थित ओवर ब्रिज के समीप संचालित सूर्या मोबाइल एंड इलेक्ट्रोनिक दुकान में सोमवार रात्रि अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमे दुकान से मोबाइल, ब्लूतूथ, हेडफोन, चार्जर, डाटा केबल, एयर बड सभी का कीमत लगभग 50 हजार एवं 30 हजार रुपए नगदी की चोरी कर लिए। जिसे लेकर रमेश महतो पिता नारायण महतो ग्राम गया रोड तेली टोला बरही थाना निवासी ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी हुई समान एवं नगदी की बरामदगी करने का गुहार लगाया है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# जिन विद्यालयों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) का होगा ठहराव उन केंद्रो में मूलभूत सुविधाओं को मुक्कमल करने के निर्देश

- सभी सीओ, बीडीओ व पुलिस पदाधिकारीयों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश
- 10 मई तक चिन्हित किए गए सभी सीएपीएफ सेंटर पर सभी आवश्यक सुविधाओ को बहाल करने के निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतदान की तिथि नजदीक आने लगी है तथा सुगम और शांतिपूर्ण मतदान में लिए जिला प्रशासन भी तैयारियों को मुक्कमल करने में युद्ध स्तर पर जुट गईं है। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सभी सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ तैयारियों के बाबत समीक्षा बैठक की गईं।

बैठक में उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के पूर्व चिन्हित किए गए जिन विद्यालयों में सीएपीएफ की टीम निर्वाचन कार्य को लेकर ठहराव करेगी उन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाना अतिमहत्वपूर्ण हैं, जिसके अंर्तगत उन्होंने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानो के लिए आवासन, स्नानागार, शौचालय, बिजली, पंखा, मोबाईल चार्जर शॉकेट, पानी का टैंकर, जेनरेटर एवं भवन मरम्मती कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंडवार चिन्हित केंद्रों में किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बचे हुए कार्यों का आकलन कर तय समय से एजेंसियों से कार्य समाप्त करने को कहा। उन्होंने गर्मी के देखते हुए सभी केंद्रो में अतिरिक्त पानी का टैंकर लगाने को कहा। उपायुक्त बल देते हुए कहा कि सभी केंद्रो में आवश्यक सुविधाओ को लेकर विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्य कराए जा रहे है उन सभी कार्यों को 10 मई तक पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में भी एएमएफ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को समन्वय बनाकर प्राथमिकता के साथ कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त के आलावा, पुलिस अधिक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, कमांडेंट सीआरपीएफ मोहित कपूर, एसडीपीओ शिवाशीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सदर एवं बरही एसडीओ, सभी सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## 14 लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए संजय कुमार मेहता ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया



**हजारीबाग।** सोमवार को 14 लोकसभा हजारीबाग क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी के रूप में संजय कुमार मेहता ने निवार्ची पदाधिकारी नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया। **अभ्यर्थी का नाम --संजय कुमार मेहता। दलः- निर्दलीय।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अधिसूचना जारी होने के उपरांत 30 अप्रैल 24 तक कुल 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीद की गई है। नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 03 मई 2024 (शुक्रवार) प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06 मई 2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक। मतदान की तिथि- 20.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक। मतगणना 04 जून 2024 को होगी।01

# जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने भरा नामांकन पर्चा, समर्थन में उमड़ा हुजूम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हजारीबाग के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन करवाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नामांकन करवाने वालो में एक बड़ा नाम जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय मेहता का रहा।श्री मेहता के नामांकन कार्यक्रम की रैली मटवारी गांधी मैदान से निकली और हजारीबाग समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंची। रैली में झारखंडी योद्धा जयराम महतो समेत हजारों की संख्या में झारखंडी क्रांतिकारी व समर्थक दिखें। इस बीच संजय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए। नामांकन के दौरान 40 डिग्री तापमान और चिलचिलाती धूप में हजारों समर्थकों ने यह संदेश दिया है कि हजारीबाग की जनता परिवर्तन के मूड में है। इस बार जनता उसे ही वोट करेगी जो झारखंडी मुद्दों की आवाज उठाता है। स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, विस्थापन और सामाजिक न्याय की बात करता है। अपने समर्थकों के बीच संजय मेहता ने नामांकन पश्चात हजारीबाग लोकसभा के लिए विकास के नए कृतिमान गढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि समर्पित सेवा भाव से अपनी माटी का सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है। जिस तरह पिछले 3 वर्षों से झारखंड बचाने के लिए हमलोगों ने जनता की आवाज बुलंद किया है। आगे भी सड़क से सदन तक झारखंडियत कि आवाज बुलंद करता रहूंगा। नामांकन में जयराम महतो ने हजारीबाग लोकसभा वासियों को संदेश दिया है कि जनता इस बार पार्टियों को यह संदेश जरूर देगी की अगर अच्छा जनप्रतिनिधि नही देंगे तो वो उन्हें वोट नही देगी। हजारीबाग के जन जन ने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा वासियों से साथ, समर्थन की अपील किया।

**जयराम महतो ने हजारीबाग की जनता से किया आह्वान, कहा झारखंड को बचाने के लिए वोट करें इस बार**

**समर्पित सेवा भाव से हजारीबाग की सेवा ही मेरा लक्ष्य : संजय मेहता**

## लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव में जब्ती पर्ची वाहनों में चिपकाए गये



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव प्रखंड में वाहनों में जब्ती पर्ची चिपकाए गये। इसका नेतृत्व सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने किया। उन्होंने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के सभी 127 बुथों में पानी बिजली शौचालय के अलावा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आवागमन के लिए वाहनों की जब्ती पर्ची वाहनों में चिपकाई जा रही है। प्रखंड में डेढ़ सौ वाहन चुनाव कार्य के लिए लेना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें 100 वाहन रामगढ़ और 50 वाहन बड़कागांव प्रखंड में चुनाव हेतु कार्यों में लगाए जाएंगे। दंडाधिकारी के द्वारा वाहनों में जप्ती पर्ची चिपकाने का भी कार्य जोरों पर की जा रही है। जप्ती पर्ची चिपकाए गए सभी वाहन को 15 मई तक प्रशासन के समक्ष जमा कर देना है ।

## पुलिस कप्तान अरबिंद सिंह पहुंचे केरेडारी



उज्ज्वल दुनियां संवाद दाता

**केरेडारी।** हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह 30 अप्रैल को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केरेडारी थाना क्षेत्र का दौरा किए! दौरे के क्रम में क्षेत्र के कई जगहों पर भ्रमण किए! भ्रमण के दौरान पगार गांव स्थित आदिम जनजाति बिरहोर टोला पहुंचकर बिरहोर परिवारों की सुधि लेते हुए मतदान केंद्रों का जायजा लिए और मतदान में शामिल होने की बात कही! बीते चुनाव में पूर्व घटित घटना को लेकर पेटो पंचायत अंतर्गत बुकरू गांव पहुंचकर वास्तु स्थिति का जायजा लिए! और मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की बात कही! साथ ही पूर्व की घटित घटना के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था देने की भी बात कही!मौके पर बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार जिला चुनाव कोषांग प्रभारी अजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे!

## बड़कागांव कांग्रेस कोर कमेटी की हुई बैठक, विधायक अंबा रही मौजूद

**जयप्रकाश भाई पटेल को मिल रहा है अपार समर्थन : अंबा प्रसाद**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़कागांव झारखंड कॉलेज में कोर कमेटी की बैठक हुई। कांग्रेस कमेटी की बैठक में महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में प्रखंड क्षेत्र के सभी हिस्सों से शामिल होने को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को पूरा हजारीबाग लोकसभा में आपार जन समर्थन मिल रहा है, आने वाले दिनों में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार करने का कार्य किया जाएगा। गांव में डोर टू डोर प्रचार प्रसार होगी। वहीं इस दौरान दिन बुधवार को जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर सहमति बनी। विधायक ने हर गांव एवं टोला से नामांकन में शामिल होने की अपील की। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, त्रिलोकी साव, कामेश्वर सिंह, रमेश सिंह भोक्ता, दिनेश प्रसाद, परमेश्वर महतो, लालू यादव, गिरधारी प्रजापति, सुरेश चौधरी, श्याम भार्गव, ननकू राम, सिद्धार्थ कुमार, बालेश्वर महतो,टुकन कुमार साव, चंद्रिका प्रसाद, मोहम्मद तसलीम, सुरेश महतो, गुरदयाल कुमार जिज्ञासु, दशरथ प्रसाद, बबलू कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**प्रचंड गर्मी में भी रक्तदाताओं ने रक्तदान करके, रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों की जान बचाई। निर्मल जैन**

**हजारीबाग ।** रक्त की कमी को देखते हुए 29 अप्रैल को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए अप्रैल माह में 12 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया।शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया शिविर का शुभारंभ सुमित कुमार,मोहित गुप्ता एवं दीपक खंडेलवाल ने रक्तदान करके किया,तत्पश्चात अभय कुमार जैन(बोहरा),शैलेश दुबे, अतीत,अविनाश कुजूर, गुरु प्रसाद,सोनू कुमार,मनोज सिन्हा, राजेश महतो,गोपाल राम,जोगेंद्र कुमार,बिट्टू शर्मा,आनंद कुमार, साहिल बंटी,मुकेश कुमार और ओमप्रकाश वर्मा आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। ब्लड बैंक में ओ नेगेटिव एवं ए पॉजिटिव रक्त की कमी थी ऐसे में मोहित गुप्ता,दीपक खंडेलवाल, अभय कुमार जैन,अतीत अविनाश कुजूर जो नियमित रक्तदाता है वे प्रचंड गर्मी में भी अपना सारा काम छोड़कर रक्तदान किया गर्मी के चलते रक्तदान शिविर लगाने में काफी कठिनाई आ रही है इस कठिनाइयों को दूर करने के लिए शहर की सभी स्वयंसेवी संस्थान से अनुरोध है कि वे इस कमी को पूर्ण करने के लिए छोटे बड़े रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को दूर करने में अपना सहयोग प्रदान करें। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया सभी रक्तदाताओं को आने वाले चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने का भी अनुरोध किया गया। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी रजत जैन, दीपक खंडेलवाल, अभय जैन, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मोकीम अख्तर, आ खैरी, मुरली प्रजापति, शमशाद,शीला कुमारी मधु कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वन विभाग द्वारा 34 टन अवैध कोयला किया गया जब्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव वन क्षेत्र के बादम पंचायत के राउतपारा जंगल में सोमवार की देर शाम में अवैध कोयला खदानों के विरुद्ध अभियान चलाई गई। इस दौरान राउतपारा जंगल में 34 टन कोयला कोल माफियाओं द्वारा बेचने के ख्याल से जमा किया गया था। इसकी भनक हजारीबाग के सहायक वन संरक्षक एके परमार को मिली थीं। श्री परमार ने बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के सहयोग से राउत पारा में डंप किए गए कोयले को जब्त किया गया, जिसे ट्रैक्टर के माध्यम से बड़कागांव रेंज ऑफिस लाया गया। अवैध कोयला किसकी है, इसकी खोज बीन की जा रही है। अवैध कोयला कारोबार के संबंध में हजारीबाग के वन सहायक संरक्षक एके परमार ने पत्रकारों को बताया कि बड़कागांव वन क्षेत्र में जिन जिन क्षेत्रों में अवैध कोयला खदान संचालित की जा रही है, उन सभी स्थानों में छापामारी की जाएगी, एवं कोयला खदान के संचालको एवं माफियाओं पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अंबाझरना, चेलंगदाग, इंदिरा जंगल में दर्जनों अवैध कोयला खदान हो रही हैं संचालित

### *इन अवैध कोयला खदानों में भी हो करवाई*




ज्ञात हो कि बड़कागांव प्रखंड के चेलंगदाग, बादम के अंबा झरना एवं इंदिरा जंगल में दर्जनों अवैध कोयला खदान संचालित हो रही है। इन कोयला खदानों से हर दिन 40 झ 50 टन कोयला बैलगाड़ी, साइकिल एवं ट्रैक्टर के माध्यम से निकाली जा रही है। इन स्थानों में कई ऐसे अवैध कोयला खदान है, जो अत्यंत जर्जर है। ये जर्जर कोयला खदान कभी भी ढह सकता है। जिससे सैकड़ों मजदूरों की जान एक साथ जा सकती है। इन कोयला खदानों से जंगलों का अस्तित्व खतरे में है। जंगलों को बचाने के लिए इन कोयला खदानों पर बड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

## इंदिरा पसेरीया जंगल से पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध कोयला कारोबार को लेकर जंगलों में छापेमारी की गई जिसमें इंदिरा पसरिया जंगल में अवैध रूप से संचालित खदान से कोयला उत्खनन कर ले जा रहे अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पुलिस के द्वारा कार्रवाई देख ट्रैक्टर चालक घने जंगल में घुस गया और फरार हो गया। कार्रवाई मंगलवार की सुबह 5:00 की है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा कि कोई भी अवैध कारोबार नहीं करें जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई होगी और उसे जेल भेजा जाएगा।

# जैक इंटर 2024 का परिणाम घोषित विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

## विष्णुगढ़ के विद्यार्थियों का रहा उत्तीर्ण प्रदर्शन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** 30 अप्रैल दिन मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल के वर्ष 2024 का इंटर का परिणाम घोषित कर दिया गया। जैक इंटर की परीक्षा में विष्णुगढ़ के विद्यार्थियों का इस वर्ष उत्तीर्ण प्रदर्शन रहा। विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटर के तिनों संकाय में शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में 76% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 8% विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, वाणिज्य संकाय में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित किया जिसमें 93% प्रथम श्रेणी व 7% द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, वहीं कला संकाय में प्रथम श्रेणी में 21% व द्वितीय श्रेणी में 71% विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। महाविद्यालय के सफल विद्यार्थियों का इस वर्ष पुर्ण प्रतिशत 92% रहा। विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय से विज्ञान में अमित कुमार ने 446 अंक, वाणिज्य में गोल्डी कुमारी ने 436 अंक एवम कला में पियूष कुमार सिन्हा ने 417 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान में जगह बनाई। विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय का कला संकाय से 98.23%, वाणिज्य संकाय से 100% एवम विज्ञान संकाय से 93.45% छात्र इंटर 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय से विज्ञान संकाय में बेबी कुमारी ने 455 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रानू कुमारी ने 454 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा वर्षा कुमारी ने 451 अंक ला कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से प्रियांशु मिश्रा ने 408 अंक प्राप्त कर प्रथम, राहुल कुमार महतो ने 383 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं सहदेव महतो ने 382 अंक ला कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय से काजल कुमारी ने 394 अंक प्राप्त कर प्रथम, पलक कुमारी ने 389 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं सोनिया कुमारी ने 384 अंक ला कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रखंड की दो छात्रा ने जिला टॉपर की सूची में अपनी जगह बनाई



### इंटरमीडिएट आर्ट्स की परीक्षा मे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा की बच्चियों का शानदार प्रदर्शन

#### वार्डेन, विद्यालय परिवार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग ने सभी बच्चियों को बधाई दी

**पदमा।** मंगलवार को जैक द्वारा जारी इंटरमीडिएट आर्ट्स की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा के बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सत प्रतिशत सफलता हासिल की। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अंजलि कुमारी ने 82.60% अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही, जबकि लक्ष्मी कुमारी (79.80%) द्वितीय व अंजू कुमारी (79.00%) तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बता दें की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा से कुल 54 छात्राएं इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए थे इनमे से सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। इसी कैंपस में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सदर की छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रियंका कुमारी 69% अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर रही, जबकि रागिनी कुमारी (68.4% ) द्वितीय वा अंजली कुमारी (67%) स्थान पर है। इसमें 07बालिकाएं इंटरमीडिएट आर्ट्स परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमें 6 प्रथम श्रेणी एवं 01 द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की है,इस विद्यालय का भी सत प्रतिशत परीक्षा फल रहा। इस दौरान वार्डेन मेनका मेहता,विद्यालय परिवार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी बच्चियों को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### बगैर कोचिंग के गरीब परिवार की अंजली ने आर्ट्स में प्राप्त किया 70% अंक



**चौपारण।** एक ओर जहां कोचिंग की होड़ लगी हुई है, परीक्षा परिणाम आते ही संस्थान के संचालकों के द्वारा अपने संस्थान के टॉपरों की सूची जारी की जाने लगती है। वहीं +2 उच्च विद्यालय इंगुनिया में पढ़ने वाली छात्रा अंजली कुमारी पिता रामजीवन सिंह ने अपने मेहनत के बदौलत मंगलवार को जारी इंटर के परिणाम में आर्ट्स संकाय में 70% अंक हासिल कर अपने माता पिता व परिजनों को खुशी का मौका प्रदान किया। बताते चलें कि अंजली ने मैट्रिक में भी अच्छे अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया था। पिता रामजीवन सिंह सूरत में किसी कुरियर में काम करते हैं। अंजली बचपन से ही मेधावी रही है और गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद अपने मेहनत से पढ़ाई जारी रखी आगे भी उसे पढ़ने का शौक है। अंजली के अच्छे अंकों से पास होने पर एक बात तो साफ हो जाता है कि बच्चे सिर्फ कोचिंग संस्थानों में जाने से ही नही पढ़ सकते बल्कि उनकी लगन और मेहनत उसे अपने विद्यालय या घर मे भी पढ़ कर कामयाबी दिला सकती है।

### विष्णुगढ़ में जेबीकेएसएस (जेएलकेएम) का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग स्थित महंत अखाड़ा चौक के समीप जेएलकेएम (जेबीकेएसएस) का हजारीबाग जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता के नामांकन के कूच से पूर्व चुनावी कार्यालय का विष्णुगढ़ उपप्रमुख सह लोकसभा चुनाव प्रभारी सरयू साव,भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी,जोबर मुखिया चेतलाल महतो,पूर्व विष्णुगढ़ जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,समाजसेवी प्रेमचंद महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर मंगलवार को उद्घाटन किया ।हजारीबाग नामांकन के लिए जाने को लेकर जेएलकेएम के कार्यकताओं का उत्साह चरम पर था। नामांकन में करीब विष्णुगढ़ प्रखण्ड से करीब 50 -60 गाड़ियों का काफिला था ।हजारीबाग कूच के दौरान जयराम महतो जिन्दाबाद, जेएलकेएम जिन्दाबाद,संजय मेहता जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए नामांकन को रवाना हुए ।कार्यालय उद्घघाटन के दौरान कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी के लिए कुछ लोगो द्वारा भ्रम फैलाया जा है,उस भ्रम में ना पड़े। विरोधियों के द्वारा हमलोगों को कमजोर करने भरसक प्रयास करने को लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है ।इससे हम-सब को सतर्क रहने की जरूरत है ।जयराम महतो सभी तबकों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते है ।उनकी लड़ाई झारखण्ड वासियों के हक-अधिकार की है। हमसभी ये संकल्प लें हम अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करते हुए संजय मेहता की जीत सुनिश्चित करें ।हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी सरयू साव ने कहा कि राजनीतिक लाभ की खातिर जेएलकेएम को एक तबके के तमगा लगाया जा रहा है ।परन्तु यह सच नही मैं तेली समाज से आता हूँ, जयराम महतो जाति की नही जमात और झारखण्ड के अस्मिता की बात करते है ।इस मौके पर भारी तादाद में युवा महिला मौजूद थे।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## रजिस्टर,पंजी एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की ली जानकारी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय एवं संत कोलंबा महाविधालय, हजारीबाग में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर, पंजी व आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, बरही एसडीओ व अन्य मौजुद रहे।

# आपके साथ था, हूं और रहूंगा: कालीचरण

### पूर्वी और पश्चिमी सिमरिया में वोटरों से की मुलाकात, मांगा आशीर्वाद



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा :** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने मंगलवार को पूर्वी और पश्चिमी सिमरिया के दर्जनों गांव में जाकर मतदाताओं से मुलाकात की।और उनका आशीर्वाद मांगा ।मंगलवार को सिंह अपने ननिहाल टिकुलिया भी गया। और कुलदेवी के सामने माथा टेका।श्री सिंह मंगलवार को चोपे, बड़गांव, बिरहु, नावाटांड़, शिला, इचाक, पीरी, बानासाड़ी, सिमरिया, टिकुलिया और बगरा साप्ताहिक हाट पहुंचे ।उन्होंने क्षेत्र की तरक्की और खुशहाली के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक से क्षेत्र के लोगों ने भाजपा की कार्यशैली देखी है। भाजपा सिर्फ राष्ट्रहित और लोकहित के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर काम करती है। आनेवाले समय भारत का होगा। भारत को विश्वगुरु बनाने का मोदी सरकार ने प्रण लिया है। देश की तरक्की और खुशहाली के लिए लोग भाजपा को समर्थन करें। भाजपा सब का साथ,सब का विकास और सब का विश्वास के एजेंडे पर काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा ही नहीं बचा है ।भाजपा के डर से इंडी गठबंधन बना। सभी भ्रष्ट पार्टियां इंडी गठबंधन के हिस्सा हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे हर दुख सुख में लोगों के साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर विधायक किशुन कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, अक्षयवट सिंह, उपेंद्र सिंह, भोला सिंह, मखिया नरेश साव, लीलाधर महतो, मंडल अध्यक्ष दयानिधि बिनोद पांडेय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# जैक इंटर परीक्षा में कस्तूरबा विद्यालय बरसोत का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट, 46 छात्राएं प्रथम श्रेणी से ऊतीर्ण

## सिमरन प्रवीण 387 अंक प्राप्त कर बनी विद्यालय टॉपर



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में संचालित कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों ने जैक इंटर परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 56 छात्राएं इंटर परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमे से 46 छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं 10 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की 100 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 03 टॉपर छात्राओ में सिमरन प्रवीण 387 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वही अनु कुमारी 384 के साथ दूसरे स्थान, संगीता कुमारी 381 प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त की। विद्यालय की वार्डन नेहा कुमारी ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुंज बिहारी जोरदाग गांव के यज्ञ में हुए शामिल

# 1 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करने में आने का दिया न्योता, लोगों ने समर्थन का दिया भरोसा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** केरेडारी जोरदाग गांव में हो रहे यज्ञ समारोह के जागरण मंच में लोकहित अधिकार पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की कर्मठ संघर्षशील व युवा प्रत्याशी कुंज बिहारी कुमार साहू को यज्ञ पूजा समिति के द्वारा फूल माला एवं भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में लोकसभा प्रत्याशी कुंज बिहारी साहू ने कहा कि 1 मई दिन बुधवार को नॉमिनेशन के लिए हजारीबाग समाहरणालय में सभी ग्रामीण जनता को आमंत्रित किया और सबों से समर्थन मांगा। यज्ञ समिति की ओर से लोगों ने कहा कि महायज्ञ कार्यक्रम में आज तक कोई भी लोकसभा प्रत्याशी इस मंच पर नहीं पहुंचे और आप पहली बार हमारे मंच पर आए हैं आपका हार्दिक अभिनंदन है। हमारे गांव समाज के सभी लोग पूरी जन समर्थन देंगे और भारी मत से आपको विजय बनाएंगे। और नामांकन में केरेडारी प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

# इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज भरेंगे नामांकन पर्चा

### हजारीबाग इस बार राजनीतिक उलगुलान के लिए तैयार : जय प्रकाश भाई पटेल



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।**हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद समाहरणालय भवन से समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में जिला स्कूल मैदान पहुंचकर जनसभा करेंगे। जनसभा में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई विधायक एवं पूर्व विधायक शिरकत करेंगे।

● **इंडिया एलायन्स के हजारों कार्यकताओं की लगेगी भीड़**

नामांकन रैली और जनसभा को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं में उत्साह चर्म पर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हुए हैं। कांग्रेस समेत इंडिया अलायन्स के सभी दलों से मिलाकर हजारों कार्यकताओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारी संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ेगा।

● **राजनीतिक उलगुलान कर इतिहास लिखेगा हजारीबाग : जेपी भाई पटेल**

नामांकन रैली से पहले जेपी भाई पटेल ने कहा कि झारखंडवासियों के खून में उलगुलान है। यहां के लोगों ने ही सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ टेकलाल बाबू ने लड़ाई लड़ी थी। झारखण्ड आंदोलन में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए राज्यसभा में अलग राज्य का बिल पास कराया था। आगे कहा, जिस मकसद के साथ झारखंड को हमने लड़कर अलग कराया था, आज केंद्र की भाजपा सरकार उसे पूरा नहीं होने दे रही। यहां के जल जंगलों को पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। सरना धर्म कोड को मोदी सरकार मंजूरी नहीं दे रही। खातियानी नियोजन नीति को भाजपा के इशारे पर रोक दिया गया मगर अब वक्त आ गया है उलगुलान करने का। हजारीबाग के मतदाता इस बार कांग्रेस को वोट कर के राजनीतिक उलगुलान करेंगे। इस वर्ष हजारीबाग टेकलाल बाबू द्वारा देखा गया स्थानीय सांसद का सपना पूरा कर इतिहास लिखने जा रहा है।

# निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष ने गर्मी छुट्टी के लिए सरकार के स्कूल बंद निर्णय के समय सारिणी में बदलाव करने की रखी मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने प्रेस बयान जारी करते हुए गर्मी छुट्टी को लेकर सरकार के निर्देश का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने कहा की गर्मी छूटी के नाम पर 30 से 45 दिनो तक बच्चों को पढ़ाई से पूरी तरह से दूर रखना क्या औचित्य बनता है। उन्होंने गर्मी को देखते हुए विद्यालयों को सुबह 7 से 9:30 बजे तक चालू रहने देने का आग्रह किया है। जिससे बच्चे पढ़ाई से पूरी तरह दूरी भी नही बना पाएंगे और गर्मी से भी बच जायेंगे। गर्मी दोपहर को लगती है तब तक बच्चे अपने घर पहुंच जायेंगे। जो स्कूल पढ़ाने की इच्छा रखते हैं उन्हें दो तीन घंटे पढ़ाने दिया जाना चाहिए, जबरन रोककर शिक्षा से वंचित करना उचित नहीं है।

# अज्ञात शव का मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संस्थापक नीरज कुमार ने किया ससम्मान अंत्येष्टि



### कई दिन शव को सुरक्षित रखने के बाद मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संस्थापक नीरज कुमार ने गुरुद्वारा कमिटी के सहयोग से किया शव का अंतिम संस्कार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में कई वर्षों से लावारिस शवों के प्रबंधन में कार्यरत संस्थान मुक्तिधाम सेवा संस्थान हजारीबाग के संस्थापक नीरज कुमार ने हमेशा की तरह एक बार फिर मानवता का मिशाल पेश किया है। नीरज कुमार ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग से प्राप्त अज्ञात शव जो की 23 अप्रेल को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग से प्राप्त अज्ञात शव जो कि जंग सिंह, पिता बाबा सिंह जिसका पहचान के लिए 29 अप्रेल तक शव को मोर्चरी में रखा गया। उसके बाद मोर्चरी में शव को सुरक्षित रखने के बाद 30 अप्रेल 2024 को अज्ञात शव को मुक्तिधाम सेवा संस्थान हजारीबाग के संस्थापक नीरज कुमार द्वारा व हजारीबाग गुरूद्वारा कमिटी के सहयोग से जिसमे मुख्य रूप से गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष अवतार सिंह कोषाध्यक्ष कमलजीत सिंह एवं पुजारी करनजीत सिंह की उपस्थिति में अरदास किया गया। तत्पश्चाप मुक्तिधाम सेवा संस्थान हजारीबाग के नीरज कुमार द्वारा मुक्तिधाम, खिरगांव हजारीबाग के प्रांगण में अंतिम संस्कार विधिवत रूप से कर दिया गया। शव का पहचान पता के रूप में लुधियाना , पंजाब बताया गया है। वहीं इस घटनाक्रम को सदर थाना को लिखित आवेदन देकर कर जानकारी दे दिया गया है। जिसका रिसीविंग कॉपी थाना से ले लिया गया है। नीरज कुमार ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से सम्पर्क कर , और उनके सहयोग से भी अंतिम संस्कार का प्रक्रिया को विधिवत रूप से किया गया। उन्होंने यह भी कहा की मानवता के ऐसे कार्यों से आत्मिक सुकून की अनुभूति होती है।

# हजारीबाग लोस क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल आज करेंगे नामांकन, पूरे लोकसभा क्षेत्र से पहुंचेगा जनसैलाब

- राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सहित कई सांसद-विधायक और एनडीए गठबंधन के दिग्गज होंगे शरीक
- हजारीबाग स्टेडियम ( कर्जन ग्राउंड में आयोजित होगी नामांकन सह आशीर्वाद सभा




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित भाजपा पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेस- वार्ता का आयोजन किया। उक्त प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया की हमारे नामांकन के गौरवपूर्ण क्षण में हमारे साथ विशेष रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, जदयू नेता सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, आजसू पार्टी के सुप्रीमों सुदेश महतो, आजसू नेता सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक बिरंची नारायण, विधायक राज सिन्हा, विधायक नीरा यादव, विधायक समरी लाल, विधायक किसुन दास, आलोक चौरसिया, विधायक अमित मंडल समेत एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू, और लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास) के कई प्रदेश यूनिट और स्थानीय स्तर के कई दिग्गत नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन मे आजसू पार्टी पूरी मजबूती से करेंगी भागीदारी : गौतम वर्मा

# गठबंधन धर्म का मजबूती से पालन होगा : संदीप कुशवाहा



बड़कागांव। एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के 1 मई के नामांकन में आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी ने प्रत्येक पंचायत से उपस्थित होने के लिए बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुचट्टी स्थित आवासीय कार्यलय में किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। साथ ही सख्त निर्देश दिया गया की दिनांक 1 मई दिन बुधवार को सुबह 9 :30 बजे +2 हाई स्कुल मैदान मे अपने -अपने गाड़ी मे आजसू पार्टी का झंडा और पट्टा के साथ उपस्थित होना है। तत्पश्चात सभी गाड़ी एक साथ हजारीबाग के लिए रवाना किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर तापस, केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, तुलेश्वर राम, सुरेश महतो, अजय कुमार, सेवक प्रसाद, मनोज कुमार, गणपति साहू, प्रमोद महतो, सुनील कुमार, दिलीप महतो, रंजीत महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान के लिए किया जागरूक


## शहरी क्षेत्र के मतदाता लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी का प्रमाण दें; सुमन गुप्ता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**झुमरी तिलैया =** लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार तथा अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए समाज को अधिक से अधिक मतदान करने के उत्साहित करने के मकसद से हस्ताक्षर अभियान मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने मंगलवार को स्टेशन रोड में चलाया। इस अभियान की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, सी ओ गिरेन्द्र तूडी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान कर 20 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया तथा दूसरे को भी इस अभियान का हिस्सा बने का आह्वान किया। वोटरों से अपील की संविधान ने 18 साल से अधिक उम्र के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है, जिससे वह अपनी पसंद की सरकार व जनप्रतिनिधि चुन सके। इसके लिए 20 में को मतदान केंद्र में जाकर इस महाकुंभ में योगदान डालकर अपनी जिम्मेवारी निभाएं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग 80त्न से ऊपर कर एक नया रिकॉर्ड बनाएं। इस अवसर पर मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई वे मतदान करेंगे कहा कि हम सभी को जाति, धर्म, भेदभाव,भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्रीय निर्माण सुदृड लोकतंत्र के विकास में अपनी योगदान करना चाहिए। सीओ गिरेन्द्र तुडी ने राहगीरों को भी लोकतंत्र की मजबूती देने बैनर पर हस्ताक्षर करवाया और मेरा वोट मेरा अधिकार के तहत अपनी बूथों पर 20 मई को मतदान करने की अपील की। वही नगर परिषद नोडल चुनाव अधिकारी अश्विनी कुमार, प्रेरणा शाखा की मंडल 1 की सहायक मंत्री श्रेया केडिया, अध्यक्ष सारिका लड्ढा, उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, सचिव शीतल पोद्दार, सह मंत्री मिनी हिसारिया , पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया ने कहा कि हम भारतीयों को मतदान करने का अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है। एक जिम्मेवार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। मौके पर लोकतंत्र की शक्ति बढ़ाएं, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलें करें मतदान, जैसे नई भी कार्यक्रम स्थल पर हस्ताक्षर अभियान के दौरान प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया। सही जवाब देने वाले लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व संयोजक अरविंद चौधरी, पूर्व अध्यक्ष आयुष पोद्दार , अंतर्राष्ट्रीय योग शिक्षिका ईशा गुप्ता, राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेश प्रसाद सेठ, व्यवसायी रमेश कंदोई, कैलाश जैन, नगर परिषद के मुकेश राणा, बलराम कुशवाहा, रोशन कुमार, शुभम कुमार, रंजीत कुमार के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्वीप मतदाता जागरूकता अभियानः सीढ़ियां भी कर रहीं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक




**कोडरमा =** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा द्वारा अपने तरीके से कई अभिनव व अनूठे प्रयोग कर रहे हैं। स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगातार मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सीढ़ियों के हर पायदान पर लिखे मतदान जागरूकता के संदेश लोगों का ध्यान खीचने के साथ ही मतदान के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ा रही है। सीढ़ियों के हर पायदान पर.. चलो चलें बूथ....20 मई 2024 दिन सोमवार, वोट करेगा कोडरमा 20 मई 2024 दिन सोमवार, हमर बूथ हमर भागीदारी 20 मई 2024 को निभाएंगे अपनी जिम्मेदारी, चलो चलें करें मतदान 20 मई 2024, लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सब की है भागीदारी, हम सब ने ये ठाना है, वोट करके अपना फर्ज निभाना है ज्का लिखे स्टीकर मतदाताओं को अपना बहुमूल्य वोट देने का संदेश दें रहा है।

## इंटर विज्ञान कला व वाणिज्य परीक्षा परिणाम मे रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं का रहा दबदबा




**झुमरीतिलैया =** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरी तिलैया के छात्र-छात्राओं ने इंटर कला, विज्ञान व वाणिज्य में इस वर्ष परीक्षा में छात्रों के शानदार प्रदर्शन से कॉलेज का कुल परिणाम सत प्रतिशत रहा।

विज्ञान संकाय मे 94 प्रतिशत,कला संकाय मे 99 प्रतिशत व वाणिज्य मे 100 प्रतिशत परिणाम रहा.कॉलेज कि 463 अंक लाकर लिंे मे प्रथम व राज्य मे आठवी स्थान पर रही.

इंटर विज्ञान मे शानदार प्रदर्शन जिला टॉप दस मे महाविद्यालय 9 छात्र छात्राएं विज्ञान संकाय मे प्रदर्शन शानदार रहा लिंे मे टॉप दस मे महाविद्यालय के 9 छात्र-छात्राएं शामिल हैं जिनमें अजीत पंडित 449 प्राप्त कर दूसरे शिकू मोदी 445 अंक के साथ चौठे

मुस्कान प्रवीण व अमित साव 444 अंक प्राप्त कर पांचवे पवन यादव व सिमरन कुमारी 441 अंक प्राप्त कर सातवे,अंशु कुमारी 440 अंक प्राप्त कर आठवे सूरज कुमार व मो साजिद 439 अंक प्राप्त कर ि?लें मे नौवे स्थान पर रहे. विज्ञान मे 647 बच्चे प्रथम श्रेणी मे उत्तरीन हुए.

**इंटर वाणिज्य संकाय मे सौ फ़ीसदी परिणाम**

टॉप दस मे चार छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा जिले में टॉप 10 में महाविद्यालय के चार छात्राएं शामिल हैं जिनमें सृष्टि कुमारी 463 अंक प्राप्त कर राज्य मे आठवां व ि?लें मे पहला स्थान प्राप्त की तो वहीं ईशा कुमारी 453 अंक के साथ चौथे,शिवांगी कुमारी 447 अंक के साथ छठे, सूरज कुमार शर्मा 432 अंक के साथ दसवे स्थान पर रहे.सभी छात्र छात्राएं पास हुए। परीक्षा मे छात्रों के उम्दा प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ जितेंद्र बहादुर ने प्रश्नता जाहिर करते हुए कहा कि कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों के कठिन परिश्रम से हमेशा ही परिणाम बेहतर रहा है। उन्होंने सभी उत्तरीन छात्र-छात्राओ को शुभकामनाए देते हुए कहा की विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर न केवल अपने अभिभावकों का बल्कि कॉलेज और जिला का भी नाम रौशन किया है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है.विद्यार्थियों की सफलता पर कॉलेज अध्यक्ष डॉ नीरा यादव,सचिव अजय प्रताप सिंह,उप प्राचार्य प्रो. कमलेश कमल, प्रो उमेश प्रसाद सिंह, प्रो आर के गुप्ता, डॉ पी एल यादव, ॅ नीता कुमारी, प्रो एस जोजो ।

## रास्ते की कटाई को लेकर अंचल अधिकारी को ग्रामीणों ने दिया आवेदन



**सतगावां** प्रखंड के माधोपुर पंचायत के बजनियां एवं सेलारी के ग्रामीणों ने रास्ते की कटाई को लेकर अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को दिया आवेदन।बताया जाता है की बजनियां एवं सेलारी के ग्रामीणों ने बताया की हमारे पुर्वज के समय से बजनियां से सकरी नदी जाने के लिए रास्ता बना हुआ था।हमारे गांव के बजनियां एवं सेलारी में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होती है ,उसका दाह संस्कार करने के लिए सकरी नदी उसी रास्ते से ले जाया जाता है।अगर हमलोगों के यहां छठ पर्व होता हमलोग अर्ग देने के लिए उसी रास्ते से सकरी नदी जाते हैं।

इसके पहले भीड हमलोगों ने श्रमदान करके रोड को भरवाया हैं।अब श्रवहणा के कुछ ग्रामीणों के द्वारा जिस रास्ते से हमलोग दा संस्कार एवं अर्ग देने के लिए जाते हैं उस रास्ते की कटाई की जा रही है।जिसके कारण हमलोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।बजनिया के ग्रामीणों ने बताया की श्रवाहना के रहने वाले चंद्रिका प्रसाद यादव,मथुरा प्रसाद यादव,प्रकाश यादव एवं यमुना यादव के द्वारा दोनों तरफ से रास्ते को काटकर इतना पतला कर दिया है,इस रास्ते पर सही से कोई व्यक्ति चल भी नहीं सकता है।ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता आज से नहीं बल्कि लगभग 70 से 80 साल पुराना रास्ता है।वहां के ग्रामीण बताते हैं की 37डीस मील गरमजरुआ जमीन है,जो इन्ही लोगों के कब्जे में है।वही बजनियां एवं सेलारी के ग्रामीणों ने बताया जल्द जल्द से इस रास्ते अतिक्रमण मुक्त किया जाए।जिसको लेकर हमलोगों ने सतगावां अंचल पदाधिकारी एवं सतगावां थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया है की इस रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया जाय।इसके पहले भी अंचल पदाधिकारी को आवेदन दिया गया था लेकिन किसी प्रकार का सुनवाई नहीं हुआ है।सेलारी एवं बजनियां के ग्रामीणों ने जिन लोगों पर रास्ते को काटने के आरोप लगाया है उन लोगों के कुछ परिवार के लोग मौके पर मौजूद थे।जिनसे बात करने उन लोगों ने अपना ब्यान देने से मना कर दिया।वही मौके पर विजय सिंह,उमेश सिंह,राजीव सिंह,चुल्हन भुइयां,मेघन चौधरी, अरविंद शर्मा,प्रेस कुमार,प्रेम देवी,शहवानो,सुनीता देवी के अलावे लगभग सैकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## प्रेरणा शाखा ने मजदूरों के बीच गमछा सत्तू व अन्य सामग्रियों का किया वितरण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**झुमरी तिलैया =** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर झुमरी तिलैया के जैन ट्रांसपोर्ट में कार्य करने वाले मजदूर के बीच गमछा, सत्तू और मिठाई का वितरण मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के तहत किया गया। इस अवसर पर मजदूरों के चेहरे पर खुशी देखी गई। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा की श्रम शक्ति राष्ट्र की उन्नति का आधार है। जीवन में श्रम से ही आगे बढ़ा जा सकता है। इसलिए हमें मेहनत कर जीवन का लक्ष्य पाने की कोशिश करनी चाहिए। मजदूरों के परिश्रम और मेहनत से ही क्षेत्र, राज्य और राष्ट का विकास संभव है। उन्होंने आगे कहा की मजदूर के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रमिक दिवस को लेकर प्रेरणा शाखा भी इनके संघर्षों के साथ है। उन्होंने कहा कि कोई आलीशान भवन बनाना हो या फिर किसी भी कंपनी या उद्योग को संचालित करना हो इसके उत्पादन में इसमें मजदूरों की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर लगभग दो दर्जन मजदूरों को आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत बेल का शरबत भी पिलाया गया। मौके पर नंदकिशोर जैन, संतोष लड्ढा, प्रेरणा शाखा की आकृति चौधरी, मीना हिसारिया आदि उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर 1 मई को मजदूर दिवस को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं सीटू की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन झुमरी तिलैया और जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा।.

## हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा लगभग 1100 जरूरतमंद लोगों के बीच 5000 से अधिक जरूरत की सामग्री का लगाया गया सेल




**झुमरीतिलैया =** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा आज लगभग 1100 जरूरतमंद लोगों के बीच 5000 से अधिक दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान मात्र 10 में दिया गया। प्रातः 9 बजे से इस कार्यक्रम का उद्घाटन जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झांझरी,नीलम सेठी,आशा गंगवाल, निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने संयुक्त रूप से किया। हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने सभी का तिलक लगाकर दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। आए हुए सभी महिला पुरुष युवा युवतियां बच्चे ने क्रम से आकर अपने पसंद का सामान लिया। सेवा के इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने उपयोगी सामान रखे गए थे।अटैची बैग साइकिल महिलाओं के लिए साड़ी लेडीज कुर्ती सूट स्वेटर फैशन के समान चूड़ी बिंदी आदि बच्चों के लिए खिलौना जींस बाबा सूट टी-शर्ट कपड़ा जूता चप्पल स्कूल बैग पुरुष युवाओं के लिए जैकेट जींस शर्ट कुर्ता पजामा कोट पैंट बंडी नाइट सूट आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान लोगों ने अपनी पसंद से लिए।जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झांझरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि हेल्पिंग हैंडस ग्रुप मे शामिल समाज के सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं जरूरतमंदों की सेवा मे युवा पीढ़ी के आगे बढ़ने से समाज और राष्ट्र मजबूत होता है।

यह मनुष्य जीवन अनमोल है जैन धर्म में परिग्रह का त्याग एवं जियो और जीने दो की महता है। जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना एवं संवेदना ही जीवंत कार्य है इस नेक कार्य के लिए समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला,ललित सेठी, कमल जैन सेठी,सुशील छाबड़ा,सुरेश झांझरी,सरोज जैन,सुशील जैन छाबड़ा,लाला सोगानी ने हेल्पिंग हैंड्स कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा,अभिषेक जैन गंगवाल,अमित जैन सेठीइसान जैन कासलीवाल,शिखा जैन गंगवाल, खुशबू जैन सेठी और उनकी पूरी टीम के अच्छे कार्य के लिए आभार जताया और शाबाशी दी। जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार अजमेरा ने बताया कि आगे भी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य किए जाएंगे। हेल्पिंग हैंड्स ने जैन समाज जैन महिला समाज जैन युवक समिति के सदस्यों के प्रति कार्य में सहयोग के लिए भी अपना आभार प्रकट किया,अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रशासन के सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया।

## एक-नजर

### सरकारी संपत्ति का नुक़सान पहुंचाने पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई :- एसडीएम रिया सिंह



**कोडरमा =** कोडरमा जिले में ऐसे मामलें संज्ञान में आ रहे हैं जिसमें प्रशासन का नाम लेकर सरारती तत्वों द्वारा सरकारी संपत्ति का विरुपण किया जा रहा है। यह पूरी तरह से नियम विरुद्ध एवं गैरकानूनी है। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने ऐसे मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा इस तरह के मामलों की गहनता से जांच की जा रही है,दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

विदित हो कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत दण्ड के स्पष्ट प्रावधान हैं। इसमें अर्थदंड के साथ-साथ सजा का भी प्रावधान है।

### घर में आग लगने से तीन मवेशी जलकर मरे, लाखों रुपए का नुकसान



**झुमरी तिलैया =** जयनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंगारडीह पंचायत समिति सदस्य प्रेम लाल यादव के घर में आग लगने से तीन मवेशी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए इस बारे में प्रेम लाल यादव ने बताया कि घर के अंदर तीन मवेशी खूंटे से बंधे थे जिसमें दो और एक बछड़ा शामिल था घर के ऊपर पुआल रखा था। तभी अचानक आग लग गई और आज की लपटे इतनी तेज हो गई की आसानी से उसे पर काबू नहीं पाया जा सका ग्रामीणों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक तीनों मवेशी और पुआल जलकर राख हो गया था।

इसमें लाखों रुपए का नुकसान पीड़ित परिवार को हुआ है इस बात की जानकारी प्रेम लाल यादव ने अंचल कार्यालय में दी है। आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं चल पाया है।

### शॉर्ट सर्किट से पकडी आग, आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों को हुआ नुकसान



**झुमरी तिलैया =** बाजार समिति में आज दोपहर अचानक आग लग जाने से तकरीबन आधा दर्जन फल दुकानों को नुकसान पहुंचा है। बाजार समिति के फल दुकानों के ऊपर रखे प्लास्टिक के कैरेट बिजली के तार के संपर्क में आ गए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। बाजार समिति में फलों का कचरा भी सूखा हुआ पड़ा था, जिससे देखते ही देखते आग फैल गई और कुछ ही देर में आग में भयावह रूप धारण कर लिया। हालांकि गनीमत यह रही की समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तकरीबन आधा दर्जन दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। जिसे तकरीबन 10 लख रुपए का नुकसान हुआ ।बताते चले की बाजार समिति परिसर के अंदर अस्थाई फलों का दुकान बनाया गया है, जबकि बाहरी परिसर में कई स्थाई दुकानें भी संचालित होती है। इसके अलावा परिसर में ही फल व्यवसाईयों के द्वारा कचरा फेंका जाता है, जो भी भीषण गर्मी के कारण पूरी तरह से सूख चुका था। जैसे ही दुकानों के छत के ऊपर रखे प्लास्टिक के कैरेट बिजली के तार के संपर्क में आए, तेज हवाओं के कारण कैरेट में लगी आग धीरे-धीरे कचरो तक जा पहुंचा और बाजार समिति का पूरा परिसर आग की चपेट में आ गया। बाजार समिति के सचिव अभिषेक आनंद ने बताया कि फल व्यवसाईयों की लापरवाही के कारण यह आग लगी है। अगर फल व्यवसाई व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं करेंगे, तो उनकी दुकान भी रद्द की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक समय से पहुंची दमकल की टीम ने आग से ज्यादा नुकसान होने से बचा लिया है और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।.।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ऑनलाइन योगा एवं मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन




**झुमरी तिलैया =** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक 30 घंटों का वैल्यू एडेड ऑनलाइन योगा एंड मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया । तत्पश्चात् कार्यक्रम में श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन की संस्थापक डॉ इंद्राणी एवं निदेशक डॉ0 किरण बाला पटेल ने कार्यक्रम में जुड़े सभी प्रतिभागियों सराहना की । उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होते हैं । कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस योगा एवं मेडिटेशन कोर्स के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं ने योगा एवं मेडिटेशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की है । इस कोर्स का सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योग एवं मेडिटेशन हम सभी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में इसको अपनाना चाहिए।

इसके पश्चात बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु सोनाली कुमारी, सोनू पंडित एवं सुनील कुमार वर्मा के द्वारा रिपोर्ट प्रेजेंटेशन किया गया । इसी क्रम में प्रशिक्षु शिफा नूरी , रिंकी कुमारी एवं पूनम कुमारी ने अपने अनुभव साझा किया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. प्रेम लाल पटेल ( अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक) बैचलर ऑफ नैचुरोथेरेपी एंड योग विज्ञान, रायपुर , छत्तीसगढ़ ने कहा कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। योग एवं मेडिटेशन सभी को अपने जीवन में अवश्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में बी. एड. सत्र 2023- 2025 के प्रशिक्षु अंगुरी खातून, दिलीप साव, इफ्तेकार अंसारी, लक्ष्मण कुमार, महिमा बग्गा, मुकेश दास, राखी कुमारी, रिंकी कुमारी, पुनम कुमारी, नूतन कुमारी, शीतल मोदी, विनीता कुमारी, मो. सम्मीउल्ला,राहुल कुमार, सागर कुमार, सीमा जोजो, राहुल मोदी, रेणु कुमारी, सोहित गुप्ता, शीतल कुमारी, गुलाब कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार, सीमा कुमारी वर्मा , सदाकत अंसारी, पुष्पा कुमारी, जितिन कुमार, विनीता बरनवाल, उमा कुमारी राहुल कुमार आदि एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा आदि एवं प्रोजेक्ट निदेशक भूमिका दांगे, फाउंडेशन की सदस्य रुचि एवं बतौर तकनीकी सहायक मोनिका जैन उपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित पलामू दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

## एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट रहने का दिया निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास,वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया।सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया। इसी तरह उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर,फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।




## सहायक अध्यापक बिजय सिंह की सडक दुघर्टना में मौत

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** नावाबाजार प्रखंड के रबदा पंचायत स्थित नेनुआ प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित 57 वर्षीय सहायक अध्यापक बिजय सिंह की सडक दुघर्टना में मौत हो गई। मंगलवार को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। नेनुआ गांव स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बडे पुत्र ने मुखाग्नि दी। स्वर्गीय सिंह के तीन पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार बिजय सिंह किसी कार्य से छत्तीसगढ गए थे। कल वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गए। इनकी मौत मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। उनकी मौत से गांव का माहौल गमगीन हो गया। स्वर्गीय सिंह शांत और मृदुभाषी स्वभाव के थे। निधन की सूचना मिलते ही नावाबाजार के शिक्षकों में शोक की लहर दौड गई। शिक्षकों के द्वारा नावाबाजार बीआरसी में सामूहिक शोक सभा का आयोजन ।

## लिलिपुट के बच्चों को मिली मतदान की जानकारी




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों को एक प्रक्रिया के माध्यम से मतदान के विषय में बताया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस गतिविधि के द्वारा बच्चों को भी यह मैसेज दिया गया कि वह घर जाकर अपने माता-पिता और बडों को बोले कि आपको जरूर वोट देना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्य रेणु गोयल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा चुनाव संपन्न करवाकर बच्चों को खेल-खेल में चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई है। इस जानकारी में उन्होंने यह भी बताया कि वोट हर व्यक्ति को जरूर देना चाहिए। एक मत से हम अपने अच्छे और बुरे नेता का चुनाव कर सकते हैं और अपने राष्ट्र को सही हाथों में सौंप सकते हैं। इसी विषय में स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने बच्चों को कहा कि हम सभी को जागरूक होना आवश्यक है और वोट देना हमारा मानवाधिकार है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारे स्कूल की सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पूरा होगा एनडीए का चार सौ पार का नाराः लवली

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि बहनों का विश्वास मोदी जी के साथ है। अब वक्त बदल चुका है अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती। वह अपना वोट बेचती भी नहीं है। 2019 में महिलाओ ने 46 प्रतिशत अपना मत भाजपा को दिया था। भाजपा सरकार ने देश की आधी आबादी नारी शक्ति पर अपना विश्वास जताया है। महिला शक्ति को आगे बढाने के लिए। उन्हें सशक्त करने के लिए केंद्र की कई योजनाएं ऐसी है जो महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना यह सारी योजनाएं महिलाओं के हित में है। पहले महिलाओं का आधा समय पानी के जुगाड और लकडी के चूल्हे में खाना बनाने में ही गुजर जाता था। दस करो? से ज्यादा महिलाए स्वयं सहायता समूह से जु?कर आत्मनिर्भर बनी है। आज महिलाओं का मोदी जी के प्रति विश्वास बडा है और महिलाओं के दम पर ही भाजपा का जो नारा है- अबकी बार चार सौ पार पूरा होने वाला है।.



## एक-नजर

### अपराधियों ने मारी व्यवसायी को गोली, स्थित गंभीर



**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर थाना के बगल में कन्या मध्य विद्यालय के समीप तीन अज्ञात अपराधियों ने खाटीन निवासी संतोष साव (46) को गोली मार दी। आसपास के लोगों उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार संतोष साव हर रोज की तरह अपनी खैनी दुकान बंद करके घर आ रहे थे। इसी दौरान थाना के बगल में कन्या मध्य विद्यालय गेट पर घात लगाए अपराधीं उनके पेट में दो गोली मार कर बाइक से छतरपुर की ओर भाग निकले। पहले उन्हें पीएमसीएच रेफर किया गया फिर वहां से रांची रिम्स भेज दिया गया ।

### संदिग्ध स्थिति में ग्रामीण की मौत, हत्या की आशंका

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मसीहानी निवासी संजय डोम (50)वर्ष को गंभीर स्थिति में मंदेया रोड के टेंपा पुल के पास पाया गया। इस बाबत मृतक संजय डोम के पुत्र राजन डोम ने बताया कि टेंपा स्थित नए मकान में पेंट का काम चल रहा था इसी सिलसिले में मेरे पिता पेंट लाने के लिए अपने लूना से छतरपुर गए थे। पेंट लेकर वापस लौट रहे थे। इसी बीच राहगीरों ने सूचना दी। सूचना पा कर राजन घनास्थल पर पहुचे और गंभीर रूप से घायल अपने पिता को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार रंजन ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है। इन्होंने बताया कि प्रथम द्रष्टया यह दुर्घटना का मामला लग रहा है। वैसे परिजनों ने गर्दन के पास बने छेद व आंख की चोट से हत्या की आशंका जता रहे हैं।

### सतबरवा में भाजपा नेताओं ने की बैठक



**सतबरवा (उज्ज्वल दुनिया)।** सतबरवा प्रखंड के चतरा लोकसभा के रबदा पंचायत के पिपरा में बूथ अध्यक्ष के साथ मिटिंग कर चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंहको विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, लातेहार भाजपा युवा अध्यक्ष छोटु राजा, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, जिला मंत्री बिकास तिवारी, शम्भू मेहता, अजय मेहता, अनिल सिंह, मनोज कुमार सिंह, कमलेश प्रसाद, नयन सिंह, मंदीप कुमार, सुमत यादव, सत्यनारायण प्रसाद, अरविंद विश्वकर्मा, राजेश प्रसाद, ब्रह्मदेव सिंह, दामोदर मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।.

### दहेज हत्यारोपी पति को 10 वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में (कांड संख्या 49/2021) में 17जून 2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी/34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के एक बर्ष बाद से ही उसकी लडकी को दहेज हेतु प्रताडित किया जाता था। वह बीच-बीच में बराबर अपनी बेटी व दामाद को पैसा देते रहती थी। 16 जून 2021 को उसने अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपये भेजे थे। 17 जून 2021 को नाजिया खातून की हत्या कर उसे फंदे से लटकाकर फांसी का स्वरूप दे दिया। जहां फांसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी वहां बांस से चारपाई की उंचाई चार फीट थी, जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुई थी।

अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। साथ ही मृतिका नाजिया खातून के नाबालिग पुत्र को पुनर्वास की व्यवस्था करने व मृतिका की मां शहीदा बीबी को भी मुआवजा देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है।

इस केस के एक मुदालय ससुर वली मोहम्मद मिया को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। विदित हो कि पुलिस द्वारा मृतिका के सास पारो बीबी, गोतनी असमीना बीबी व भसुर कासिम मिया को अनुसंधान में नाम हटा दिया गया था।

### लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू पार्टी की बैठक

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में पार्टी नेताओं की बैठक की गयी। बैठक में पलामू व चतरा लोकसभा में एनडीए प्रत्याशियों की जीत की रणनीति बनायी गयी। बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बीडी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिए सभी प्रखंड प्रभारी, प्रखंड अध्यक्ष, सभी पंचायत समिति, ग्राम समिति व चुल्हा प्रमुख हर घर में जाकर केन्द्र सरकार के जनोपयोगी योजनाओं को बताना है। साथ ही इंडिया गठबंधन के झूठ, फरेब, लूट, भ्रष्टाचार से जनता को अवगत कराना है। केन्द्रीय सचिव इम्तेयाज अहमद नजमी ने कहा कि हम झारखण्ड के 14 लोक सभा में भारी अंतराल से जीत दर्ज कराने की तैयारी है। बिकेश शुक्ला ने कहा कि इंडिया गठबन्धन में आपस में ही एकजुटता नहीं है। हमारे गठबन्धन को इसका भरपूर फायदा मिलने जा रहा है। बिजय मेहता ने कहा कि हमारे गठबंधन के फुल और फल पर जनता का भरपूर साथ देगी। बबलू गुप्ता ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में गरीब, मजदूर, किसान, छात्र-नौजवान, महिलाओं समेत सभी वर्गो के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करना है। तुलसी शुक्ला ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के गढवा व पलामू के हर गांव में एनडीए का परचम लहरायेगा। लौकेश सिंह ने हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज, छतरपुर, चैनपुर में के लोग बीडी राम को ही पसंद करते हैं। उनकी जीत बडी होगी।

### अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल किया चोरी

**हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रखंड क्षेत्र के इनातू ग्राम में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी कर ली गई। जिससे इनातू गांव अंधेरे में रहने को विवश हैं। इस प्रचंड गर्मी में बिना बिजली को रहना बेहाल हो गया है।

बच्चों के पठन पाठन भी प्रभावित हो गया। बिजली उपकरण बेकार हो गए हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह व बिजली विभाग के अधिकारियों से इस पर पहल करने की मांग की है।

## अराधियो ने व्यवसायी को मारी गोली, विरोध में बंद रहा छतरपुर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** छत्तरपुर थाना के पीछे डाकबंगला रोड स्थित में सोमवार रात करीब नौ बजे अज्ञात बदमाशों ने व्यवसायी संतोष साव पर फायरिंग की। इस घटना में वे घायल हो गये हैं। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत है। फायरिंग के विरोध में मंगलवार को पूरे शहर के साप्ताहिक बाजार बंद रहे। घटना से आक्रोशित छत्तरपुर के व्यापारियों और कस्बेवासियों ने बाजार बंद कर छत्तरपुर के सारइडीह मोड से लेकर जपला रोड होते हुए जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही थाना के पास सडक पर धरना दिया। धरना-प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन प्रदर्शनकारी आरोपियों को पकडने की मांग पर अड रहे। व्यापारियों और लोगों ने कहा कि इलाके में दिनोंदिन आपराधिक घटनाएं बढ रही हैं, जिससे व्यापारी व आमजन में दहशत का माहौल है। व्यापारी स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इसके बावजूद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

इधर, फायरिंग में घायल संतोष साव के घर पर पहुंचे पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने परिजनों को सांत्वना देते हुए छत्तरपुर पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में बढते अपराध पर रोक लगाने व बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की। व्यापारियों ने भी कहा कि क्षेत्र में आए दिन गोलीकांड की घटनाएं हो रही है. इससे व्यापारी व आमजन दहशत में है. समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने बताया कि सात दिन में घटना का खुलासा करने का अल्टीमेटम दिया गया है. माले कार्यकर्ताओं और कस्बे सहित शहर के सैक?ीं व्यवसायियों ने हाथ में तख्ता लेकर अपराधियों को गिरफ्तार करने के नारे लगा रहे थे। बता दें कि अज्ञात अपराधियों ने पलामू जिले के छतरपुर थाना के बगल में कन्या मध्य विद्यालय के समीप संतोष कुमार साव को गोली मार दी। आसपास के लोगों द्वारा उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार संतोष साव सोमवार शाम को दुकान बंद करके अपने घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन्हें पेट में गोली मार दी। मौके पर मौजूद भीड उग्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी ।

## सतनाम को डालटनगंज के 33 सिख पीडितो की सूची सौंपी

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर को निर्देश दिया था कि वह जिलावार बताएं कि कितने 1984 सिख दंगा पीडितों को मुआवजा नहीं मिला है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर आज सतनाम सिंह गंभीर डालटनगंज में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंचे। यहां डालटनगंज के सिख दंगा पीडितों की अगुवाई कर रहे इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं चनप्रीत सिंह जॉनी ने अपने साथियों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान काडी संख्या में पीडित परिवार श्री गुरु सिंह सभा के गुरुद्वारा पहुंचे थे। इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं चनप्रीत सिंह जॉनी ने संयुक्त रूप से 1984 सिख दंगा के 33 पीडितो की सूची उन्हें सौंपीं। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि एक भी पीडित परिवार मुआवे से वंचित न रहे। ज्ञात हो कि सतनाम सिंह गंभीर लगातार सिख पीडितो को इंसा दिलाने के लिए झारखंड का दौरा कर रहे हैं। सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि दंगों के 40 वर्ष बाद भी इंसा न मिलना काडी पी़ादायक है। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष अंतिम पीडित परिवार को इंसा मिलने तक जारी रहेगा। मनमीत लूथरा, हरप्रीत कौर, त्रिलोक सिंह, गुरदेव सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रणजीत कौर, मदनमोहन सिंह, प्रताप सिंह, जसप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, जसमीत सिंह सहित का संख्या में पीडित परिवार उपस्थित थे।.



## घायल व्यवसायी को देखने मेडिका पहुंचे पूर्व विधायक



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** अपराधियो की गोली से घायल छत्तरपुर निवासी संतोष साव को देखने पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर रांची के मेडिका अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि कल रात्रि 8.30 बजे के करीब व्यवसायी संतोष प्रसाद को अपराधियों के द्वारा छत्तरपुर थाना के पास गोली मार दी गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद संतोष प्रसाद को रांची रेफर कर दिया गया था। बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने संतोष प्रसाद का इलाज कर रहे डॉ. गौतम चंद्रा से बात की। डॉ. गौतम के अनुसार संतोष प्रसाद को पेट में दो गोली लगी थी। ऑपरेशन के माध्यम से दोनों गोली निकाल दी गई है। गोली लगने के कारण पेट के अंदरूनी भाग को भी प्रभावित किया है, जिसका इलाज कर दिया गया है। फिलहाल संतोष साव को मेडिका के आईसीयू वार्ड में रखा गया है जहां डॉक्टरों की टीम उनकी चिकित्सा में लगे हुए हैं।..

# अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर में घट रहे आपराधिक घटनाओं के कारण लोगों में आक्रोश और दहशत व्याप्त है। छतरपुर में कुछ महीने के अंदर हत्या और लूट की कई घटनाएं घटी हैं जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही साथ लोगों में असुरक्षा का भी भाव है। लोगों का कहना है कि कई घटनाओं के बाद भी पुलिस ने अपराधियों को नहीं पकडा है, जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं। कल रात छतरपुर के थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर बेखौफ अपराधियों ने खाटीन गांव निवासी संतोष साहू को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। वहीं उसी दिन एक अन्य घटना में मसिहानी निवासी संजय डोम की भी संदेहात्मक स्थिति में मौत हो गई । फिलहाल संतोष रांची के मेडिका हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत की जंग लड रहे हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने आंदोलन की भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा की हत्या और लूट की कई घटनाएं घटने के बाद भी पुलिस के हाथ अपराधियों के गिरहबान तक नहीं पहुंच पाये हैं। लोगों में असुरक्षा की भावना है।व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद, जोगी प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, गोकुल प्रसाद, मिथिलेश यादव, अयोध्या प्रसाद, अमित कुमार, सुरेश प्रसाद, धीरज सिंह, सुनील गुप्ता, मनोहर, दामोदर साव, ककमेश्वर साव सहित सैक?ीं की संख्या में लोग शामिल थे लोगों ने भी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# संपादकीय

## अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का नंबर

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों के मतदान होने के साथ ही यह तो सभी जान ही चुके हैं कि केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा अबकी बार 400 पार वाले नारे को अमली जामा पहनाने के लिए साम, दाम, दंड-भेद की नीति अपनाए हुए है। विपक्ष इसे लेकर लगातार आबाज बुलंद कर रहा है, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि उनकी आवाज कहीं सुनी भी जा रही है। दरअसल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एक फर्जी वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को दिल्ली तलब किया है। खास बात यह है कि पुलिस ने उनसे पर्सलन मोबाइल फोन और सारी डिजिटल डिवाइस के साथ 1 मई को हाजिर होने का हुक्म सुना दिया है। अमित शाह का फर्जी वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने सैकड़ों लोगों को इस तरह के नोटिस जारी किए हैं, उनमें ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेडी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकताओं के नाम शामिल हैं। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस की एक टीम हैदराबाद में मौजूद बताई गई है। इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि अभी और भी लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिसमें कांग्रेस के और कुछ नेता समेत अन्य खास लोग भी शामिल हो सकते हैं। मतलब साफ है कि इस चुनावी बेला में भाजपा को एक ऐसा मामला हाथ लग गया है, जिसके दम पर वह कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं व दमदार जमीनी कार्यकताओं को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी।

पुलिस की इस कार्रवाई पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इसके पहले सैकड़ों फर्जी और एडिट वीडियो कांग्रेस नेताओं तथा गांधी परिवार के खिलाफ बनाए गए हैं। जिस तरह से दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है, उसका जवाब अब कांग्रेस और विपक्षी दलों की सरकारों द्वारा भी दिया जाएगा। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। उन राज्यों में भी अब इसी तरह से भाजपा नेताओं के खिलाफ और भाजपा की आईटी सेल के खिलाफ मुकदमें दर्ज किए जाएंगे। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का जवाब अब विपक्षी दलों की ओर से अन्य राज्यों से मिलना तय माना जा रहा है। भारतीय राजनीति जिस ओर जा रही है, उसके बाद अब यह कहा जा सकता है, कि पुलिस और अदालतों के द्वारा राजनीतिक लड़ाई लड़ने की जो नई प्रक्रिया शुरू हुई है यदि यह इसी तरह से चलती रही, तो सभी राजनीतिक दलों के नेता, पुलिस थानों और अदालतों के चक्कर काटते नजर आएंगे। जिसकी जहां पर सरकार है, वह इसी तरह से राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कानूनों का बेजा इस्तेमाल करने से बाज नहीं आएगी। यदि इसी तरह से चलता रहा, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई गैर भाजपा शासित राज्यों द्वारा की जा सकती है। याद करें जब आलू से सोना बनाने का जो फर्जी वीडियो वायरल हुआ था। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी चुनावी सभा में उसी एडिट वीडियो का उल्लेख करते हुए कई सभाओं में भाषण दिए, और राहुल गांधी का माखोल उड़ाया था। दिल्ली पुलिस ने जिस तरह की धाराओं में यह मामला दर्ज किया है। यही मामला अन्य राज्यों में भी भाजपा नेताओं के खिलाफ उन्ही धाराओं में दर्ज होना तय माना जा रहा है। राजनीति की लड़ाई अब मतदाताओं और सड़कों से निकलकर पुलिस और न्यायालयों के इर्द-गिर्द लड़ी जा रही है। इसके क्या परिणाम होंगे, यह तो आने वाला भविष्य ही बताएगा। जिस तरह से राजनीति में कानून का मनमाना इस्तेमाल करके पुलिस और न्यायालय के माध्यम से राजनीतिक लड़ाई लड़ी जा रही है। यह भारतीय राजनीति का एक नया स्वरूप है और इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे, जो लोकतंत्र के लिए कतई सही नहीं कहे जा सकते हैं।

## अब दल-बदल ही हमारा राजधर्म...

**राकेश अचल**

इस युग में यानि कलियुग में आप कह सकते हैं कि मोदी युग में जितने भी राजधर्म होंगे उनमने दल-बदल सबसे बड़ा राजधर्म माना जाएगा। ये भविष्यवाणी करना शायद भगवान भूल गए थे। गलती इंसान से ही नहीं भगवान से भी होती है। दल-बदल को लोकतंत्र का सबसे बड़ा अपराध मानकर कांग्रेस की तत्कालीन सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने दल-बदल के खिलाफ कानून की नींव रखी। और संयोग देखिये कि आज यही दल-बदल कांग्रेस के लिए अभिशाप और भाजपा के लिए वरदान बन गया है। भविष्य में मुमकिन है कि यदि भाजपा सत्ता में आयी तो इस वरदान को स्थाई बनाने के लिए कोई नया कानून ले आये। क्योंकि दल-बदल राष्ट्रहित में किया जाने वाला सबसे बड़ा सद्कर्म है ।

आपकी आप जानें किन्तु मुझे शुरू से दल-बदलू पसंद नहीं हैं। मै दल -बदल को प्रश्रय देने वालों के भी खिलाफ हू। दल-बदल चाहे कोई भी दल करे या कराये मुझे देशद्रोही लगते है। लेकिन मेरे लगने या न लगने से क्या होता है ? मै यानि आम जनता दल-बदल को मूकदर्शकों की तरह टुकुर-टुकुर देखने ,सहने के लिए अभिशप्त है। जब राजनीतक दल ही दल-बदल को सबसे बड़ी योग्यता मानते हों तो बेचारा आम आदमी इसके खिलाफ खड़ा होकर कर भी क्या सकता है। मै आपको दल-बदल के इतिहास में नहीं ले जाऊँगा । गूगल पर विकिपीडिया खंगालने के लिए भी नहीं कहूंगा। क्योंकि इससे दल -बदल की सेहत पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है।

दल -बदल एक अनवरत ,सतत,सनातन कार्य है। त्रेता से होता आ रहा है और कलियुग में तो दल-बदल इतना सुगम हो गया है जितना कि दिल-बदलना । दल बदलने में दिल बदलने से भी कम समय लगता है। इंदौर में कांग्रेस के प्रत्याशी किन्हीं बम साहब के दल-बदल ने ये प्रमाणित कर दिया है। लोग मेडिकल टूरिज्म के लिए दुनिया के कौन-कौन से भारत आते है। मुझे लगता है कि भविष्य में दुनिया के तमाम राजनीतिक दल अपने यहां दल-बदल करने के लिए गुरुदीक्षा लेने भारत आया करेंगे। भारत किसी और मामले में विश्व गुरु हो या न हो किन्तु दल-बदल के मामले में तो ब्रम्हांड गुरु बन चुका है।ये

भारत में लोकतंत्र की सेहत के लिए दल-बदल एक अनिवार्य प्रक्रिया है। जो दल जितना जयादा दल-बदल कराएगा उसे उतना मजबूत और लोकतांत्रिक माना जाएगा। एक दल का दुष्ट -पापी दूसरे दल में आते ही दुष्टता और अपने पापों से मुक्त हो जाता है। अर्थात दल-बदल पाप मोचन का सबसे सरल,सुगम और सुबोध तरीका है। हमारे यहां बड़े-बड़े सूरमाओं ने राजे-महाराजों ने दल-बदल किये हैं ,बम टाइप के साधारण लोग उनके सामने कहाँ लगते हैं। आज मान्यता हो गयी है कि जिसने अपने राजनीतिक जीवनकाल में दल-बदल नहीं किया उसने समझो की कुछ नहीं किया। दल के प्रति निष्ठावान बने रहने से क्या मिलता है आखिर ? दल-बदल कीजिये तो नगद नारायण के साथ ही टिकिट,मंत्री पद और न जाने क्या-क्या मिलता है।

मै अगर सत्ता में होता या तीसरी बार सत्ता में आने की तैयारी कर रहा होता तो अपने चुनाव घोषणा पत्र में दल-बदल को राजधर्म की मान्यता दिलाने के लिए दल-बदल कानून को ही समाप्त करने का वचन देता । वचन देता ही नहीं उसे प्राण-पण से निभाता भी। आप सोचकर देखिये कि दल-बदल के फायदे कितने हैं और नुक्सान कितने ? गुणा-भाग करने के बाद आप जो हासिल पाएंगे वो लाभ ही निकलेगा । हानि नहीं। दल -बदल में सुविधा ये है कि आप इसे जितनी बार करना चाहें कर सकते हैं। दल-बदल के लिए किसी शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं। इसके लिए जरूरी है आपका किसी एक दल से ऊबना या किसी एक दल से मुक्ति पाना। मै अपने ऐसे कुछ मित्रों को जानता हूँ जिन्होंने एक से ज्यादा बार दल बदल किया। दल -बदल का आध्यात्मिक पक्ष ये है कि इसे घाट-घाट का पानी पीना कहते हैं।

आप याद कीजिये कि ये देश पहली बार दल-बदल से नहीं गुजर रहा। देश में भक्तिकाल भी कोई पहली घटना नहीं है। लंकापति रावण के भाई बिभीषनं दल-बदल का आदर्श उदाहरण है। वे दल-बदल न करते तो मुमकिन है कि कभी भी लंकापति नहीं बन पाते। बिभीषन ने समझदारी से होशियारी से हिकमत अमली से , काम लिया और सद्गति को प्राप्त हुए। आज भी दल-बदल करने वाला सबसे पहले बिभीषन जी का आभार प्रकट करता है। करना भी चाहिए ,क्योंकि यदि बिभीषन ने सत्ता-सुख पाने का ये आसान तरीका ईजाद न किया होता तो अधिकांश दलों में लोग चप्पलें घिसते-घिसते मर जाते लेकिन सत्ता सुख हासिल नहीं कर पाते।शरणागत को ही गति मिलती है।आजकल तो राजनीतिक दलों ने अपने-अपने यहां शरणार्थी शिविर खोल रखे हैं।दल -बदल का हासिल ये है कि ये महंगे चुनाव खर्च से मुक्ति दिलाता है। अब जैसे इंदौर में ,खजुराहो में या सूरत में कांग्रेस और सपा के प्रत्याशियों ने जिस साधुवाद से दल बदल किया उसका कितना ज्यादा लाभ इस गरीब देश को हुआ । जनता चुनाव प्रचार की कांय-कांय से बची। सड़के बिद्रूप होने से बचीं और केंद्रीय चुनाव आयोग का अमला चुनावी इंतजाम करने से ,हल्दी लगी और न फिटकरी फिर भी रंग चोखा ही आया। यदि दल-बदल के जरिये देश में पंचाट से संसद स्तर तक के चुनाव कराये जाने की व्यवस्था कर दी जाये तो किसी सरकार को इलेक्टोरल बांड लेकर चुनाव के लिए धन उगाहने की जरूरत ही क्यों पड़े ? क्यों उसे सुप्रीम कोर्ट से खामखां लानत -मलानत का सामना करना पड़े ?

## क्या धर्म जनता के लिए अफीम है



नीरज कृष्ण

**मार्क्स ने कहा था धर्म अफीम है और लेनिन ने कहा था धर्म केवल एक निजी मामला नहीं है। आज हमारे बीच न मार्क्स हैं न लेनिन.....मगर धर्म है**

हर साल, मई दिवस पर, एक भूत हमें परेशान करने के लिए आता है। कार्ल मार्क्स का भूत। वह 1889 से आ रहे हैं, जब पहली बार 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की तारीख के रूप में चुना था।मई दिवस मार्क्स दिवस है, चाहे हम इसे पसंद करें या नहीं।मई दिवस हमें याद दिलाता है कि मार्क्स अभी भी यहाँ हैं, हमारे दिमाग में जीवित हैं। यद्यपि साम्यवाद एक राजनीतिक व्यवस्था के रूप में समाप्त हो चुका है, मार्क्स हमारी भाषा और हमारी सोच में एक शक्तिशाली शक्ति बने हुए हैं।


आज पैसे, काम, वर्ग या सरकार के बारे में बोलना अभी भी मार्क्स से भरपूर भाषा को सक्रिय करना है। जिस प्रणाली में हम रहते हैं, उससे हमारा दिमाग अनुशासित और प्रशिक्षित हुआ है और यह मार्क्स ही थे जिन्होंने हमें इस प्रणाली के बारे में सोचने का साधन दिया। यह वह व्यक्ति था जिसने हमें पूंजीवाद को पूंजीवाद के रूप में परिभाषित करने में मदद की, जिसने हमें इसकी जांच करने के लिए उपकरण दिए और जिसने हमें इसके भीतर अपनी भूमिकाओं के बारे में जागरूक किया। यह मार्क्स ही थे जिन्होंने हमें ह्लपूंजीवादीह्व बनाया।

मार्क्स ने कहा था धर्म अफीम है और लेनिन ने कहा था धर्म केवल एक निजी मामला नहीं है। आज हमारे बीच न मार्क्स हैं न लेनिन.....मगर धर्म है। मार्क्स और लेनिन के सिद्धांत पुराने पड़ चुके हैं,.....मगर धर्म पुराना होकर भी खत्म नहीं हुआ। यह निरंतर फैल रहा है। या इसे दूसरी तरह से कह सकते हैं कि हम धर्म को अपनी महत्वकांक्षा और निजी स्वार्थ के लिए फैला रहे हैं। हम भयभीत हैं.......यहां हर कोई धर्म और ईश्वर की छतरी में खुद को सुरक्षित महसूस करता है।

धर्म कितना ही अफीम हो, मगर हम उसका स्वाद चखने में कभी कोई कोताही नहीं बरतते। धर्म को जबरदस्ती निजी मामला बताकर अपनी धर्मांधता दूसरों पर थोपना चाहते हैं। हमें सत्य के समक्ष नतमस्तक होने में परेशानी हो सकती है, मगर धर्म के नहीं। बेशक, सदी और समय बदल रहे हैं, मगर धर्म नहीं। धर्म की प्रवृति नहीं। धर्म की मान्यताएं-स्थापनाएं नहीं। धर्म को हमने अफीम के सहारे लड़ने-मरने का हथियार बना लिया है। धर्म के बीच गहरी मगर घातक बहस चल पड़ी है कि उसका धर्म मेरे धर्म से श्रेष्ठ कैसे?

कार्ल मार्क्स ने धर्म को ह्लजनता की अफीमह्व बतलाते हुएकहा कि यह सामाजिक नियंत्रण और शांति के लिए एक उपकरण के रूप में कार्य करता है।यह उत्तेजक बयान समाज में धर्म की भूमिका और व्यक्तियों और समुदायों पर इसके प्रभाव पर सवाल उठाता है।

इसके मूल में, मार्क्स का दावा यह दशार्ता है कि धर्म सामाजिक नियंत्रण के एक तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो बाद के जीवन में इनाम का वादा करके उत्पीड़न और शोषण के दर्द को कम करता है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, धर्म जनता के बीच आज्ञाकारिता को प्रोत्साहित करके



शासक वर्ग के हितों की सेवा करता है। दरअसल, पूरे इतिहास में, धार्मिक संस्थाएं अक्सर राजनीतिक शक्ति के साथ जुड़ी हुई हैं, जो कानूनों, रीति-रिवाजों और सामाजिक मानदंडों पर प्रभाव डालती हैं।

हालाँकि, धर्म को केवल उत्पीड़न के एक उपकरण तक सीमित करना मानवीय अनुभव में इसकी जटिलता और महत्व को अधिक सरल बनाना है। हालांकि यह सच है कि धर्म का उपयोग पदानुक्रमित संरचनाओं को उचित ठहराने और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया है, यह व्यक्तियों को अर्थ, उद्देश्य और समुदाय की भावना भी प्रदान करता है। कई लोगों के लिए, धार्मिक मान्यताएँ कठिनाई के समय में सांत्वना, नैतिक निर्णय लेने में मार्गदर्शन और दुनिया को समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती हैं।

इसके अलावा, धर्म ने करुणा, दान और सामाजिक न्याय के अनगिनत कार्यों को प्रेरित किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन और दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद विरोधी संघर्ष जैसे आंदोलन गहराई से समानता, गरिमा और एकजुटता के धार्मिक मूल्यों में निहित थे। धार्मिक समुदाय अक्सर करुणा और सेवा के सिद्धांतों को अपनाते हुए गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों में सबसे आगे रहे हैं।

जहाँ तक भारत का प्रश्न है, यहाँ अनेक धर्म हैं। नाना प्रकार की परम्पराएं- प्रथाएं हैं। विचित्रताओं, विशिष्टताओं और विभिन्नताओं के वावजूद सम्पूर्ण समाज, साहित्य, सभ्यता, संस्कृति और राजनीति एक-दूसरे से प्रभावित है। विविधता में एकता भारतीय लोकाचार का सौंदर्य और विशिष्टता है। एकात्मता का भाव था, है और रहेगा जिसे अपने तुच्छ राजनैतिक लाभ के लिए तोड़ने की कोशिशें हो रही है जबकि राजनैतिक विचारक डा. राम मनोहर लोहिया की दृष्टि में ह्यधर्म, दीर्घधालीन राजनीति है, और राजनीति अल्पकालीन धर्म है। धर्म का काम है, अच्छाई करें और उसकी स्तुति करें। राजनीति का काम है बुराई से लड़े और उसकी निन्दा करें। धर्म और राजनीति मयार्दा निभाते हुए परस्पर सहयोग करें। शायद इससे बढ़िया धर्म और राजनीति की परिभाषा होना मुश्किल है।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने एकाधिक बार कहा था, मेरे लिए धर्म से अलग कोई राजनीति नहीं है। मेरा धर्म सा्वभौम और सहनशील धर्म है, अंधविश्वासों और ढकोसलों का धर्म नहीं। नैतिकता से बिलग राजनीति को त्याग देना चाहिए।ह्व स्पष्ट है कि गांधी, लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। आश्चर्य है कि उनके नाम का इस्तेमाल कर सत्ता-सुख भोगने वाले बेशक स्वयं इसे बहुत पहले त्याग चुके हैं पर दूसरों पर हमला करने के लिए राजनीति और धर्म, राष्ट्रधर्म जैसे शब्दों का दुरुपयोग कर रहे है।

भारत में राजनीति और धर्म दोनों जैसे विरोधी रहे हैं। यह एक दूसरे की तरफ पीठ किए हुए हैं। यह आज की ही बात नहीं है, हजारों वर्षों से ऐसा होता आ रहा है और इसका परिणाम हमने भोगा है। हजार वर्ष की गुलामी इसका बेहद संजीदा उदाहरण है। हिंदुस्तान गुलाम हुआ, क्योंकि हिंदुस्तान के धार्मिक लोगों के मन में ऐसा नहीं लगा कि उल्हें कुछ करना चाहिए। धार्मिक लोग कहते रहे कि राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं है। आश्चर्य कि वे नहीं समझ पाए कि राजनीति के धर्मनिरपेक्ष होने का क्या अर्थ है? वे नहीं समझे कि जीवन में जो भी महत्त्वपूर्ण है, श्रेष्ठ है, राजनीति को उससे प्रयोजन होना चाहिए।

मार्क्स के विचारों के आलोचकों का तर्क है कि यह धर्म के वास्तविक आध्यात्मिक अनुभवों और परिवर्तनकारी क्षमता की उपेक्षा करता है। कई व्यक्तियों के लिए, धार्मिक आस्था स्वयं से भी बड़ी किसी चीज से जुड़ाव की गहरी भावना प्रदान करती है, चाहे वह कोई दिव्य प्राणी हो, ब्रह्मांड हो, या संपूर्ण मानवता हो। अनुष्ठानों, प्रार्थना, ध्यान और अन्य प्रथाओं के माध्यम से, लोग आंतरिक शांति, ज्ञान और आत्मज्ञान विकसित करना चाहते हैं।

दुनिया भर में धार्मिक परंपराओं की विविधता मानव आध्यात्मिकता की समृद्धि और जटिलता को उजागर करती है। ईसाई धर्म और इस्लाम से लेकर बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म तक, प्रत्येक धर्म अपने अनुयायियों को एक अद्वितीय विश्वदृष्टि, नैतिक शिक्षा और अनुष्ठान प्रदान करता है। हालाँकि ये परंपराएँ अपनी मान्यताओं और प्रथाओं में भिन्न हो सकती हैं, लेकिन वे अस्तित्व के रहस्यों को समझने और साहस और लचीलेपन के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने की एक समान आकांक्षा साझा करते हैं।

मक्सिम गोर्की ने कहा था ईश्वर खोजे नहीं जाते, उनका निर्माण किया जाता है। हम ईश्वर को इसलिए खोजने जाते हैं, ताकि हमारा उद्धार हो सके। हम धर्म से चिपके रहते हैं, ताकि संकट से बचे रहें। विडम्बना है कि हम 21वीं सदी में भी धर्म और ईश्वर की खोज में व्यस्त हैं। धर्म बचा रहे इसलिए उसे बाजार से जोड़ रहे हैं।

प्रश्नउठता है कि क्या धर्म जनता के लिए अफीम है, किसी के दृष्टिकोण और व्याख्या पर निर्भर करता है।जबकि धर्म का उपयोग निस्संदेह उत्पीड़न और शोषण को उचित ठहराने के लिए किया गया है, यह दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए भी गहरा महत्व रखता है।धर्म को महज भ्रम या ध्यान भटकाने वाला कहकर खारिज करने के बजाय, हमें इसकी शिक्षाओं, प्रथाओं और मूल्यों के साथ आलोचनात्मक और चिंतनशील तरीके से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। गहन सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही दुनिया में, धर्म प्रेरणा और लचीलेपन के स्रोत के रूप में काम कर सकता है, जो व्यक्तियों और समुदायों को अधिक न्यायपूर्ण, दयालु और टिकाऊ भविष्य के लिए काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है।मानव अस्तित्व के आध्यात्मिक आयामों को अपनाकर और धार्मिक सीमाओं के पार संवाद को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए अधिक शांतिपूर्ण और समावेशी दुनिया बनाने के लिए धर्म की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

हमारे दिमागों में बेहद गहराई से यह भर दिया गया है कि खबरदार जो धर्म और ईश्वर से अलग हुए तो अनर्थ हो जाएगा। अनर्थ कहने-बताने वाले खूब जमकर अर्थ बटोर रहे हैं। धर्म के झंडाबदार ऐयास्सी की जिंदगी जी रहे हैं..... हमारा-आपका भविष्य बांच रहे हैं। धर्म और ईश्वर उनके गुलाम हैं। उन्हें जब, जैसे, जहां, चाहें चलाएं। जनता में उनके लिए पागलपन तक की जूनून है। भक्त उनके सानिध्य में अपना सुखद भविष्य तलाश रही है......शांति खोज रही है।

मार्क्स और लेनिन की धर्म पर दी गई स्थापनाएं अब किताबी या शाब्दिक क्रांतिकारिता से अधिक कुछ नहीं लगतीं। ऐसा इसलिए है क्योंकि धर्म और ईश्वर के प्रति हमारी अंध-आस्था ने हर प्रगतिशील विचारधारा को ध्वस्त कर दिया है। धर्म इसलिए सफल हो सका क्योंकि हमने कूपमंडूकता से बाहर निकलने की कभी कोशिश ही नहीं की। जहां डर होगा........ वहां निश्चित ही ईश्वर विराजमान, तय है।

हम मानकर चलें अब धर्म पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गया है। यह सहिष्णुता की हदों को पार कर चुका है। यहां भूख का भी धर्म है.......इज्जत-आबरू का भी धर्म है......बाजार का भी धर्म है। आतंकवाद का भी धर्म है। जाति का भी धर्म है। विचार और सोच का भी धर्म है। आज धर्म मार्क्स की अफीम से कहीं ज्यादा खतरनाक है। अब धर्म को राजनीति और अलगाववाद पाल रहे हैं। हम यह क्यूँ नहीं स्वीकार कर पा रहे हैं कि अलगाववाद धर्म के रास्ते ही हमारे बीच आया है।

हमने अब खुद पर भरोसा करना बंद कर दिया है क्योंकि हमारे डर के लिए धर्म और ईश्वर मौजूद हैं। धर्म और ईश्वर की वहशियत में मर जाना मंजूर है, लेकिन उसे त्यागना नहीं। अब यह हमें निरंतर मार और परेशान कर रहा है। गजब है कि हम न धर्म को छोड़ना चाहते हैं न ईश्वर को। शब्दों का हेर फेर करके शराब के टेस्ट में थोड़ा स्वाद का फर्क दिखता है। किसी शराब में कम नशा होता है, किसी में ज्यादा, किसी शराब को पीने से देर से नशा आता है और किसी से जल्दी नशा। लेकिन यह शराब के कारण नहीं, अपितु पिलाने वाली साकी के कारण होता है।

## युद्ध नही बुद्ध चाहिए : निर्मला देशपांडे



**निमिषा सिंह**

सन 1947, लंबे संघर्ष के बाद ब्रिटिश हुकूमत का खात्मा हुआ। भारतियों को आजादी हासिल हुई। अंग्रेज तो चले गए पर पीछे छोड़ गए एक ऐसा भारतीय समाज जो रूढ़िवादिता,अशिक्षा, गरीबी, जाति व्यवस्था के संकट से जूझ रहा था और जिससे निजाद पाने के लिए अभी एक और लंबी लड़ाई लड़नी थी। उस दौर मे कई चिंतक और बुद्धिवादी लोग न्याय और समता आधारित समाज के निर्माण के लिए सतत संघर्ष कर रहे थे। इन्ही लोगों मे से एक थी गांधी विचारक और बिनोवा भावे की मानस पुत्री डॉक्टर निर्मला देशपांडे। दीदी के नाम से विख्यात निर्मला देशपांडे गांधीवादी विचारधारा एवं आदर्शो की कट्टर समर्थक होने के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भी थी।

19 अक्टूबर 1929 को नागपुर मे विमला और पुरुषोतम यशवंत देशपांडे के घर जन्मी निर्मला जी का बचपन साहित्यिक परिवेश मे बीता। पिता साहित्य अकादमी पुरुस्कार से सम्मानित मराठी साहित्य के जाने माने साहित्यकार थे। निर्मला देशपांडे नागपुर से ही राजनीति विज्ञान मे एम ए के पढ़ाई के बाद वहीं के मारीस कॉलेज मे प्रोफेसर बन गई। दलितों, वंचितों और उत्पीड़ितों के साथ हो रहे भेदभाव से दीदी अक्सर व्याकुल हो जाती और अंततः एक दिन सुख सुविधाओं को त्याग कर आजीवन अविवाहित रहने के संकल्प के साथ वह बिनोवा भावे के पवनार आश्रम मे आ गई।1952 मे दीदी बिनोवा भावे के भूमिदान आंदोलन से जुड़ी और तकरीबन 40 हजार किलोमिटर की पैदल यात्रा मे शामिल हुई। इस यात्रा मे भूमिहीनों की दुर्दशा ने निर्मला जी को व्यस्थागत उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष के लिए प्रेरित किया। भूमिदान आंदोलन के तहत गांधी जी के विचारों मे विश्वास रखने वाले लोगों द्वारा दान की गई लाखों एकड़ जमीन भूमिहीनों और गरीबों मे वितरित की गई।

महात्मा गांधी द्वारा अस्पृस्यता उन्मूलन के लिए 1932 मे स्थापित हरिजन सेवक संघ से दीदी बतौर अध्यक्ष जुड़ी और लंबे समय तक उन्होने वहाँ अपनी सेवा दी। बिनोवा भावे ने अपने गुरु महात्मा गांधी के विचारों के प्रचार और प्रसार के लिए शांति सेना का गठन किया जिसकी कमांडर निर्मला जी को नियुक्त किया गया।बेबाक बोलने वाली और माओवादियों को अपना दोस्त बताने वाली निर्मला देशपांडे एक समर्पित गांधीवादी थी ,शायद इसीलिए उनके लिए नक्सलियों को समझना और उनके प्रति सहानुभूति रखना मुश्किल नही था। यह जानते हुए भी कि नक्सलियों के विरोध का तरीका गांधी विचारधारा से परे था बावजूद इसके निर्मला जी ने नक्सलियों पर बल प्रयोग का विरोध किया।

प्रसिद्ध गांधीवादी डॉक्टर एस एन सुब्बा राव के शब्दों मे ....निर्मला देशपांडे का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होने अपने विचारों एवं कार्यों से गांधी और बिनोवा को जोड़ने का कार्य किया। गांधी विचार के मूल तत्व संवाद को इनहोने गोली नही बोली चाहिए का रूप देकर विपरीत माहौल मे भी शांति सद्भाव कायम किया।

समय समय पर उत्पीड़ितों अल्पसंख्यकों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए कई सामाजिक कार्यकताओं द्वारा प्रयास जारी रहा पर निर्मला देशपांडे एक ऐसी कार्यकर्ता थी जिनहोने अपना सम्पूर्ण जीवन आदिवासियों, उत्पीड़ितों ,महिला ससक्तिकरण और सांप्रदायिक सोहाद्र के लिए समर्पित कर दिया।

1984 मे विभिन्न गांधीवादी संस्थानो और कार्यकताओं को साथ जोड़कर बिनोवा भावे के मार्गदर्शन मे दीदी ने अखिल भारत रचनात्मक समाज की स्थापना की जिसका मूल उद्येश्य सामाजिक एवं सांप्रदायिक शांति और भाईचारे और एकता को बढ़ावा देना था। अखिल भारतीय रचनात्मक समाज दीदी द्वारा शुरू किया गया एक वैचारिक आंदोलन है। साथ ही नित्य नूतन पत्रिका के प्रकाशन की भी शुरूआत हुई जो वैश्विक शांति और न्याय के अहिंसक विचारों को फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉक्टर निर्मला देशपांडे, एक चेहरा जो अंतर्राष्ट्रीय मामलों मे अपनी कूटनीति के लिए जाना जाता था। 1994 मे कश्मीर मे शांति मिशन और 1996 मे भारत पाकिस्तान वार्ता आयोजित कराने मे निर्मला जी की अहम भूमिका रही। पंजाब और कश्मीर मे हिंसा की चरम स्थिति मे शांति मार्च के लिए निकल जाने वाली निर्मला जी ने चीनी दमन के खिलाफ तिब्बत मे मुक्ति साधना का समर्थन कर तिब्बतियों के लिए भी अपनी आवाज बुलंद की।

गांधी ग्लोबल फॅमिली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद्मश्री एस पी वर्मा जी ने दीदी से जुड़े एक संस्मरण साझा करते हुए कहा कि 1990 मे आतंकवाद के दौर मे दीदी जम्मू कश्मीर पहुंची ,एक लाख लोगों को राशन बांटकर पीड़ितों की मदद की। कितने ही काम उन्होने बिना रुपये के शुरू किया।

राजनीति मे 1997 से 2007 तक निर्मला जी ने बतौर राज्य सभा सदस्या अपनी सेवा दी। सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ ही निर्मला जी एक प्रबुद्ध लेखिका भी थी। उनके द्वारा रचित बिनोवा भावे की जीवनी ,साहित्य को निर्मला जी द्वारा दी गई अमूल्य देन है। भूदान यात्रा के दौरान विनोवा भावे के प्रवचनों को लिपिबद्ध कर 40 खंडों में उन्होंने भूदान गंगा की रचना की। 2006 मे उन्हे राजीव गांधी सद्भावना पुरुष्कार और पदम विभूषण से सम्मानित किया गया। 2007 मे निर्मला जी को राष्ट्रपति पद के लिए नामित भी किया गया था।

निर्मला देशपांडे एकलौती ऐसी शक्सियत थी जिन्हे भारत और पाकिस्तान दोनों देशों मे प्यार और सम्मान मिला। 2009 मे पाकिस्तान सरकार द्वारा आजादी की पूर्व संध्या पर उन्हे पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सितारा ए इम्तियाज से नवाजा गया। इंडिया पाकिस्तान सोल्जर इनिसिएटिव फॉर पीस जिसकी स्थापना स्वयं निर्मला जी ने की थी के रिटायर्ड मेजर जनरल एम ए नाईक अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए निर्मला जी के प्रयासों को याद करते हुए कहते है कि युद्ध मे बड़ी तकलीफ होती है। दीदी निर्मला जी ने सही सोचा की क्यों न प्रशिक्षित सैनिक व युद्धरत सैनिक ही शांति की बात सोंचे। दीदी की प्रेरणा से हमने पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों और उनके बच्चों से बातचीत की और वहाँ भी हमे अमन की चाहत ही देखने को मिली।

## अधिकारियों ने किया बूथों का निरीक्षण




**गावां :** गावां प्रखंड के अंतर्गत आगामी लोकसभा को मध्य नजर रखते हुए गांवा बीडीओ महेंद्र रविदास ,सीओ अविनाश रंजन व थाना प्रभारी महेश चंद्र ने मंगलवार को गावां थाना अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियादाह उत्क्रमित मध्य विद्यालय किशनपुर ,उच्च विद्यालय पीहरा, आदि कई विद्यालयो का निरीक्षण किया । लोकसभा चुनाव के दौरान देखते हुए सभी शिक्षक कर्मियों को एवं आंगनबाड़ी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि सभी बूथों का साफ सफाई एवं पंखा बिजली शौचालय आदि की व्यवस्था नियमित रूप से हो सके, जिसमें किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

मौके पर उपस्थित उपस्थित पारा शिक्षक संघ अध्यक्ष अनिल यादव, रविंद्र वर्णवाल,और सभी सरकारी शिक्षक अपने अपने विद्यालय में उपस्थित पाए गए।.

# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

### मतदाताओं ने इस बार दिन भर मतदान, अबकी बार 80 प्रतिशत पार के नारे लगाए और मतदान करने के संकल्प लिए

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह :** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जमुआ प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। तथा इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मेले में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सभी छात्राओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

द्धकम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप एक्टिविटी के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

स्वीप गतिविधि के जिले के सभी लो परसेंटेज वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। साथ ही साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण भी किया जा रहा है।

मतदाता मार्गदर्शिका स्लिप में मतदान के महत्व, मतदान की तिथि, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी आदि संबंधित सूचना हैं। जिसे आमजनों के बीच वितरण किया गया। स्वीप की टीम द्वारा सभी मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई तथा मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।.

## एक-नजर

### गावां पंचायत में सप्लाई पानी नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं ने पीएचईडी विभाग का किया विरोध प्रदर्शन



**गावां :** गांवा प्रखंड अंतर्गत गांवा में इन दिनों गर्मी के मौसम में लगातार कई महीनो से पीएचडी विभाग की मनमानी से सप्लाई वाटर का पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है ,वही ग्राम पंचायत के अंतर्गत गांवा थाना मोड़ के पास सभी ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग में जाकर शिकायत किया एवं विभाग की मनमानी को लेकर घेराव भी किया। जिसमें इस गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने का पानी का परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं कई लोग नदी से पानी लाकर खाना बनाने का उपयोग करते हैं। यहां के ग्रामीणों का आरोप है की मोटर सप्लाई द्वारा जो पानी आता है मात्र 2 मिनट पानी आता है वह भी गंदा पानी आता है उसके बाद फिर पानी नहीं आता है, यहां के स्थानीय जिला परिषद पवन चौधरी ने जे ई से दूरभाष पर संपर्क की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इसके विषय में मालूम नहीं था ।ना ही मुझे कोई जानकारी दी गई थी बहुत जल्द ही मोटर को ठीक कराया जाएगा और आप लोगों को समस्या हल किया जायगा।मौके पर उपस्थित जिला परिषद पवन चौधरी , गांवा वार्ड सदस्य संख्या भाग 11 रेशमा परवीन,सतीश कुमार, पिंटू कुमार, मुकेश कुमार , मोनू कुमार बरनवाल, संदीप कुमार वर्णवाल,सतीश राणा ,पिंटू कुमार ,गौतम कुमार, राजेश कुमार, संजय चौधरी, सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गिरिडीह संकुल का एकदिवसीय बैठक संपन्न

**गिरिडीह :** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को गिरिडीह संकुल का एकदिवसीय बैठक संपन्न हुआ। बैठक का उद्घाटन विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा,प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं रामरतन महर्षि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।बरगंडा संकुल के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य- दीदी ने बैठक में भाग लिया।

मौके पर ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों के विकास के लिए अहम क?ी है।बैठक में बच्चों के शैक्षणिक विकास, सामाजिक विकास,सांस्कृतिक विकास आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया और संकुल के विषय प्रमुख तय किए गए।

रामरतन महर्षि ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपने-अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में आचार्य दीदी एक सर्वोत्तम माध्यम है।हम उत्सवधर्मी लोग हैं।इन्हीं उत्सवों की कड़ी में आगामी लोकसभा चुनाव भी एक उत्सव के रूप में हमारे सामने है। हम छोटी-छोटी बैठक कर लोगों को मतदान करने के महत्व को बता सकते हैं।अपने कर्म को ईमानदारी से करना ही असली धर्म है।वर्तमान समय में हमारे लिए भी एक ऐसा कर्म है जिसमें हमें फिर से राष्ट्रवादी विचारधारा वाले दल का समर्थन करना है और यह तभी संभव है जब हम स्वयं मतदान कर औरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में प्रधानाचार्य जीतन पंडित, विनोद पांडेय,प्रमोद कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेंद्र लाल बरनवाल एवं विभिन्न विद्यालय के आचार्य-दीदी उपस्थित हुए।

### एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह

**गिरिडीह** = – गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह।गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया।इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं7 मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन प्रसाद वर्मा ,गांडेय विधानसभा संयोजक अरूण हाजरा ,मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह ,यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजू मंडल ,मंडल उपाध्यक्ष सुरेंदर लोहनी,मुखिया प्रतिनिधि देबू वर्मा,सत्यनारायण यादव विनोद यादव बलराम गोस्वामी प्रदीप पांडे डालो मियां,नरेश वर्मा किशोरी वर्मा,लोकनाथ वर्मा भूषण वर्मा रिंकू वर्मा देवेंद्र वर्मा विनोद वर्मा सहित अन्य ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।वही ग्राम परमाडीह ,पंचायत गजकुंडा,जोगनियाटांड में स्थानीय कार्यकर्ता साथियों के साथ राम जानकी मंदिर में दर्शन किया।साथ ही साथ ग्राम मारगोमुंडा ,पंचायत गजकुंडा शशि सिंह ,मिथिलेश सिंह, नरेश सिंह ,छेदी महतो ,प्रकाश यादव, सिवलाल यादव,पंचायत गजकुंडा ,ग्राम महदूडीह हाड़ी चौबे के आवास पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात किया।और ग्राम बरियारपुर,पंचायत बांकीकला जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

### प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों का सत्र 2023- 24 का परीक्षा फल प्रकाशित किया

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय चपुआडीह में प्रधानाध्यापक डॉ मो. जफरूल हक द्वारा कक्षा एक से सात के बच्चों का सत्र 2023-24 का परीक्षा फल प्रकाशित किया साथ ही अंक पत्र वितरण किया, इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुखिया चपुआडीह मोहम्मद शमी, एंटोनी मुर्मू ,सेसिलिया मुर्मू ,राज किशोर पंडित सुनील टुडू ?सुनील हेमबरोम ,कविता देवी? सुजीत कुमार इत्यादि शिक्षक उपस्थित साथ ही गर्मी के चलते विद्यालय विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक अगले आदेश तक बंद करने का सूचना बच्चों को दिया।

### श्री विनायक हॉस्पिटल का छोटकी खरगडीहा में शुभारंभ, ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर उपचार

**जमुआ :** छोटकी खरगडीहा - नवडीहा मुख्या मार्ग स्थित छोटी खरगडीहा नियर हीरो शोरूम के निकट श्री विनायक हॉस्पिटल का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। श्री विनायक हॉस्पिटल का मंगलवार को पंडित कन्हैयालाल शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर विधिवत रूप से पूजा किया गया उसके बाद तत्पश्चात कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉक्टर मंजू कुमारी, भाजपा नेता मनीष वर्मा, छोटकी खरगडीहा स्थानीय मुखिया, शिक्षक उमाशंकर राम, भाजपा नेता महेंद्र वर्मा समाजसेवी शैलेश सिंह इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में श्री विनायक हॉस्पिटल का शुभारंभ को लेकर जनप्रतिनिधियों ने संचालक का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामना दिया वहीं संचालक ने कहा कि अस्पताल में अति आधुनिक के उपकरण जनरल बेड एवं आईसीयू सुविधा उपलब्ध है। वहीं अस्पताल में हर तरह के रोग के लिए अलग विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जाएगा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्प झा ,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष शेखर झा एमबीबीएस अजय कुमार सिंह हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरीश ठाकुर , स्त्रह् रणविजय राणा एवं डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा उपचार किया जाएगा वहीं हॉस्पिटल के संचालक सत्यजीत कुमार एवं चंदन सिंह ने संयुक्त रूप से कहा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर उपचार हेतु हमारी पहली प्राथमिकता होगी लोगों को काम धारों पर बेहतर उपचार दिया जाएगा।

## पचंबा उच्च विद्यालय में फ्यूचर वोटर्स के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**गिरिडीह :** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के पचंबा उच्च विद्यालय में फ्यूचर वोटर्स के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी फ्यूचर वोटर्स को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चियों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा में मतदान तिथि 25.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई ।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार चन्द्रप्रकाश चौधरी की दुबारा जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपाईयों ने कमर कसा




**डुमरी–** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार चन्द्रप्रकाश चौधरी की दुबारा जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपाईयों ने कमर कस लिया है और जीत में कोई कोर कसर नहीं रहे इसके लिए पार्टी संगठन की लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है।इसी निमित्त भाजपा डुमरी,ससारखो एवं निमियाघाट मंडल के मंडल कमिटी के कार्यकर्ताओं,शक्ति केन्द्र के प्रभारी व सह प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों की एक बैठक क्रमशः मंझलाडीह,डुमरी एवं प्रतापपुर में हुई।उपरोक्त तीनों मंडलों की बैठकों में एनडीए उम्मीदवार सीपी चौधरी उपस्थित रहे।इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए की जीत बरकरार रखने पर विचार विमर्श किया गया साथ ही उपस्थित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार दिये।सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि केन्द्र सरकार की जनहित में संचालित योजनाओं एवं सांसद के द्वारा किये गये विकास के मुद्दे पर वोट मांगेंगे।बैठक में लोकसभा संयोजक प्रकाश सेठ सह संयोजक सुरेन्द्र राज सह संयोजक भरत यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत जयसवाल,प्रदीप साहू,कामाख्या गिरी,कृष्णकांत शर्मा, जिवाधन महतो,निर्मल जायसवाल,प्रदीप मंडल,सुरेन्द्र कुमार,मौजीलाल महतो,केदार महतो आदि दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता एवं तीनों मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।.

## महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष

### बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तिसरी पुलिस को ज्ञापन सौंपा, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



**तिसरी :** तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना - कर्बला मोड के पास रहने वाली मकीना खातून नामक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद ससुराल पक्ष पर लगे दहेज हत्या आरोप के मामले में घटना के लगभग एक माह होने के बाद भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष है। इसी को लेकर बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख के नेतृत्व में मृतका की माँ सैरुन खातून, पंसस प्रतिनिधि मो. नईम,, फारुख, शाहिद आदि लोग अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर दर्जनों लोगों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन तैयार कर मंगलवार को तिसरी थाने पहुंचे।

जहां थाना प्रभारी से मिलकर उन्होंने अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक, खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सांसद, विधायक और पूर्व विधायक को भी देने की बात कही। मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख ने कहा कि इस मामले में बीते एक माह बाद भी एक भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश है। लिहाजा गिरिडीह पुलिस से अपील से कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो। वहीं इस मामले में तिसरी के थाना प्रभारी संजय नायक ने बताया कि मामले में मामले में प्राथमिकी की दर्ज की जा चुकी है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

विदित हो कि बीते 31 मार्च को तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना - कर्बला मोड के समीप रहने वाली मकीना खातून का शव संदेहास्पद अवस्था में उसके कमरे में मिला था। जिसके बाद से ससुराल वाले फरार हैं। इस मामले में मृतका की माँ सैरुन खातून ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति निसार अंसारी,ससुर अलीम मियां,सास रेबुन खातून व अन्य के विरुद्ध थाने में कांड संख्या 19/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।.

## विनोद सिंह का नामांकन आज



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** मजदूर दिवस पर भाकपा माले के बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी के रूप में 11 बजे दिन में गिरिडीह समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन, गांडेय विधानसभा से उपचुनाव लड़ रही इंडिया प्रत्याशी श्रीमती कल्पना सोरेन सहित गठबंधन के सहयोगी सभी दलों के कई प्रमुख नेता भी नामांकन कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।

भाकपा माले ने अपने तमाम कार्यकर्ताओं, समर्थकों तथा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं सहित इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील जारी की है।

## जिले के 23 विद्यालय बनेंगे सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

**गिरिडीह :** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस अभियान के दूसरे चरण में गिरिडीह जिले के 23 सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में चयन की गयी है। पहले चरण 2022-23 में गिरिडीह जिले के चार स्कूलों सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय गिरिडीह, हाई स्कूल पचंबा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिरिडीह और मॉडल स्कूल डुमरी को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में तब्दील किया जा चुका है।

वही झारखंड सरकार के द्वारा दूसरे चरण में गिरिडीह जिले के 23 स्कूलों की सूची जारी कर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। चयनित स्कूलों में स्मार्ट क्लाससे, निर्बाध बिजली आपूर्ति,पेयजल, जैसी अन्य सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। स्कूलों का विकास निजी स्कूलों के मॉडल पर करने की तैयारी की जा रही है। गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निजी स्कूलों की तरह मिल सके।प्रत्येक स्कूल में अलग-अलग लाइब्रेरी, लैब और एसटीईएम लैब की स्थापना की जाएगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. वसीम अहमद ने कहा कि %हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार है और झारखण्ड सरकार राज्य की संपूर्ण शिक्षा प्रणाली को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य हर बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधा प्रदान करना है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में नाम निर्देशन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रेस प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक




**गिरिडीह अमित सहाय :** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव का नाम निर्देशन दिनांक 26.04.24 से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में नाम निर्देशन के संबंध में सभी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक जानकारी साझा करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और समन्वय से निर्वाचन संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसमें आप सभी की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में मीडिया की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण होती है और जिला प्रशासन को अपलोगो का सहयोग मिलता आया है। इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नाम निर्देशन को लेकर की गई तैयारियों/सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी प्रेस के बंधुओं को उपलब्ध कराया। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत जिला के अन्य अधिकारी/कर्मी उपस्थित।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कोषांग ने बोरियो में सीडीपीओ, बीएलओ, सुपरवाइजर, मतदाता मित्र, बूथ आइकॉन के साथ की बैठक

- जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियो एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरहेट रहे उपस्थित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः लोकसभा चुनाव 2024 में सफल मतदान को लेकर बोरियो प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक की गई। जहां मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य बोरियो तथा बरहेट प्रखण्ड के 50% से कम एवं 50% से 60% मतदान वाले मतदान केदो के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के बीच समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।।

### जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया कार्य योजना पर विचार विमर्श

उधर प्रखंड सभागार बोरियो में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी किनअध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 50% से 60% मतदान वाले मतदान केदो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं उपस्थित बूथ स्तर के विभिन्न विभागों के कर्मियों को निर्देश देते हुए बताया कि घर घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। इसके लिए यह आवश्यक होगा कि घर की महिला मतदाता अपने अपने घर के अन्य मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि आगामी 1 जून को होने वाले आम चुनाव में सभी लोग सक्रिय रूप से भाग ले। इसी क्रम में बैठक के प्रारंभ में 50% से कम वाले मतदान केंद्रों में बूथ एंबेसडर के माध्यम से सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए जाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इस विषय पर निर्देश देते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि हर हाल में घर घर जाकर सर्वे कार्य पूर्ण कराकर आगामी चुनाव की तिथि पर शत प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य पूर्ण करना है। उधर बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियों ने बताया कि मतदाताओं को मतदान की तिथि में मतदान केंद्रों तक लाने की जिम्मेदारी हम सभी की है और मतदान केंद्रों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे किसी भी मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने में और असुविधा न हो। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहेट ने बताया कि सभी लोग टीम वर्क के रूप में काम करें आपस में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने से शत प्रतिशत मतदान की लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है इसलिए यह आवश्यक है कि मतदान कार्य में लगे बूथ स्तर के कर्मी अपने कार्यों के प्रति संवेदनशील होकर मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं को भाग लेने हेतु प्रेरित करें।

वही उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में बोरियो प्रखण्ड के जिन 4 बूथो में 50% से कम मतदान हुए हैं साथ ही 45 बूथों में 50 से 60% मतदान हुआ था उन बूथ पर बीएलओ, मतदाता आइकॉन, टीम बनाकर, बूथों एवं मतदाताओं को हो रहे असुविधा के विषय में जानकारी लेकर उनका निराकरण करेंगे

# शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं के बीच किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने चौक बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में मारवाड़ी महिला मंच, मारवाड़ी युवा मंच को मतदान के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार चुनाव में सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, पंखा, शौचालय, रैंप, पेयजल, पंडाल की व्यवस्था को सुनिश्चित की गई है जिससे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। वही

उपायुक्त ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि जिले में मतदान 1 जून, 2024 दिन शनिवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा जिसमें आप सभी अपने मतों का प्रयोग निश्चित रूप से करें जिससे साहिबगंज जिला में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। वही उपायुक्त ने वार्ड में रहने वाले प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं इसकी जानकारी बीएलओ से ली गई। वही मतदाताओं को यह जानकारी दी गई की बीएलओ मतदाता पर्ची घर घर पहुंचाएगा जहां मतदाता पर्ची नहीं होने पर निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित 12 अन्य वैकल्पिक परिचय पत्र में किसी एक को दिखाकर वोट दे सकते हैं। उधर मतदाताओं ने उपायुक्त के समक्ष मतदान प्रतिशत को कम होने का कारण साझा किया जिसपर उपायुक्त ने सभी सवालों का जवाब क्रमबद्ध रूप से दिए। उधर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग डॉ. सुमन गुप्ता ने बताया कि जिले में कुल 117 बूथ वैसे हैं जहां पिछले चुनाव में 50 से 60 प्रतिशत मतदान हुए हैं इन्हें 80% से अधिक मतदान करने के लिए हम कार्यरत हैं। जिसमे से हमारे आसपास दो बूथ राजस्थान इंटर कॉलेज एवं पोस्ट ऑफिस साहेबगंज है जिनमें 60% तक ही मतदान सीमित रह गई। वही उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। उधर कार्यक्रम मे सभी मतदाताओं को उपायुक्त ने मतदाता शपथ भी दिलाई।

### शारदा सुमन करेंगे फर्स्ट टाइम वोट

इस लोकसभा चुनाव में प्रथम बार वोट करेंगे 18 वर्षीय शारदा सुमन, इस दौरान शारदा सुमन ने अपनी प्रशंसा को जाहिर करते हुए कहा कि मेरा वोट मेरा अधिकार है, मतदान करने के लिए मैं कर्तव्य बद्ध हूं। मैं इस बार मतदान कर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे। वही मतदाताओं के बीच मतदाता 83 वर्षीय नंदकिशोर तंबाकूवाला ने अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैं मतदान को सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी समझता हूं और मैं लोगों से अपील करता हूं कि वह 1 जून को होने वाले लोकतंत्र के इस महापर्व में मेरे साथ आप सब भी मतदान कर अपनी भूमिका निभाएं।

### वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं को किया गया सम्मानित

उधर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के हाथों वरिष्ठ मतदाता 88 वर्षीय चंदा देवी भारतीय कॉलोनी एवं दिव्यांग मतदाता जयप्रकाश अग्रवाल तालबन्ना निवासी को सम्मान पत्र के साथ आमंत्रण पत्र को देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के सदस्य, वरिष्ठ मतदाता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## 52 पुड़िया अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति को नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने रसुलपुर दहला से किया गिरफ्तार, भेजा जेल



साहिबगंजः पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर दहला मोहल्ले में कारू दास नामक व्यक्ति के द्वारा अवैध गांजा की खरीद बिक्री की जा रही है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जहां छापेमारी दल में शामिल सदर बीडीओ सुबोध कुमार व नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को साथ लेकर रसूलपुर दहला स्थित कारू दास के दुकान पर छापेमारी की गई तो वहां से 52 पुड़िया जिसका कुल वजन 155 ग्राम के साथ अवैध गांजा को बरामद किया गया। वही इस मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी का भागलपुर रेल थाना के अलावे जिले के कई अन्य थानों में पहले से कई मामले दर्ज हैं। उधर अवैध गांजा बरामदगी मामले में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के खिलाफ केस दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी दल में सदर बीडीओ, नगर थाना प्रभारी, एसआई प्रवीण कुमार प्रभाकर, मुरली मनोहर सिंह, आरक्षी पंकज कुमार के अलावे प्रदीप कुमार सवैया मौजूद थे।

# कोटालपोखर स्थित टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर के स्टुडेंट्स ने 12 वीं की वार्षिक परीक्षा में लहराया परचम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



कोटालपोखरः- हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला में 12 वीं की वार्षिक परीक्षा में लड़कियों ने पूरे जिले में अपना नाम रौशन किया किया है। जहां रितिका भगत ने 421 अंक लाकर साइंस स्ट्रीम में +2 कोटालपोखर स्कूल से सेकंड टॉपर के साथ साथ जिला में 15 वें स्थान हासिल किया है जो आगे चल कर आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। उधर नित्या कुमारी ने 417 अंक लाकर थर्ड टॉपर बनी है जो आगे चल कर एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहती हैं। वही अर्चिता कुमारी 415 अंक लाकर फोर्थ टॉपर बनी है जो आगे चलकर एमबीबीएस डॉक्टर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। वही लाल बाबू 412 और रीना कुमारी भी 407 नंबर लाकर बेहतर परफॉर्म किया है। उधर 50 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है। वही टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर कोटालपोखर में 2019 से लगातार बच्चे विद्यालय टॉपर के साथ साथ जिला टॉपर भी रह रहे है। जहां वर्ष 2021 में जिला टॉपर में रौशनी कुमारी 451 अंक लाकर जिला में टॉपर रह चुकी। वही इसी ट्यूशन से गत 2017 में तनवीर आलम जिला टॉपर के साथ साथ पूरे झारखंड में 5 वा स्थान हासिल किए और 2017 से 2024 लगातार विद्यालय टॉपर इसी ट्यूशन से आया है। आज टॉपर का सिलसिला टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर से ही स्टार्ट हुई है। जहां आज बच्चे आगे चलकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे है और सभी बच्चे टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर से पढ़ाई की है। आज गुमानी और कोटालपोखर में यदि ट्यूशन की बात करें तो पूरे झारखंड में सबसे बेहतर ट्यूशन सेंटर टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर ही है। आप का विश्वास हमारे साथ शून्य से शिखर तक पहुंचाने की गारंटी। सभी बच्चे अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और ट्यूशन के सर एमएस हसन सर, नजरूल सर, सरीफुल सर और ट्यूशन के डॉयरेक्टर वकील सर को दिया। वही बच्चों का बेहतर भविष्य की कामना करते हैं। टैलेंट सर्च ट्यूशन परिवार सभी पेरेंट्स को अपने बच्चों को टैलेंट सर्च ट्यूशन सेंटर भेजने के लिए धन्यवाद दे रही है।

## स्वीप कोषांग के तहत बोरियो प्रखण्ड के बूथ संख्या 175 पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



साहिबगंजः मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग डॉ. सुमन गुप्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल प्रभारी स्वीप कोषांग राजेश कुमार चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में बोरियो विधानसभा अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल बूथ संख्या 175 मतदाता संपर्क अभियान चलाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में बूथ संख्या 175 के निवासी बुधन हेंब्रम का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फॉर्म 6 भराया गया ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में वह अपना मतदान का प्रयोग कर सकेंगे। वही जिला खेल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में मतदान केंद्र संख्या 175 में 63.98 प्रतिशत लोग ही अपने मताधिकार का प्रयोग किए थे जहां स्थानीय भाषा में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने से यह प्रतिशत और बढ़ जाएगी। वही मतदान को लेकर लोग काफी उत्साहित दिख रहे हैं सभी से आग्रह किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान की तिथि के दिन सारे काम छोड़कर पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस क्रम में बूथ संख्या 175 के मतदाताओं ने जिले के वरीय पदाधिकारी के समक्ष आगामी 1 जून 2024 को होने वाले मतदान की प्रक्रिया में सक्रिय होकर भाग लेने हेतु मतदान प्रतिज्ञा संकल्प लिया जहां सभी ने एकजुट होकर यह शपथ लिया कि हम सभी मिलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केंद्र जरूर जाएंगे।

## मंडरो में नए जेएमएम कार्यालय का हुआ उद्घाटन




मंडरोः प्रखंड क्षेत्र के वन क्षेत्र कार्यालय के समीप जेएमएम का प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन विधिवत नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया गया। जहां पार्टी कार्यालय का उद्घाटन जेएमएम जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सुबोध सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। उधर पार्टी कार्यालय का उद्घाटन प्रखंड क्षेत्र में पार्टी को पूर्ण रूप से सशक्त व मजबूत बनाने के लिए खोला गया है। साथ ही क्षेत्र से जुड़े आमजनों की समस्या का समाधान कार्यालय द्वारा कराया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने पार्टी कार्यकताओं को सख्त निर्देश देते हुए प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर पर कार्यकताओं को जोड़ने को कहा है, ताकि पार्टी पूर्ण रूप से मजबूत हो। वही लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव जीत का पताका लहराते हुए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाया जा सके। इस मौके पर जेएमएम जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सुबोध सोरेन, नसीम अंसारी, जेम्स किस्कू, अरूण सिंह, बबलू मिश्रा, शफिक आलम, मसूद अंसारी, मसूद अंसारी, अब्दुस सत्तार अंसारी, पटवारी सोरेन, जलेबी सिंह, लड्डू सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकालकर घर लौट रहे वृद्ध व्यक्ति से उच्चकों ने उड़ाए 20 हजार रुपए, जांच में जुटी पुलिस

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः नगर थाना क्षेत्र के बाटा रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया से 20 हजार रुपए निकालकर घर लौट रहे सेवानिवृत कर्मी से अज्ञात उच्चकों ने झोला काट 20 हजार रुपए उड़ा लिए। प्रपात जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मजहर टोला निवासी मो. नईम ( 70 वर्ष ) अपनी पत्नी और पोता के साथ बैंक ऑफ इंडिया से रुपए निकाल झोला में रख बाहर निकले। जहां थोड़ी दूर जाने पर उन्हें रास्ते में उनका एक दोस्त मिल गया जहां उसने मो. नईम को धूप अधिक होने पर छाता का इस्तेमाल करने की सलाह दी जिसके बाद मो. नईम ने जब झोला से छाता निकालने के लिए हाथ डाला तो झोला कटा हुआ पाया। उधर खोजबीन करने पर झोला में से 20 हजार रुपया गायब मिला। इधर सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। वही बैंक सहित आसपास का सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया। उधर नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है बहुत जल्द उचक्कों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या



साहिबगंजः समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। इस जनता दरबार में जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जहां उपायुक्त ने उपस्थित शकुनी देवी, निरंजन मंडल, राजीव कुमार, शिल्पी कुमारी से एक एक कर उनकी समस्याएं सुनी साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। उधर संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित थे। उधर जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।

## जनता दरबार का आयोजन कर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

- उपायुक्त ने दिए समस्याओं के जल्द समाधान करने का आश्वासन
- अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर उचित कार्रवाई करने का दिया निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



पाकुड़ः उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समास्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु अनुरोध किया। उपायुक्त महोदय ने प्राप्त समास्याओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में शिक्षा विभाग, नगर परिषद से संबंधित मामले के अलावा विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त महोदय ने सभी आवेदनों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। जिससे शिकायत के रूप में मिले आवेदन का समाधान जल्द किया जा सके।

## सीढ़ियां भी कर रहीं मतदान के प्रति जागरूक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




पाकुड़ः मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग कई देशव्यापी अभियान चला रहा है। पाकुड़ जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अपने तरीके से भी कई अभिनव व अनूठे प्रयोग कर रहे हैं। पाकुड़ में उपायुक्त कार्यालय की सीढ़ियों के हर पायदान पर लिखें मतदान जागरूकता के संदेश लोगों का ध्यान खीचने के साथ ही मतदान के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। रैलियां निकालकर भी शहरवासियों को जागरूक किया जा रहा है।

### आर्ट्स में हिरणपुर के स्निग्धा कुमारी जिले में प्राप्त की दूसरा स्थान

हिरणपुर(पाकुड़): इंटर कला में मॉडल प्लस टू विद्यालय के बच्चो ने जिले में अव्वल स्थान हासिल करने में सफलता हासिल किया है। हिरणपुर के मुनमुन सेन व दीपक चन्द्र रुज की पुत्री स्निग्धा कुमारी रूज ने 440 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताई की इस सफलता की श्रेय माता पिता सहित शिक्षकों को देना चाहेंगे। आगे चलकर आईएएस बनकर सेवा करने का अभिलाषा है वही नाजिया खातून व रियाजुद्दीन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी ने भी 440 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावे मुन्ना साहा के पुत्री हनी कुमारी ने 420 अंक हासिल कर पांचवी स्थान प्राप्त किया।

### इंटर विज्ञान में श्रेया ने जिले में हासिल किया तृतीय स्थान

हिरणपुर(पाकुड़): मॉडल प्लस टू विद्यालय हिरणपुर की छात्रा व हाथकाठी निवासी श्रेया साहा ने इंटर विज्ञान में 442 अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिससे श्रेया के पिता खुदीराम साहा, माँ चन्दना देवी सहित चाचा दीपक कुमार साहा, चाची गायत्री देवी व परिवार के अन्य सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। श्रेया बचपन से ही काफी होनहार रही है।10 वी बोर्ड परीक्षा में भी जिले में सातवां स्थान हासिल किया था।

## संवेदनशील बूथों पर पुलिसकर्मियों में किया फ्लैग मार्च व निरीक्षण




बरहरवाः- थाना पुलिस ने दल बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया।जानकारी के अनुसार मंगलवार को बरहरवा थाना एएसआई सुदामा कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई जीडी सुरजोलाल चकमा, उपनिरीक्षक व एसएसबी के जवानों के साथ संयुक्त रूप से मोगलपाड़ा, रिसौड़, मेहन्दीडांगा व अन्य संवेदनशील चुनावी बूथों का निरीक्षण किया गया। बताते चले कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र में लगातार गश्ती बढाने व जगह जगह जाँच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए है जिसके मद्देनजर संवेदनशील इलाको में लगातार फ्लैग मार्च व अभियान चलाई जा है।

## मुफस्सिल पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सकरीगली नया टोला के दो वारंटी पिता पुत्र गोपाल महलदार व बासदेव महलदार को मंगलवार के दिन गिरफ्तार करने के बाद सदर अस्पताल मेडिकल जाँच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने दी।

# केवाईसी एपः उम्मीदवार के संपत्ति से लेकर शिक्षा अपराधिक बैकग्राउंड की जानकारी बस एक क्लिक में

- चुनाव आयोग अपडेट करता है हर उम्मीदवार की विस्तृत जानकारी, नामांकन के दौरान दिया हलफनामा भी होता है अपलोड

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः जिलें में लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर तैयारियां चरम पर है। चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रहें इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग काफी सक्रियता के साथ काम कर रहा है। मतदाताओं को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से जुड़ी सभी जानकारी मिले इसके लिए आयोग ने *नो योर कैंडिडेट एप (ड्ल्लङ्क्ष ङ्म४१ उंल्लर्त्रीिंशे अस्त्रस्त्र,ड उ) को कुछ वर्ष पूर्व लांच किया था। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के माध्यम से उम्मीदवार (उंल्लर्त्रीिंशे) से जुड़ी सभी जानकारी और आपराधिक बैकग्राउंड के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। तो *लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के उम्मीदवारों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए केवाईसी एप (ड उ अढढ) को अपने स्मार्ट फोन के गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें।

### केवाईसी एप का कैसे करें इस्तेमाल

केवाईसी एप में उम्मीदवारों की डिटेल दो तरह से खोजी जा सकती है। आप चाहें तो सीधा नाम डालकर उम्मीदवार की जानकारी प्राप्त सर सकते हैं। इसके साथ ही ऐप में फिल्टर लगाकर भी उम्मीदवारों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### एप में कौन-कौन सी मिलती है जानकारी

- केवाईसी एप उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है।
- इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस एप में अपलोड किया जाता है।
- मतदाता सीधे उम्मीदवार के हल्फनामे में दी गई जानकारी को जान सकते हैं। इस एप के जरिए मतादाता प्रत्याशियों की कुल आय और संपत्ति का ब्योरा भी देख सकते हैं।
- अगर किसी उम्मीदवार का आपराधिक बैकग्राउंड होता है तो ऐप में लाल रंग के हाइलाइट बॉक्स में इसकी जानकारी मिलती है।
- एप में लोकसभा या विधानसभा चुनाव के दौरान हर सीट के उम्मीदवार की जानकारी अपलोड की जाती है।
- इसमें चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी मिलती है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह ( खबरों के

# मुख्यमंत्री धामी ने कड़े फैसलों से देश में बनाई अलग पहचान, विभिन्न राज्यों में कर रहे चुनाव प्रचार

**देहरादून,(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड में कम समय में बड़े और कड़े फैसलों से देशभर में खासी लोकप्रियता हासिल की है। खासकर देश में सबसे कठोर नकलरोधी कानून लागू करने, आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे कानून पर निर्णय लेना, लैंड जिहाद, दंगारोधी कानून आदि फैसलों से मुख्यमंत्री धामी देश में नजीर पेश कर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को इस लोकसभा चुनाव में उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक भुना रही है।

भाजपा ने मुख्यमंत्री धामी को देशभर के लिए स्टार प्रचारक बनाकर उनकी लोकप्रियता को भुनाने का निर्णय लिया है। राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां करने के बाद धामी अब देशभर में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों के प्रचार में जुट गए हैं। इसकी शुरूआत दक्षिण भारत के तेलांगना के निजामाबाद, वारंगल, हैदरबाद से कर चुके हैं। वहां मुख्यमंत्री धामी की रैलियों में उमड़ी भीड़ ने उनकी राष्ट्रीय लोकप्रियता पर मुहर लगा दी है।



मुख्यमंत्री धामी राज्य में सवा माह में 90 जनसभाएं, रोड शो, नारी शक्ति वंदन, कार्यकर्ता मिलन और प्रबुद्धजन सम्मेलन के बाद अब देश के बड़े राज्यों में ताबड़तोड़ रैली में जुट गए हैं। उत्तरप्रदेश के लखनऊ में गृहमंत्री राजनाथ सिंह की नामांकन रैली और रोड शो के अलावा लखनऊ में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने देश के बड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बरेली में पार्टी उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए सम्मेलन में प्रतिभाग कर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने देवभूमि से देश को जाने वाले संकल्प से सिद्धि तक के संदेश से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री धामी ने साफ कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प से ही भारत विश्वगुरु बनेगा।

इधर, मुख्यमंत्री धामीने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी के नामांकन रैली में प्रतिभाग किया। इसके अलावा बुधवार को दिल्ली में कई चुनावी रैलियों में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही उत्तराखंडी प्रवासियों के कार्यक्रम में शिरकत कर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। झारखंड के रांची में गुरुवार को पार्टी उम्मीदवारों संजय सेठ और समीर ओरेण के समर्थन में जनसभा व नामांकन में प्रचार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री धामी अपने काम और सरकार में लिए गए बड़े फैसलों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के युवा पसंदीदा नेताओं की सूची में भी शिखर पर हैं। ऐसे में भाजपा ने उनको देश के बड़े राज्यों में प्रचार की कमान सौंपी है।

# यात्री की जान बचाने वाली जीआरपी की कांस्टेबल उमा होंगी पुरस्कृत

**हरिद्वार, (एजेंसी)।** चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय रेलवे ट्रैक पर गिरे यात्री की जान बचाने वाली जीआरपी की महिला कांस्टेबल उमा को पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक रेलवे सरिता डोभाल ने महिला कांस्टेबल के साहस की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत किए जाने की बात कही है।



उल्लेखनीय है कि रविवार दोपहर 02 बजकर 46 मिनट पर कोलकाता से जम्मूतवी जाने वाली 13151 एक्सप्रेस ट्रेन लक्सर के प्लेटफॉर्म संख्या चार से रवाना हुई थी। ट्रेन जब प्लेटफॉर्म पर रुकी थी तब ट्रेन में यात्रा कर रहा एक यात्री खाने का सामान लेने के लिए उतरा था। ट्रेन जब चलने लगी तो यात्री दौड़कर आया और चलती ट्रेन में चढ़ने लगा लेकिन ट्रेन की गति बढ़ जाने से उसका संतुलन बिगड़ गया।

यात्री ट्रेन के पायदान से फिसलकर ट्रेन और रेलवे प्लेटफॉर्म के बीच गिर गया था। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद जीआरपी की महिला कांस्टेबल उमा की नजर यात्री पर पड़ी। उमा तुरंत उधर दौड़ी और साहस दिखाते हुए सूझबूझ से यात्री के दोनों हाथ पकड़कर उसे ऊपर खींच लिया। उमा ने साहस के साथ सूझबूझ भी दिखाई और यात्री को प्लेटफॉर्म पर खींचा, अन्यथा उसकी जान जा सकती थी।

महिला कांस्टेबल ट्रेन के गुजरने तक उस शख्स को ऐसे ही पकड़े रही। कुछ क्षणों के बाद ट्रेन के प्लेटफॉर्म से गुजरने के बाद यात्री को रेलवे ट्रैक से निकाला गया, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस अधीक्षक रेलवे सरिता डोभाल ने महिला कांस्टेबल उमा के साहस एवं बहादुरी की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत किए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला कांस्टेबल ने जिस बहादुरी के साथ ट्रेन से नीचे गिरे यात्री की जान बचाई है। वो बेमिसाल है। इसके साहसपूर्ण कार्य के लिए उसे पुरस्कार दिया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव : मतदान के लिए प्रेरित करने बाल गोपाल हॉस्पिटल दे रहा है विशेष छूट

**रायपुर , (एजेंसी)।** रायपुर के प्रतिष्ठित शिशु चिकित्सालय बाल गोपाल हॉस्पिटल रायपुर के मतदाताओं को प्रेरित करने परामर्श शुल्क व जांच में छूट की घोषणा की है। यह छूट मतदान तिथि 07 मई से 12 मई तक मतदाताओं को प्राप्त होगी। इसके लिए उन्हें अंगुली का निशान दिखाना होगा। हॉस्पिटल के फाउंडर डॉ. अशोक भट्टर ने इस आशय की घोषणा करते हुए रायपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में अवगत कराया है।




रायपुर के मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग हेतु प्रेरित करने नगर के कई बड़े अस्पताल, होटल सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारिक समूह लगातार अपनी सेवा शुल्क में छूट की घोषणा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज बाल गोपाल हॉस्पिटल ने भी मतदान तिथि 07 से लेकर 12 मई तक मतदाता के बच्चों के हेल्थ चेकअप व ओपीडी परामर्श पर 30 प्रतिशत व टेस्टिंग में 10% छूट दिए जाने की घोषणा की है। हॉस्पिटल के फाउंडर डॉ. भट्टर ने कहा कि प्रत्येक मतदाता का मतदान देश की उन्नति के लिए आवश्यक है, ऐसे में उन्होंने मतदाताओं को प्रेरित करने इस छूट की घोषणा की है।

डॉ. भट्टर ने आगे बताया कि मतदान दिवस 07 मई को ग्रीष्म ऋतु में मतदान के लिए आने वाले वोटर्स और वहां नियुक्त मतदान कर्मियों व पुलिस बल को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए बाल गोपाल अस्पताल द्वारा ओआरएस, शुद्ध ठंडा पेयजल, नींबू पानी आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ भी सहायता के लिए कटोरा तालाब क्षेत्र के बूथ पर उपस्थित रहेगा।

## अब नहीं होगी पानी की कमी , आने लगा चटोद नहर का पानी

**रायपुर ,(एजेंसी)।** खारुन नदी में तरीघाट एनीकेट से पानी आ जाने के बाद आज सोमवार को फिल्टर प्लांट एनीकट का जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया। इसके बाद पानी के तरीघाट एनीकट के गेट को बन्द करने के लिए कह दिया गया।

सिंचाई विभाग द्वारा नहर मरम्मत के नाम पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र हेतु पानी सप्लाई पिछले दिनों अचानक बन्द कर दिया गया था। इससे रायपुर शहर में जलसंकट गहराने का खतरा बन गया था। जलस्तर घटने लगा था। सबसे अधिक चिंता फिल्टर प्लांट के 150 एमएलडी प्लांट की हो गई थी। पानी की कमी के चलते प्लांट के पम्प एयर ले लेते और वह ठप पड़ जाता। तब उससे बनाने में ही कई दिन लग जाते और शहर में पानी सप्लाई नहीं हो पाती। स्तिथि को भांपकर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा तत्काल सक्रिय हुए और उच्च स्तर पर बातचीत की। इसके बाद धमतरी के चटोद में स्थित नहर के शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। आज सुबह फिल्टर प्लांट में जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया था। जो कि संतोषजनक है। तब निगम के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है।

# सड़क का नाम तो बदला, मगर नहीं बदली तस्वीर, श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे लाटूधाम

**गोपेश्वर, (एजेंसी)।** चमोली जिले के देवाल क्षेत्र का मुख्य मोटर मार्ग थराली-देवाल-वाण मोटर मार्ग का नाम तो बदल कर नंदा देवी राजजात मार्ग रख दिया लेकिन सड़क की हालत में सुधार नहीं हुआ। ब्रह्म ताल, भेकलताल, वेदनी, आली, रूपकुंड बगुवावासा की सैर करने पहुंच रहे पर्यटक और ग्रामीण हिचकोले खा कर लाटू धाम वाण पहुंच रहे हैं। प्रदेश सरकार एक ओर जहां मोटर सड़क को गढ्ढा मुक्त बनाने का दम भर रही है, वहीं नंदा देवी राजजात मार्ग जिसकी लंबाई 52 किलोमीटर है, पूरी सड़क का डामर उखड़ चुका है, पूरे मार्ग पर गढ्ढे ही गढ्ढे हैं। मार्ग पर यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है। मार्ग के गमलीगाड, उलंगरा, पिलखाडा, ल्वाणी, बगडीगाड, मुन्दोली,



लोहाजंग, कुलिग, बुराकोट, वाण के विभिन्न स्थानों पर सड़क बहुत खराब स्थिति में है। थराली देवाल विकास खंड की 40 हजार की आबादी के लिए यह सड़क परेशानी का सबब बन गई है।

पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरा पहाड़ी, सुरेन्द्र सिंह, हीरा गढ़वाली ने कहा कि वर्ष 2014 में हुई राजजात यात्रा के समय इस मोटर मार्ग का डामरीकरण हुआ था, जो अब पूरे मार्ग पर उखड़ता जा रहा है। विभाग पैच भरान के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च कर चुका है लेकिन सड़क की दशा में कोई सुधार नहीं हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बाद भी सड़क का सुधारीकरण और डामरीकरण नहीं हुआ है। सड़क खस्ताहाल है। सड़क की हालत को देखते हुए पर्यटक यहां आने से मुंह मोड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और रोगियों को लाने ले जाने में हो रही है।

लोक निर्माण विभाग, थराली के अधिशासी अभियन्ता दिनेश गुप्ता का कहना है कि थराली-देवाल-वाण मोटर मार्ग के नंदकेशरी से मुन्दोली के बीच 13 किलोमीटर सड़क नवीनीकरण के लिए 186 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। टेंडर किए जा रहे हैं लेकिन ठेकेदार टेंडर नहीं भर रहे हैं।

इससे सड़क सुधारीकरण नहीं हो पा रहा है। फिर से टेंडर प्रक्रिया की जाएगी।

# विद्युत दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**ऋषिकेश,(एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार द्वारा विद्युत दरों में की गई वृद्धि के विरोध में महानगर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।



मंगलवार को तहसील में आयोजित महानगर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष परावादून मोहित उनियाल व महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद राज्य में लगभग 7% की विद्युत दरों में बढ़ोतरी की है। यह राज्य के हर गरीब व मध्यम वर्गीय नागरिक पर आर्थिक बोझ बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश के नाम से जाना जाता है। जब देश के अन्य राज्यों को उत्तराखंड विद्युत आपूर्ति करने का काम करता है तो राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के लोगों पर ही अत्यधिक बिजली की दरों को बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने का काम किया जा रहा है। यह सरकार की कुनीतियों के कारण हो रहा है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा एवं मदन मोहन शर्मा ने कहा कि सरकार का यह कृत्य राज्य की जनता के साथ धोखा व छलावा है। जब राज्य की जनता ने विकास और सुशासन के नाम पर पूरे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार देने का काम किया तो राज्य सरकार ने उत्तराखंड की भोली भाली जनता को सुविधा प्रदान करने के बजाय अपने पूरे कार्यकाल में यहां की शांति प्रिय जनता को ठगने का काम किया। इसका हम सभी कांग्रेसजन विरोध करते हैं तथा आगे भी इसी प्रकार से जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल महानगर, अध्यक्ष राकेश सिंह, मदन मोहन शर्मा, बैसाख सिंह पयाल, दीप शर्मा,संगठन महामंत्री ऋषि सिंघल, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल रावत, रुकम पोखरियाल, मण्डलम अध्यक्ष कमल बनर्जी, प्रवीण गर्ग, रविंद्र भारद्वाज, राजेश शाह,पार्षद राधा रमोला, भगवान सिंह पंवार, देवेंद्र प्रजापति,कमला प्रधान, मालती, सरोज देवरानी, रेनू नेगी, सुजीत रावत, रमेश चौहान आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## असफल छात्र न हों निराश, डांटने-फटकारने से बचें अभिभावक: महावीर सिंह बिष्ट

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं व12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में असफल छात्रों को निराश नहीं होना चाहिए। असफल छात्रों के अभिभावकों से उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने आग्रह किया है कि कम नंबर से पास होने या फिर फेल होने वाले छात्रों को शर्मिंदा करने या उन्हें डांटने-फटकारने से बचे। अभिभावकों को ऐसे छात्रों का हौसला बढ़ाने की जरूरत है।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने असफल होने वाले या कम अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि बेशक असफलता निराश और दुखी करती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते या फिर आपके भीतर कोई प्रतिभा है ही नहीं। आपके भीतर भी प्रतिभा है। जरूर है। बस आपको उसे पहचानने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने माता-पिता से झूठ बोलने, परीक्षा में नकल करके पास होने या अध्यापकों से बहाने बनाने की बजाय आप जैसे हैं, वैसे ही रहने की कोशिश करें। हां, बस आप अपने भीतर छिपे टैलेंट को पहचानने का पूरा प्रयास करें। बिष्ट ने अभिभावकों और शिक्षकों से आग्रह किया कि असफल छात्र-छात्राओं को डांटने-फटकारने या उन्हें शर्मिंदा करने की बजाय यह समय उनके साथ खड़े होने का है।

माता-पिता और अध्यापकों का यह फर्ज बनता है कि वे अपने बच्चों और विद्यार्थियों का एक समान ध्यान रखें। सभी बच्चे एक जैसी प्रतिभा के नहीं होते और सभी से एक ही तरह के परिणाम की भी उम्मीद नहीं की जा सकती।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली कटौती से विधायक नाराज, अधिकारी-कर्मचारियों को लगाई फटकार

**मुंगेली, (एजेंसी)।** जिले में इन दिनों लोग लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। इससे कृषि कार्य प्रभावित तो हो ही रहा है। इस मामले को लेकर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने आज मंगलवार को बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी को जो काम करना चाहिए वो जानबूझ कर नहीं कर रहे है, सुधर जाएं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, बिजली कटौती को लेकर लोगों में अभी जिस प्रकार का असंतोष लोगों में हुआ है, उसके लिए लोकल अधिकारी-कर्मचारी को जो काम करना चाहिए वो नहीं कर रहे हैं, बहाना बना रहे हैं। जनता देख रही है। अभी आचार संहिता लागू है मैं कुछ कहना नहीं चाहता, या तो लोग सुधर जाएं और नहीं तो जनता का गुस्सा कभी भी बिजली विभाग पर फूट सकता है। ये जानबूझकर जो की जा रही है, इसे न जनता बर्दाश्त करेगी न हम बर्दाश्त करेंगे।

### अनियंत्रित ट्रक पिकअप को टक्कर मारकर सड़क पर पलटा, 11 घायल

**कांकेर, (एजेंसी)।** जिले के भानुप्रतापपुर पंहुच मार्ग पर चीजगांव मोड़ के समीप आज मंगलवार को लौह अयस्क से भरी अनियंत्रित ट्रक पिकअप वाहन को टक्कर मारकर बीच सड़क पर पलट गया। हादसे में पिकअप वाहन में सवार 11 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करमोती गांव में नेताम परिवार के विवाह आयोजन में बाराती से भरी पिकअप वाहन मंगलवार को बैजनपूरी जा रही थी, इसी दौरान लौह अयस्क से भरी एक अनियंत्रित ट्रक क्रमाक सीजी 19 बीएस 5011 पहले सडक में लहराने लगा फिर ट्रक का टायर फट गया और पिकप से टकराकर पलट गया। हादसे में पिकअप वाहन में सवार 11 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को भानुप्रतापपुर अस्पताल पहुंचाया। घायलों में कुमारी गनेश्वरी 25 वर्ष, कृष्ण नेताम उ32 वर्ष, कृष्ण निषाद 35 वर्ष, बिसन्तिन कोरेटी 45 वर्ष, पदमा कल्लो 17 वर्ष, चन्द्रकान्त 65 वर्ष, रेखा मरकाम 30 वर्ष, डाली मरकाम 12 वर्ष, हिमेश सोनवानी 12 वर्ष, सावित्री सोनवानी 35 वर्ष और गोदावरी नेताम 25 वर्ष शामिल है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक शराब के नशे में था। इस दुर्घटना के कारण करीब 01 घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंची पुलिस बल ने क्रेन एवं जेसीबी मशीन से ट्रक को किनारे हटाकर आवागमन शुरू करवाया।

### देर रात पुलिस ने आलू से भरी पिकअप में 50 लाख कैश पकड़ा

**रायपुर , (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आगामी सात मई को होना है। इसी बीच प्रदेश में लागू आचार संहिता एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान रायपुर पुलिस ने सोमवार की देर रात आलू से भरे पिकअप से 50 लाख रुपये कैश जब्त किया है। फिलहाल पुलिस मामले की सूचना इनकम टैक्स विभाग को सूचित कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक आरंग पुलिस महासमुंद तिराहे के पास सोमवार की देर रात चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने चेकिंग के दौरान आलू से भरे पिकअप को रुकवाया तो उसके अंदर कार्टून में छिपाकर रखा करीब 50 लाख रुपये बरामद हुआ मिला। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर से कैश के बारे में पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और न ही पैसे से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश कर सका। पुलिस ने 102 सीआरपीसी के तहत नकदी को जब्त कर लिया। इसके बाद इनकम टैक्स विभाग को इस कैश के बारे में सूचित कर मामले की जांच में जुटी है।

### अबूझमाड़ मुठभेड़ में महिला माओवादी सहित कुल 07 माओवादी कैडर के शव बरामद

**नारायणपुर,(एजेंसी)** ।छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला समेत सात माओवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ के बाद जवानों ने सर्च के दौरान एक एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है।

**नारायणपुर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल सोमवार को**

,नारायणपुर-कांकेर सीमावर्ती इलाके के अबुझमाड़ में डीआरजीएवं एसटीएफ जवानों की संयुक्त पार्टी नक्सल अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 30.अप्रैल सोमवार को सुबह के प्रातः छह बजे से ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।मुठभेड़ पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 02 महिला माओवादी सहित कुल 07 माओवादी कैडर के शव बरामद किये गये, जिसकी शिनाख्तगी की जा रही है।

सर्च के दौरान नक्सलियों का डेरा से पुलिस ने एक नग एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद एवं दैनिक उपयोग की सामग्री जप्त की है।खबरों के अनुसार मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की संख्या बढ़ सकती है।

### अनुसूचित जाति के महेन्द्र गिरि बने जगतगुरु, स्वामी यतीन्द्रानन्द ने फैसले का किया स्वागत

**हरिद्वार, (एजेंसी)।** श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज ने कहा कि श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े द्वारा अनुसूचित जाति से प्रयागराज में महेन्द्र आनन्द गिरि को जगतगुरु बनाने पर संत समाज इस निर्णय का स्वागत करता है। साथ ही कहा कि इससे पूर्व भी अनेक अनुसूचित जातियों के बन्धुओं को महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित किया जा चुका है। दस नाम सन्यास परंपरा जाति के आधार पर भेदभाव को नहीं मानती है।

यतीन्द्रानन्द ने कहा कि हरि का भजे सो हरी का होय। जाति के आधार पर समाज को बांटने की परंपरा सनातन परंपरा नहीं है। मुगल काल और अंग्रेजों ने हिंदू धर्म को कमजोर करने के लिए हिंदू धर्म को जातियों में विभाजित किया। अब समय आ गया है की जाति रहित समाज की स्थापना सनातन धर्म में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े ने इससे पूर्व भी लंबे समय से अपेक्षित और उपहास का पात्र बने किन्नर समाज को मान सम्मान देकर समाज में प्रतिष्ठित किया है। आज अनेक किन्नर समाज के लोग दसनामी सन्यासी हैं तथा महामंडलेश्वर जैसे वरिष्ठ पद को प्राप्त धर्म उपदेश कर रहे हैं।

### फिल्म गंगा संग रविदास का पोस्टर प्रोमो लांच, 3 मई से देख पाएंगे दर्शक

**हरिद्वार, (एजेंसी)।** सरस एंटरटेनमेंट, सत्या ऑनलाइन प्रोडक्शन और मया प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हिंदी फिल्म गंगा संग रविदास का पोस्टर प्रोमो लांच हुआ। मुख्य अतिथि रविदासाचार्य सुरेश राठौड़ और अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फिल्म का प्रोमो पोस्टर लांच किया। इस अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट के साथ-साथ फिल्म के प्रोडयूसर व अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

फिल्म के निमार्ता उत्तराखंड फिल्मों के सुपर स्टार कहे जाने वाले राजेश मालगुड़ी, पुरुषोत्तम शर्मा और राकेश धामी हैं।